धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार

09.07.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | श्रावण, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 353 | 12



तीसरी बार शादी करेंगी राखी सावंत

# वंदे भारत समेत कई ट्रेनों का किराया 25 फीसदी तक घटा

- रेल मंत्री ने सोशल मीडिया पर जारी की नयी तस्वीर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने अपने एक आदेश में कहा कि वंदे भारत और अनुभूति व विस्टाडोम बोगियों वाली ट्रेनों के एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव श्रेणी के किराये में 25 फीसदी तक छूट दी जायेगी। रियायत व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी। हालांकि, पहले से सीट बुक करा चुके पैसेंजर्स का किराया वापस नहीं होगा। आदेश के मुताबिक, किराये में रियायत परिवहन के प्रतिस्पर्धी माध्यमों के किराये पर भी निर्भर करेगी। वहीं दूसरी ओर वंदे भारत एक्सप्रेस का लुक भी बदल रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने अकाउंट पर वंदे भारत एक्सप्रेस की नयी तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में वंदे भारत एक्सप्रेस एक अलग रंग में नजर आ रही है। नयी ट्रेन भगवा और ग्रे रंग के बॉर्डर में आयेगी। जल्द ही इसकी पहली रैक रॉल आउट होने वाली है।

**क्यों घटाया जा रहा किराया :** रेल सेवाओं के अधिकतम इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने रेलवे मंडलों के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधकों को एसी सीट वाली ट्रेन के किराये में रियायत देने की शक्तियां प्रदान करने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के आदेश में कहा गया है कि रियायत मूल किराये पर अधिकतम 25 प्रतिशत तक हो सकती है। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट सरचार्ज, जीएसटी जैसे अन्य शुल्क अलग से लिये जा सकते हैं। यात्रियों की संख्या के आधार पर किसी भी श्रेणी या सभी श्रेणियों में रियायत दी जा सकती है। आदेश में यह भी कहा गया है कि पिछले 30 दिन के दौरान 50 फीसदी से कम यात्रियों वाली श्रेणियों पर विचार किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि किराये में रियायत पर फैसला करते हुए परिवहन के प्रतिस्पर्धी माध्यमों के किराये को ध्यान में रखा जायेगा। जिन ट्रेन में किसी खास श्रेणी में किराये में वृद्धि-कमी की व्यवस्था लागू होती है और यात्रियों की संख्या कम रहती है, वहां यात्रियों की संख्या बढ़ाने की कवायद के रूप में इस योजना को शुरुआती दौर में वापस लिया जा सकता है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि छुट्टियों या त्योहारों के मौसम में चलने वाली विशेष ट्रेन पर यह योजना लागू नहीं होगी।

### वंदे भारत का बदला लुक, नये अवतार में दिखेगी ट्रेन



वंदे भारत एक्सप्रेस का नया लुक सामने आ गया है। जल्द ही पटरियों पर एक अलग लुक और कलर के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस पटरियों पर दौड़ती नजर आयेगी। रेल मंत्री अश्विनी वेष्णव ने अपने सोशल अकाउंट पर वंदे भारत एक्सप्रेस की नई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में वंदे भारत एक्सप्रेस एक अलग रंग में नजर आ रही है। नयी ट्रेन भगवा और ग्रे रंग के बॉर्डर में आयेगी। जानकारी के मुताबिक, जल्द ही इसकी पहली रैक रॉल आउट होने वाली है। देश में अब तक अलग-अलग रूट्स पर 25 से अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस को सफलतापूर्वक चलाया गया है। झारखंड, बिहार, यूपी, राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गोवा समेत कई राज्यों को अब तक देश की सेमी हाइस्पीड ट्रेन वंदे भारत की सौगात मिल चुकी है। जल्द ही पटरियों पर एक अलग लुक और कलर के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस पटरियों पर दौड़ती नजर आयेगी।

### जल्द आयेगी स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि देश में जल्द ही स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी आएगी। उन्होंने बताया कि पांच घंटे से ज्यादा और 400 किमी से ज्यादा दूरी वाले स्टेशनों के लिए स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन किया जायेगा। स्लीपर कोच जुड़ने से रेलवे के रेवेन्यू में भी इजाफा होगा और पैसेंजर को कम समय में अपने स्टेशन पर पहुंचाया जायेगा। इस दौरान ट्रेन की स्पीड 130 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रहेगी।

**मनी लांड्रिंग :** भगवान और टिंकल भगत भेजे गये जेल

# दोनों ने कबूला- पंकज मिश्रा को दिये थे तीन करोड़ रुपये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध खनन केस गिरफ्तार पंकज मिश्रा के फंड मैनेजर भगवान भगत एवं उसके सहयोगी टिंकल भगत को शनिवार को कांके रोड स्थित जज कॉलोनी के आवासीय कार्यालय में इडी के प्रभारी न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव के समक्ष पेश किया गया। वहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा जेल भेज दिया गया। इडी ने रिमांड पर लेने की अनुमति मांगी, जिस पर सोमवार को फैसला होगा।

इडी ने दोनों को मनी लाउंड्रिंग मामले में शुक्रवार को पूछताछ में सहयोग नहीं करने पर गिरफ्तार किया था। वहीं इससे पहले पूछताछ में दोनों ने इडी को बताया है कि साहिबगंज में अवैध खनन कर पत्थरों की बड़ी खेप बिहार और बंगाल भेजे जाते थे। खनन विभाग की ओर से इन्हें पतना इलाके में लगभग 13 एकड़ जमीन माइनिंग के लिए लीज पर ली थी, पर पंकज के दबाब देने पर 21 एकड़ जमीन में खुदाई कर डाली थी और उसके पत्थर निकाल कर बेच दिया था। बताया कि दोनों ने पंकज मिश्र को करीब तीन करोड़ दे चुके हैं।

### भगवान और टिंकल ने दी अहम जानकारी



साहिबगंज में अवैध खनन के मामले में इडी ने गिरफ्तार भगवान भगत और टिंकल पूछताछ में इडी को बताया है कि साहिबगंज में अवैध खनन कर पत्थरों की बड़ी खेप बिहार और बंगाल भेजे जाते थे। खनन विभाग की ओर से इन्हें पतना इलाके में लगभग 13 एकड़ जमीन माइनिंग के लिए लीज पर ली थी, पर पंकज के दबाब देने पर 21 एकड़ जमीन में खुदाई कर डाली थी। पत्थर निकाल कर बेच दिया था। अवैध खनन को जारी रखने के लिए दोनों ने कहा कि एसके एवज में पंकज मिश्रा को करीब 45 लाख रुपये कैश दिया था। अब तक की जांच में यह बात भी सामने आयी है कि भगवान भगत ने पंकज मिश्रा के नाम पर 20 रैक बुक किया जाता था। पंकज मिश्रा और भगवान भगत के बीच 29 अक्टूबर 2021 से लेकर 18 मई 2022 की अवधि में करीब 2 करोड़ 90 लाख रुपये से ज्यादा का ट्रांजेक्शन भी हुआ है।

# पश्चिम बंगाल चुनाव में हिंसा प्रत्याशी समेत 18 की मौत

## मतपेटी ले भागे, बूथ पर आगजनी, केंद्र ने मांगी रिपोर्ट

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए मतदान में जम कर हिंसा की घटनाएं हुईं। कई जगह अपराधी मत पेटी ले कर भी भाग गये। हिसा में 18 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। हिंसा में मारे गये लोगों में एक प्रत्याशी भी शामिल है। पोलिंग बूथ पर आगजनी और बैलेट पेपर लूटने की भी खबरें हैं। हिंसा की घटनाओं में एक उम्मीदवार सहित तृणमूल कांग्रेस के सात कार्यकर्ता मारे गये। वहीं भारतीय जनता पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के दो-दो तथा कांग्रेस का एक कार्यकर्ता मारा गया। शुक्रवार की रात से शनिवार को मतदान खत्म होने तक 18 लोगों के मारे जाने की खबर है। हिंसा की इन घटनाओं को ले कर गृह मंत्रालय ने बंगाल सरकार से रिपोर्ट तलब की है।

**अब तक 25 से अधिक मौत :** राज्य मे पंचायत चुनाव की घोषणा 8 जून को हुई थी। तब से लेकर 7 जुलाई तक राज्य में कई हिंसक झड़पों में 25 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सुरक्षा के लिहाज से पूरे प्रदेश में 1.35 लाख जवानों को तैनात किया गया है। बंगाल के इतिहास में इस बार ग्रामीण अब तक का सबसे कम वोट है। चुनाव के दौरान सुरक्षा के लिहाज से पूरे प्रदेश में 1.35 लाख जवानों को तैनात किये गये थे।

(शेष पेज 11 पर)

### 11 जुलाई को आयेंगे नतीजे



राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक 22 जिलों की 63,229 ग्राम पंचायत सीटों, पंचायत समिति की 9,730 सीटों और जिला परिषद की 928 सीटों पर चुनाव प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसमें बंगाल के 5,67,21,234 (5.7 करोड़) वोटर्स कैंडिडेट की किस्मत का फैसला करेंगे, जबकि चुनाव के नतीजे 11 जुलाई को आयेंगे। बता दें कि 2024 में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले इन पंचायत चुनावों को लिटमस टेस्ट के रूप में देखा जा रहा है।

### टीएमसी ने कहा शांति रही

टीएमसी सांसद कुणाल घोष ने कहा कि वोटिंग के दौरान कुछ जगह हिंसा हुई है लेकिन ज्यादातर बूथों में शांति रही। हिंसा में जो लोग मारे गये उनमें से ज्यादातर लोग टीएमसी के हैं। भाजपा, सीपीआईएम और आईएसएफ सिर्फ टीएमसी को दोष दे रहे हैं। बंगाल में हिंसा कोई नई बात नहीं है। भाजपा शासित राज्यों में ज्यादा हत्याएं होती हैं।

# टाटा स्टील के पूर्व अधिकारी विजय ने कर ली आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में टाटा स्टील के पूर्व अधिकारी ने आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार दो माह पूर्व किन्ही कारणों से उन्होंने कंपनी छोड़ दी थी। हाल के दिनों में वह काफी तनाव में रहते थे। शनिवार को उनका शव जुगसलाई थाना क्षेत्र में टाटा पिगमेंट के पास रेलवे ट्रैक के पास मिला। माना जा रहा है कि उन्होंने आत्महत्या की है। जानकारी के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जुगसलाई थाना के पुलिस अधिकारी ने बताया कि रेलवे ट्रैक से कुछ दूर मृतक की कार बरामद की गयी। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।



पुलिस ने बताया कि शव की खिनाख्त टाटा स्टील के पूर्व अधिकारी विजय निराला (53) के रूप में की गयी। वहीं ट्रैक से कुछ ही दूरी पर मृतक की कार भी पुलिस ने बरामद की है। पुलिस को एक ऑटो चालक शव के बारे में सूचना दी, जिसके बाद जुगसलाई थाना प्रभारी वहां पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गयी है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम भेज दिया। बताया जा रहा है कि विजय निराला टाटा स्टील में अफसर थे। नौकरी छूट जाने के बाद से वह तनाव में रहते थे। पुलिस के अनुसार इस मामले में जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# पॉक्सो एक्ट में अदालतें कम सजा नहीं दे सकती

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इसका असर पीड़ित बच्चे पर आजीवन रहेगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और बाल यौन अपराध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराये गए आरोपी की कारावास की सजा बढ़ा दी है। इसमें गंभीर यौन उत्पीड़न का अपराध भी शामिल है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अदालतें सजा कम नहीं कर सकतीं। न्यायमूर्ति अभय एस की पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि पीड़ित बच्चे के दिमाग पर इस घृणित कृत्य का प्रभाव आजीवन रहेगा और आरोपी की नरमी बरतने की याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। क्योंकि उसने हाल ही में शादी की थी और पूरी तरह से सुधर गया था। इस संबंध में न्यायमूर्ति ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कहा कि इस तथ्य के अलावा कि कानून न्यूनतम सजा का प्रावधान करता है, प्रतिवादी द्वारा किया गया अपराध बहुत भयानक है जिसके लिए बहुत कड़ी सजा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पीड़ित-बच्चे के दिमाग पर अप्रिय कृत्य का प्रभाव आजीवन रहेगा। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि इसका प्रभाव पीड़ित के स्वस्थ विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। (शेष पेज 11 पर)



# कांग्रेस का मतलब लूट की दुकान, झूठ का बाजार : मोदी

- प्रधानमंत्री बोले- जनता गहलोत सरकार को बाय-बाय के मोड में

एजेंसी

**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर में में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस का मतलब भी समझाया। लोगों को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस का मतलब है लूट की दुकान और झूठ का बाजार। उन्होंने कहा, कांग्रेस जो ये इन दिनों बड़े-बड़े वायदे कर रही है, उसमें लूट के इरादे और झूठ के पिटारे के सिवा और कुछ नहीं है। मोदी ने कहा, राजस्थान में जबसे कांग्रेस सरकार आयी है, इन्होंने क्या किया। चार साल से पूरी कांग्रेस पार्टी और सरकार आपस में लड़ रही है। हर कोई एक दूसरे की टांग खींच रहा है।

**जनता बदलाव के पक्ष में :** पीएम मोदी ने अशोक गहलोत सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की हार इतनी सुनिश्चित है कि यहां की सरकार अभी से बाय-बाय मोड में आ गयी है। मुझे पता चला है कि कुछ मंत्री विधायक तो अभी से अपने सरकारी बंगले खाली करके अपने खुद के घरों में सिफ्ट होने लगे हैं। अपनी हार पर इतना भरोसा सिर्फ कांग्रेस के नेता ही कर सकते हैं। पुरानी कहावत है कि दीया बूझने से पहले जोर से लपलपाता है।



(शेष पेज 11 पर)

# ठीक हो चुके 120 लोग रिनपास से घर लौटने का कर रहे इंतजार

## इनमें चार विदेशी, 116 झारखंडी, किसी के परिजन नहीं ले रहे सुधि

- अस्पताल प्रबंधन कर रहा शेलटर होम की तलाश

सुधीर

**रांची।** रिनपास में ईलाजरत 4 विदेशी मरीज समेत 120 लोग पूरी तरह से ठीक हो गये हैं। अब उन्हें घर लौटने के लिए अपनों का इंतजार है। दुर्भाग्य यह है कि मरीजों को भर्ती कराने के बाद से कोई परिजन उनकी सुधि लेने नहीं आया। विदेशियों को अस्पताल प्रबंधन की ओर से विदेश भेजने की तैयारी चल रही है। वैसे मरीजों के लिए ठौर की तलाश की जा रही है, जिन्हें सड़क से उठाकर पुलिस ने रिनपास में ईलाज को भर्ती कराया था। अब, वह पूरी तरह से ठीक हो गये हैं, लेकिन उन्हें कुछ भी याद नहीं है कि वह कहां से हैं? और उन्हें कौन लेकर यहां आया था? अगर सरकार के स्तर पर इनकी व्यवस्था हो जाती तो अस्पताल प्रबंधन भी राहत की सांस लेता और ठीक हुए मरीज भी सामान्य जीवन जी पाते।

**तीन बांग्लादेशी, एक नेपाली मरीज :** रिनपास में ईलाज को भरती कराये गये मरीजों में तीन बांग्लादेशी और एक नेपाली नागरिक भी हैं। वे पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं और घर जाना चाहते हैं। (शेष पेज 11 पर)

### 116 झारखंड के ही, पर उन्हें कुछ भी याद नहीं

रिनपास में ईलाज के दौरान पूरी तरह ठीक हो चुके 116 मरीज तो झारखंड के ही हैं। पर उन्हें यह नहीं पता कि वे कहां के रहनेवाले हैं? उनके परिजन कौन हैं। और उन्हें यहां कौन लेकर आया था? उनके परिजन भी उन्हें भूल चुके हैं। रिनपास प्रबंधन ने उन्हें लावारिश मान लिया और सरकार से उन्हें श्लटर होम में भेजने का आग्रह करेगा, ताकि ठीक हुए मरीज सामान्य जीवन जी सकें।




रिनपास में वर्षों पहले ईलाज को आये 120 मरीज पूरी तरह से ठीक हो गये हैं। इनमें चार विदेशी नागरिक हैं। इनका नाम और पता उपलब्ध है। कई बार उन्हें ठीक होने की सूचना दी गयी। परंतु किसी के परिजन नहीं आये। अब पुलिस का सहयोग लेकर उन्हें भेजने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं झारखंड के ठीक हो चुके मरीजों के लिए किसी शेल्टर होम की तलाश की जा रही है, ताकि ठीक होने के बाद वह भी सामान्य जीवन जी सकें।

**-डॉ जयति सिमलई, निदेशक, रिनपास, झारखंड।**

# कोयला मजदूरों पर बनी फिल्म रैट ट्रैप को मिलेगा बड़ा सम्मान

- सत्यजीत रे सिल्वर अवार्ड फॉर सेकेंड बेस्ट डॉक्यूमेंट्री अवार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कोयला मजदूरों पर बनी फिल्म रैट ट्रैप को कोलकाता में आयोजित छठी साउथ एशियन शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में सत्यजीत रे सिल्वर अवार्ड फॉर सेकेंड बेस्ट डॉक्यूमेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह फिल्म फेस्टिवल 3 जुलाई से 8 जुलाई तक कोलकाता के नंदन फिल्म एंड कल्चर सेंटर में आयोजित किया गया था। फिल्म रैट ट्रैप के निर्देशक रुपेश कुमार साहू हैं। इसके निमार्ता मेघनाथ और बीजू टोप्पो हैं। इस फिल्म में कोयला मजदूरों के संघर्ष की कहानी है। कोलकाता के नंदन फिल्म एंड कल्चर सेंटर में छठी साउथ एशियन शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। फिल्म निमार्ता मेघनाथ के साथ फिल्म निर्देशक रुपेश कुमार साहू ने अवार्ड ग्रहण किया। रुपेश कुमार साहू ने बताया कि कोयला मजदूरों पर बनी फिल्म रैट ट्रैप इससे पहले देश के अन्य शहरों जैसे शिमला, पटना, कोलकाता, पंचगनी के साथ-साथ झारखंड के कई शहरों में दिखायी गयी है। कोलकाता में यह फिल्म दूसरी बार दिखायी गयी है। (शेष पेज 11 पर)



SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### दिल्ली में बारिश का 10 साल का रिकार्ड टूटा

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में शनिवार को हुई जोरदार बारिश ने बीते 10 वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया। दिल्ली में 24 घंटे के भीतर 126.1 एमएम बारिश दर्ज की गई जो बीते एक दशक में किसी भी एक दिन में हुई सबसे ज्यादा बारिश है।

### तालाब में डूबने से पांच बच्चों की मौत

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के गदागंज इलाके में शनिवार सुबह पांच बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। एसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि बांसी रिहायक के आठ बच्चे तालाब में नहाने गये थे। जो डूब गये। इनमें तीन बच्चों को बचा लिया गया था।

### टीएसपीसी का एरिया कमांडर पलामू से धराया

**पलामू।** चतरा जिले में शुक्रवार को पुलिस और प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के दस्ते के साथ मुठभेड़ के बाद भागे स्वयंभू एरिया कमांडर को शनिवार को पलामू में गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ कुंदा थाना क्षेत्र में हुई थी।

### पैसे मांगने वाले पत्रकार को समन, होगी पूछताछ

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के नाम पर पैसे मांगने के आरोप में पत्रकार को ईडी ने समन भेजा है। ईडी ने साहिबगंज के पत्रकार मिथिलेश कुमार सिंह को समन भेजकर दस जुलाई को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है।

### अवैध संबंध के शक में पत्नी को मार डाला

**पलामू।** सतरबवा थाना क्षेत्र के सलैया गांव में अवैध संबंध के शक में फुगा देवी (24) की हत्या पति विजय परहिया ने की। पुलिस ने आरोपित पति को घटना के कुछ घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पति की निशानदेही पर महिला का शव गांव से एक किमी दूर औरंगा नदी किनारे से मिला है।

### पुलिस-अपराधी मुठभेड़ में एक को लगी गोली

**गिरिडीह।** जिले में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ में दोनों ओर से हुई फायरिंग में एक अपराधी को गोली लगी है। जिसे इलाज के लिए धनबाद लाया गया। खुद पर पुलिस को भारी पड़ता देख अपराधी मौके से फरार हो गये हैं।

### स्विट्जरलैंड में दिखेगी झारखंड में बनी फिल्म

**रांची।** झारखंड के पलामू और धनबाद में शूट होने वाली फिल्म 'व्हिस्पर ऑफ फायर एंड वॉटर' स्विट्जरलैंड में दिखायी जायेगी। विश्व के पुराने फिल्म फेस्टिवल में से एक लोकार्नो के लिए इसका चयन हुआ है।

### केमिकल फैक्ट्री में हादसा दो मजदूरों की मौत

**रांची।** टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के एक फैक्ट्री में हादसे में दो मजदूर की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद केमिकल फैक्ट्री के बाहर परिजन शव रखकर प्रदर्शन किया। मृतकों के नाम संतोष कुमार और सुरेश महतो है।

### दो दलित नाबालिग से एक हफ्ते तक दुष्कर्म

**लातेहार।** दो नाबालिग दलित बच्चियों का अपहरण कर एक हफ्ते तक सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला आया है। पीड़ित लड़कियों के अनुसार उन्हें एक कमरे में बंद रखा गया था जहां कई लोग आते थे और उनके साथ दुष्कर्म करते थे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

## खबर एक नजर में

### झाससे के 166 प्रशाखा पदाधिकारी बदले

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा के 166 प्रशाखा पदाधिकारियों का शनिवार को तबादला कर दिया गया। शुक्रवार को संपन्न विभागीय स्थापना समिति की बैठक में इन पदाधिकारियों के तबादले को अंतिम रूप दिया गया था। इसके बाद शनिवार को कार्मिक विभाग ने तबादले का आदेश जारी कर दिया।

### अपराधी की जमानत याचिका पर फैसला 13 को

**रांची।** एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में लातेहार में तेतरियाखाड़ कोलियरी आगजनी मामले में जेल में बंद गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के सहयोगी प्रभात कुमार यादव उर्फ डिंपल यादव की जमानत अर्जी सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना आदेश 13 जुलाई को सुनायेगी। आरोपी ने जमानत की गुहार लगाते हुए 19 मई को जमानत अर्जी दाखिल की थी। एनआईए ने लातेहार में पीएलएफआई उग्रवादी संगठन द्वारा जबरन वसूली के मामले में पांच अगस्त 2021 को सुजीत सिन्हा, अमन साव समेत 17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें प्रभात यादव का भी नाम शामिल है।

### छात्र जदयू प्रकोष्ठ के प्रभारी बने डॉ विनय भरत



**रांची।** झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने जदयू नेता सह डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्विद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ विनय भरत को छात्र जदयू का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। रांची के प्रदेश जदयू कार्यालय में डॉ भरत को मनोनयन पत्र प्रदान कर प्रदेश अध्यक्ष श्री महतो ने उन्हें पार्टी के सिद्धांतों के अनुरूप छात्र संगठन के विस्तार का निर्देश दिया। इस मौके पर श्री भरत ने कहा कि वे पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो की आशा के अनुरूप पार्टी को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। प्रभारी बनने पर डॉ विनय को जदयू के उपाध्यक्ष डॉ आफताब जमील, महासचिव श्रवण कुमार, संजय कुमार सिंह, बिगा मिंज और प्रवक्ता सागर कुमार ने बधाई दी। बता दें कि डॉ विनय भारत आजसू छोड़ जदयू में शामिल हुए हैं।

### पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार समेत तीन की याचिका पर 20 जुलाई को होगी सुनवाई

**मनी लांड्रिंग मामला**

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार सहित 3 आरोपियों की क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई अब झारखंड हाईकोर्ट में 20 जुलाई को होगी। मामले में प्रार्थी की ओर से कोर्ट से समय की आग्रह किया गया। जिस पर कोर्ट ने प्रार्थी के आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की सुनवाई 20 जुलाई निर्धारित की। दरअसल, दवा घोटाला मामले में आरोपी डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार एवं व्यवसाई धर्मेंद्र कुमार धीरज की डिस्चार्ज पिटिशन ईडी कोर्ट ने वर्ष 2019 में खारिज कर दी थी। प्रार्थी की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला नहीं बनता है। दवा एवं अन्य सामान की खरीद के लिए उन्होंने केवल स्वीकृति प्रदान की थी। पैसे का कोई लेन-देन का मामला नहीं बनता है। बता दें कि मामले को लेकर सीबीआई ने डॉ प्रदीप कुमार एवं अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इसी आधार पर ईडी ने भी ईसीआईआर 2-2018 दर्ज किया है।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दर्द है तो मुख्यमंत्री आवास का करें घेराव

# आदिवासियों का हितैषी बनने का ढोंग कर रहे हैं तथाकथित संगठन : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सीएम के इशारे पर कुछ तथाकथित संगठन आदिवासी हितैषी बनने का ढोंग कर रहे हैं। श्री मरांडी ने कहा कि आदिवासियों की नृशंस हत्या, हजारों बहन बेटियों के साथ हुए बलात्कार, 52 टुकड़ों में हुई बर्बर हत्या पर सीएम को जवाब देना चाहिये। उन्होंने तथाकथित आदिवासी संगठनों के द्वारा भाजपा मुख्यालय के घेराव कार्यक्रम को सरकार की ओर से प्रायोजित राजनीतिक नौटंकी बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा मुख्यालय का घेराव करने वालों को सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास का घेराव करना चाहिये। उन्होंने कहा कि सीएम ने आदिवासी के नाम पर सबसे ज्यादा आदिवासियों को ही प्रताड़ित किया है। इस गठबंधन सरकार का स्वागत चाईबासा में आदिवासियों के नरसंहार से हुआ। होनहार आदिवासी दारोगा रूपा तिर्की की हत्या, पशु तस्करों के द्वारा दारोगा संध्या टोपनो की हत्या, सिदो कान्हो के वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या इस सरकार की देन है।

उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों के शासन काल में 5500 से अधिक बहन बेटियों के साथ दुराचार की घटनायें घटी। इसमे अधिकांश आदिवासी, दलित समाज की ही बेटियां हैं। उन्होंने कहा कि रुबिका पहाड़िया की नृशंस हत्या टुकड़ों टुकड़ों में काटकर की गई। मांडर में आदिवासी छात्रा के साथ कार में सामूहिक दुष्कर्म की शर्मनाक घटना हुई। खूंटी में प्रशिक्षु महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुये लेकिन मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिजनों से मिलना भी उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार का आदिवासी दलित विरोधी चेहरा बार बार उजागर हुआ है इसलिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इसके लिए आदिवासी समाज से माफी मांगनी चाहिये। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की जिस घटना को तूल देने की कोशिश की जा रही उसपर कठोर कानूनी कार्रवाई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कर दिया है। मुख्यमंत्री ने पीड़ित व्यक्ति के पैर धोकर माफी भी मांगी है।

## पुलिस की सख्ती के कारण भाजपा दफ्तर नहीं पहुंच पाये प्रदर्शनकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आदिवासी संगठनों का भाजपा मुख्यालय घेराव की कोशिश असफल हो गई। पुलिस ने सभी आंदोलनकारियों को पहले ही रोक दिया। सभी आदिवासी संगठन मध्य प्रदेश में हुई पेशाब कांड के विरोध में भाजपा मुख्यालय घेरने पहुंचे थे। सूत्रों के अनुसार पुलिस की सख्ती के कारण आंदोलनकारियों को हरमू रोड पर लगी पुलिस बैरिकेडिंग के पास ही रूकना पड़ा। इस दौरान जमकर नारेबाजी हुई।



भाजपा मुख्यालय के घेराव की कोशिश के दौरान हरमू मैदान से जा रहे आदिवासी संगठन से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस की नोकझोंक भी हुई लेकिन पुलिस की सख्ती के आगे इनकी एक नहीं चली।

इस दौरान आदिवासी नेता प्रेमशाही मुंडा ने मध्यप्रदेश की घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिस तरह से अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी जैसे नेता चुप्पी साधे हुए हैं, उससे कहीं ना कहीं आदिवासी समाज व्यथित है। यही वजह है कि आज सैकड़ों लोग भाजपा मुख्यालय का घेराव करने पहुंचे हैं। आदिवासी नेता अजय तिर्की ने कहा कि मध्य प्रदेश की घटना और यूसीसी के विरोध में आदिवासी समाज लगातार आंदोलन कर रहा है।

### प्रदेश भाजपा कार्यालय की सुरक्षा कड़ी, चप्पे-चप्पे पर नजर आयी पुलिस



**रांची।** मध्य प्रदेश में हुए पेशाब कांड के बाद भाजपा के खिलाफ आदिवासी संगठनों में बढ़ते जनाक्रोश के बाद रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। करीब 200 से अधिक पुलिस बल कार्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में तैनात रहे। शनिवार को भाजपा कार्यालय के बाहर हटिया डीएसपी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी भी डटे रहे। गौरतलब हो कि मध्यप्रदेश में पेशाब कांड के बाद आदिवासी संगठन नाराज है और शनिवार को संगठनों ने भाजपा कार्यालय का घेराव करने का एलान किया था।

## तीन साल से एक ही जगह हैं पदस्थापित

# अगले पदस्थापन की प्रतीक्षा में हैं पांच जिलों के पुलिस अधीक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के पांच जिलों के एसपी तीन साल पूरा होने बाद भी एक ही जगह पदस्थापित हैं। अब सभी पदस्थापना की प्रतीक्षा में हैं। जिन एसपी का पदस्थापना होना है, उनमें साहिबगंज, गिरिडीह, बोकारो, दुमका और रांची जिले के ग्रामीण एसपी शामिल हैं। इन पांचों एसपी को अपने-अपने जिले में पदस्थापित हुए तीन साल से ज्यादा समय हो गया है। नियमानुसार, जिला एसपी के रूप में तैनात पुलिस अधीक्षक का कार्यकाल अन्य परिस्थितियों के अधीन न्यूनतम दो वर्ष और अधिकतम तीन वर्ष होता है।

**कौन कब से कहां हैं पदस्थापित**

- अमित रेणु (एसपी गिरिडीह) : 03 जुलाई 2020 से अबतक
- अनुरंजन किस्पोट्टा (एसपी साहेबगंज) : 28 अप्रैल 2020 से अब तक
- अंबर लकड़ा (दुमका एसपी) : 28 अप्रैल 2020 से अब तक
- नौशाद आलम (रांची ग्रामीण एसपी) : 11 जून 2020 से अबतक
- चंदन झा (बोकारो एसपी) : 17 अप्रैल 2020 से अबतक

**झारखंड कैडर के 124 में 23 केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर** : झारखंड में वर्तमान में आईपीएस की कुल संख्या 124 है। इनमें से 23 केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और कई ट्रेनिंग ले रहे हैं। पिछले एक साल के दौरान झारखंड कैडर के सात आईपीएस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गये। और छह आईपीएस प्रतिनियुक्ति पर जाने की तैयारी में हैं।

## गठबंधन सरकार ने पारा शिक्षकों को एक बार फिर ठगा: रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा है कि गठबंधन सरकार ने एक बार फिर पारा शिक्षकों को ठगने का काम किया है। चुनाव से पहले सीएम ने पारा शिक्षकों को कई सब्जबाग दिखाये, लेकिन सत्ता में आते ही टाल-मटोल करने लगे। हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि झारखंड में बीस वर्षों से कार्यरत सहायक अध्यापकों तो वेतनमान बढ़ा कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के तीन माह के अंदर नया वेतनमान लागू करने का वादा किया गया था, लेकिन आज तक सहायक शिक्षक इसका इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के समय की नियमावली में बढ़ा हुआ वेतनमान दिये जाने की तैयारी हो गई थी।

## झारखंड के 19 जिलों में प्रदेश युवा राजद के प्रभारी नियुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मिशन 2024 को देखते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए झारखंड युवा राष्ट्रीय जनता दल ने झारखंड के 19 जिलों के प्रभारियों की सूची जारी की है। युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार के निर्देश पर हर एक जिले में दो प्रभारी बनाए गए हैं।

इसके तहत दुमका में काजल कुमार यादव, नूनू झा, देवघर में इंद्रदेव यादव और सिंटू यादव नियुक्त किये गये हैं। गोड्डा में पंकज सिंह और रामदेव यादव। कोडरमा में नीरज कुमार प्रसाद, रघुनाथ कुमार राणा। हजारीबाग में दीपक यादव और जितेंद्र नारायण यादव नियुक्त किये गये हैं। वहीं रामगढ़ में मोहम्मद मोइन अंसारी, लाल बाबू रजक जबकि चतरा में राहिल राज और धर्मेंद्र कुमार। गिरिडीह में लखपति सिंह, मोहम्मद अफजल खान और बोकारो में राम सिंह, धर्मेंद्र सिंह प्रभारी बनाये गये हैं। धनबाद में कुंदन कुमार गुप्ता और सहनूर आलम। वहीं पूर्वी सिंहभूम में मोहम्मद जफीर खान और सहनाज खातून। सरायकेला खरसावां में शैलेंद्र कुमार सिंह और अजय कुमार। वहीं पश्चिम सिंहभूम में मोहम्मद शौकत अंसारी, मोहम्मद फरहान खान। रांची में संतोष कुमार, नीतीश कुमार। सिमडेगा में उर्मिला सोरेन, मोहम्मद अरशद अंसारी। लोहरदगा में मुनेश्वर सिंह, सूरजदेव यादव। लातेहार में बिनोद भोक्ता, क्षितिज कुमार मिश्रा। पलामू में प्रकाश मालाकार, संजय कुमार यादव। गढ़वा में संतोष कुमार, पूनम देवी को जिले का प्रभारी बनाया गया है।

## झारखंड को एक और वंदे भारत ट्रेन की मिलेगी सौगात, रांची से हावड़ा चलेगी

**रांची से बोकारो, धनबाद, आसनसोल होकर हावड़ा तक जायेगी**

**रांची से वंदे भारत सुबह 5:20 मिनट पर खुलेगी और दिन में 11:55 मिनट पर हावड़ा पहुंचेगी। वहीं हावड़ा से दोपहर 3:30 मिनट पर खुलेगी और रात 10:10 मिनट पर रांची पहुंचेगी।**



एजेंसी (हि.स.)

**रांची।** रांची को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात मिलने वाली है। रांची और हावड़ा के बीच चलने वाली इस ट्रेन की टाइमिंग फिक्स कर दी गई है। शुक्रवार को सिकंदराबाद में इंडियन रेलवे टाइम टेबल कमेटी की मीटिंग में इसको मंजूरी दी गई। रांची से वंदे भारत सुबह 5:20 मिनट पर खुलेगी और दिन में 11:55 मिनट पर हावड़ा पहुंचेगी। वहीं हावड़ा से दोपहर 3:30 मिनट पर खुलेगी और रात 10:10 मिनट पर रांची पहुंचेगी। यह ट्रेन रांची से हावड़ा के बीच 6 घंटे 35 मिनट में सफर पूरा करेगी। वंदे भारत ट्रेन रांची से हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस के रूट पर चलेगी। यह रांची से बोकारो, धनबाद, आसनसोल होकर हावड़ा जाएगी।

रांची सांसद संजय सेठ ने कहा है कि रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन दुर्गा पूजा से पहले शुरू हो जाएगी। रेल मंत्रालय जल्द ही तारीख की घोषणा करेगा। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन खासकर व्यापारियों के लिए लाभदायक होगी, जो कोलकाता व्यवसाय के लिए जाते हैं। एक साल से ज्यादा समय से हटिया से दुर्ग के लिए स्पेशल ट्रेन चलाया जा रहा था। इस ट्रेन का रिस्पांस अच्छा होने से रेलवे की टाइम टेबल कमेटी ने स्थाई रूप से चलाने का निर्णय लिया है। अभी स्पेशल ट्रेन के रूप में किराया सामान्य किराए से 30 प्रतिशत ज्यादा था, लेकिन स्थाई होने से इस ट्रेन का किराया 30 प्रतिशत कम हो जाएगा। यह साप्ताहिक ट्रेन है।

### ई-विद्यावाहिनी में निबंधन नहीं होने से परेशान बढ़ी

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षक और गैर शिक्षकेत्तर कर्मियों को ई-विद्यावाहिनी पर हाजिरी बनाने का निर्देश दिया जा रहा है। बावजूद इसके कई विद्यालयों के गैर शिक्षकेत्तर कर्मियों ने अभी तक अपना ई-विद्यावाहिनी में पंजीकरण नहीं कराया है। उन्हें उनका आईडी जिला और प्रखंड कार्यालय से नहीं उपलब्ध कराया जा सका है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी कोटि के विद्यालयों के प्राचार्य और प्रभारी प्रधानाध्यापकों को विद्यालय के शिक्षकेत्तर गैर शिक्षकेत्तर कर्मी को ई-विद्यावाहिनी में 15 जुलाई, 2023 तक पंजीकरण कराने के लिए आदेश देने का निर्देश दिया है। किसी भी परिस्थिति में वैसे किसी भी शिक्षकेतर और गैर शिक्षकेत्तर कर्मी के वेतन एवं मानदेय का भुगतान निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा नहीं किया जाएगा।

## एसएनएमएमसीएच में संविदा पर बहाल होंगे प्राध्यापक और सह प्राध्यापक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) धनबाद में संविदा पर प्राध्यापक और सह प्राध्यापक नियुक्त किए जाएंगे। मेडिकल कॉलेज में विभिन्न विभागों में प्राध्यापक के रिक्त पड़े 9 और सह प्राध्यापक के रिक्त 3 पदों पर ये नियुक्तियां होनी है। स्वास्थ्य विभाग, झारखंड ने नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे हैं। विस्तृत जानकारी, एक्सपीरियंस के साथ इच्छुक कैंडिडेट वॉक इन इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। योग्य कैंडिडेट का चयन इसी आधार पर होगा। इंटरव्यू का आयोजन रिम्स, रांची के प्रशासनिक भवन में 22-23 जुलाई को होगा। प्राध्यापक के लिए 22 जुलाई जबकि सह प्राध्यापक के लिए 23 जूलाई का डेट तय है।

**इन विभागों के लिए है जरूरत :** निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी, गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी (सर्जिकल), न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, कॉर्डियो वैस्कुलर थोरेसिक सर्जरी और प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी एंड बर्न यूनिट में 1-1 प्राध्यापक रखे जाने हैं। इसके अलावा नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी और गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी (मेडिकल) में 1-1 प्राध्यापक के अलावा 1-1 सह प्राध्यापक भी रखे जाने हैं। चयनितों की संविदा आधारित नियुक्ति दो सालों के लिए होगी। प्राध्यापक के लिए ढाई लाख रुपये प्रतिमाह और सह प्राध्यापक को दो लाख रुपये मिलेंगे। एसएनएमएमसीएच की वेबसाइट से भी इस संबंध में विस्तृत जानकारी ली जा सकती है।

## झारखंड पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

# जिला स्तरीय जन मुद्दों पर आंदोलन के लिए रणनीति तैयार करें: एनोस एक्का

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय हरमू में शनिवार को नव निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों की विशेष बैठक हुई। सभी नव निर्वाचित केन्द्रीय कार्यकारिणी कमिटी के सदस्यों का शपथ ग्रहण केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का एवं प्रधान महासचिव अशोक भगत ने संयुक्त रूप से कराया। केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि केन्द्रीय कार्यकारिणी कमिटी में नव चयनित प्रतिनिधि अपने अपने जिला को फोकस कर काम शुरू करें। लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी में केन्द्रीय कमिटी सदस्य जिला ईकाई के साथ जिला स्तरीय जनसमस्या मुद्दों पर आंदोलन के लिए रणनीति तैयार करते जाएं। एक्का ने कहा कि हर जिला में महाधिवेशन के माध्यम से कार्यकर्ताओं का जुटान बढ़ाया जाए।

प्रधान महासचिव अशोक भगत ने कहा कि संगठन विस्तार, जिला ईकाई संगठन, महिला मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, युवा झारखंड पार्टी, किसान संघ और मजदूर संघ के मुद्दों और उपरोक्त सभी संघों के विस्तार पर सेंट्रल कार्यकारणी कमिटी के सभी ध्यान देने की जरूरत है। कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व महाधिवकता अजीत कुमार ने कहा कि कहा कि सभी जिला के कार्यक्रमो एवं गतिविधि समेत कई सांकेतिक धरना, उपवास कार्यक्रम, विरोध प्रदर्शन जैसे क्रियाकलाप कर पार्टी के लोगों को राज्य व जिला की समस्याओं के खिलाफ हल्ला बोलना शुरू कर देना है।

वरिष्ठ नेता रिजवान अहमद ने अनुशासन समिति, गांव पंचायत और प्रखंड समिति के गठन और विस्तार की बात कही। पूर्व सांसद चित्रसेन सिंकु ने कहा कि राज्य आदिवासी मूलवासी के जमीनो की लूट खसोट पर केन्द्रीय कमिटी को रणनीति बनाकर जिलाधिकारी से वार्ता और पत्राचार किये जाने की जरूरत है।

बैठक में जिलावार संगठन विस्तार, अधिवेशन, जिलावार समस्या के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए। रांची जिला प्रभारी अंशु एक्का लकड़ा, ऐनुल हक अंसारी, और मृगेंद्र सिंह मुंडा, संतोष महतो, खूंटी जिला प्रभारी अर्पणा हंस और किरण आइंद, सिमडेगा जिला प्रभारी ओमप्रकाश, ललित समद और रोस प्रतिमा सोरेंग, गुमला जिला प्रभारी लियोनार्ड खलखो, आनंद पॉल तिर्की, खुर्शीद आलम और गजाधर ओहदार, रामगढ जिला प्रभारी भवानी शंकर गुप्ता और संतोष महतो, लोहरदगा से विष्णु उरांव और राहुल भारती, चाईबासा से चित्रसेन सिंकु और महेंद्र जामुदा और गिरीडीह जिला से राजा मनदिलवार, सलीम अंसारी को जिलावार मुद्दे आधारित धरना-प्रदर्शन, अधिवेशन और संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया।

बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार को उत्तरी व दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के लिए संगठन की जिम्मेदारी, वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद को अल्पसंख्यक मोर्चा और कोष की जिम्मेदारी, किरण आइंद को अनुसूचित जाति और जनजाति के बीच कार्य की जिम्मेदारी, चित्रसेन सिंकु को चाईबासा, पलामू और कोल्हान क्षेत्र की जिम्मेदारी और उपाध्यक्ष अर्पणा हंस के जिम्मे महिला संगठन के विस्तार पर कार्यभार सौंपा गया है।

# झारखंड में छात्रों को बगैर गारंटी मिलेगा ₹10 लाख तक का लोन

**राज्य की हेमंत सरकार की पहल**

एजेंसी (हि.स.)



**रांची।** राज्य के छात्रों को करियर, उच्च शिक्षा और प्रतियोगिता परीक्षाओं में मदद करने के लिए झारखंड सरकार तीन योजनाएं शुरू करने जा रही है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण योजना गुरुजी क्रेडिट कार्ड स्कीम है। झारखंड में छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक का सरकार लोन देगी।

गुरुजी क्रेडिट कार्ड स्कीम के तहत 12वीं के बाद प्रोफेशनल कोर्स की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स को बिना गारंटी दस लाख रुपये तक का लोन उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके अलावा सीएम शिक्षा प्रोत्साहन योजना में 10वीं पास करने वाले छात्रों को उच्च शिक्षा संस्थानों में एडमिशन के लिए कोचिंग करने के लिए एक सत्र की पूरी फीस के अलावा 2500 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति और एकलव्य प्रशिक्षण योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग के साथ प्रतिमाह ढाई हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जायेगी।

झारखंड कैबिनेट की अगली बैठक में इन्हें मंजूरी मिलने की उम्मीद है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए सरकार ने 26.13 करोड़ का प्रावधान किया है। यह झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके जरिये झारखंड से दसवीं और 12वीं पास करने वाले स्टूडेंट्स को इंजीनियरिंग, मेडिकल और लॉ की पढ़ाई के लिए बिना गारंटी दस लाख रुपये तक का लोन मिलेगा। स्टूडेंट्स को चार प्रतिशत ब्याज पर 15 साल के लिए लोन मिलेगा। इसमें 30 फीसदी राशि रहने-खाने और 70 फीसदी फीस के रूप में भुगतान होगा।

सरकार की **दूसरी योजना** सीएम शिक्षा प्रोत्साहन योजना है। इस योजना के तहत दसवीं पास छात्रों को उच्च शिक्षा संस्थानों में तैयारी के लिए सरकार मदद करेगी। योजना के तहत विद्यार्थियों को कोचिंग की एक सत्र की फीस और रहने-खाने के लिए हर महीने 2500 रुपये दिये जायेंगे। योजना के पहले चरण में आठ हजार छात्रों को मदद मिलेगी। इंजीनियरिंग, मेडिकल, क्लैट और मास कम्युनिकेशन, सीए और आइसीडब्ल्यूए में प्रवेश की तैयारी करने वालों को मदद दी जायेगी।

**तीसरी योजना** एकलव्य प्रशिक्षण योजना है। इसके जरिये यूपीएससी, जेपीएससी, एसएससी और रेलवे जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जायेगी। सरकार की ओर से तय कोचिंग संस्थान में यह व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा एक साल तक छात्रों को रहने-खाने के लिए 2500 रुपये दिये जायेंगे।

स्पीड न्यूज

# नकारात्मक मानसिक विचारों से मनुष्य का होता हैं पतन : सीताराम शास्त्री

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में भागवत कथा का शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो


भागवत कथा सुनाते सीताराम शास्त्री।



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर तुलसी भवन में सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा (एक भागवत ऐसी भी) के प्रथम दिन शनिवार को हरिद्वार के पास स्थित सुखताल से पधारे कथावाचक सीताराम शास्त्री ने व्यास पीठ से भागवत महात्मय, भीष्म स्तुति, परिक्षित शुकदेव संवाद, विदूर चरित्र की प्रसंग का सुंदर व्याख्यान के साथ ही भागवत की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा के विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा मनोरंजन का साधन नहीं, जन जागरण का रूप हैं। नकारात्मक मानसिक विचारों से ही मनुष्य का पतन होता हैं। श्रीमद भागवत कथा देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। श्रीमद्भागवत के अनुसरण से भक्त का कल्याण होता है और जीवन में सुख व शांति का अनुभव होता है। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का अवसर बड़े ही सौभाग्य से प्राप्त होता है। इसके श्रवण से सभी प्रकार के सुख, शाति एवं समृद्धि की प्राप्ति तो मिलती है। साथ ही सभी कष्टों का निवारण भी होता है। शास्त्री जी ने कहा कि जितने भी सद्गुणों होते हैं वे सभी परमात्मा के द्वारा ही प्राप्त होते हैं। मनुष्य के सद्गुणों पर नहीं भगवान के प्रति ही कृतज्ञ होना चाहिए। शास्त्री जी ने आगे कहा कि मेरे पास होगा तभी मैं सेवा करूंगा ऐसी भावना नहीं बनानी चाहिए। मैं सेवा करूंगा तभी मेरे पास होगा ऐसी भावना बनानी चाहिए। इसका आयोजन झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन के तत्वधान और मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर के आतिथ्य में हो रहा हैं। व्यास पूजन महत्व से भागवत कथा शुभारंभ हुआ, जो 14 जुलाई तक चलेगा। शनिवार की सुबह नौ यजमान क्रमशः जया डोकानिया, लता अग्रवाल, मजू खंडेलवाल, प्रभा पाड़िया, विभा दुदानी, बीना अग्रवाल, उर्मिला संधी, ज्योत्सना अग्रवाल एवं सुशीला खीरवाल ने संयुक्त रूप से पूजा करायी। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु देर संध्या तक कथा में जमे रहे। महाराज जी दूसरे दिन रविवार को श्री कपिल उपदेश, शिव चरित्र, ध्रुव चरित्र एवं भरत चरित्रषण स्तुति संवाद का प्रसंग सुनायेंगे।

### सुशीला मोहनका को दी गयी श्रद्धांजलि

भागवत कथा के दौरान महिला मंच की संस्थापिका सुशीला मोहनका को श्रद्धांजलि दी गई। सुशीला का निधन विगत 2 जुलाई 2023 रविवार को अमेरिका में हुआ था। भागवत कथा का पुण्य मृत आत्माओं को भी प्राप्त हो इसलिए श्रद्धांजलि अर्पित कर सुशीला की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गयी।

## बन्ना गुप्ता ने 374 लोगों को सौंपे पेंशन कागजात



**जमशेदपुर।** शनिवार को जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कुल 374 वृद्धा और विधवा लोगों के बीच प्रमाण पत्र स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने कदमा स्थित कार्यालय से वितरण किया। मंत्री ने कहा है के किसी भी मां, बहन, बुजुर्ग को विधवा,वृद्धा पेंशन चालू करवाने के लिए सरकारी कार्यालय में जाकर हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है उनका बेटा बन्ना गुप्ता अभी मौजूद है। इस कार्य को वह करवाएगा। मैं ने कार्यकताओं को निर्देश दिया है कि क्षेत्र में घूम घूम कर ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर इसका लाभ पहुंचाएं। इस दौरान संजय तिवारी, मनोज झा, संजीव झा, बबुआ झा,राकेश जयसवाल,सुमित झा, बबन शुक्ला,इरशाद हैदर, जितेंद्र सिंह,तुला दा, कैलाश रजक, राजकुमार दास,देवाशीष डे उर्फ छोटू,रवि दुबे, राजेश गोराई, जयप्रकाश साहू,बच्चु दा,धनु महतो, माजिदअख्तर, राजेश रजक, राजू दास,अर डी राय,सुमित ठाकुर, सुमित सोनकर, बाबू,जाफर, विकी उपस्थित थे।

## चड्डी बनियान गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** गत जून माह में बिरसानगर समेत पूर्वी सिंहभूम जिले के कई क्षेत्रों से चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चोर गिरोह का भंडाफोड़ बिरसानगर पुलिस ने किया है। बिरसा नगर के थाना प्रभारी प्रभात कुमार की अगुवाई में बनी टीम ने गत 15 जून को बिरसानगर गुड़िया मैदान के पास एक घर से नगदी एवं सोने के जेवरात की चोरी संबंधी मामले की जांच की गई थी। जांच के दौरान निरंतर मानवी साक्ष्य एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर गत 7 जुलाई को बमार्माइंस थाना अंतर्गत कैरेज कॉलोनी से चोर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। अपराधी कर्मी चड्डी बनियान नामक गैंग से संबंध रखते हैं और वह गुलगुलिया हैं जो एक शहर में अस्थाई रूप से रहकर आसपास के क्षेत्रों में चोरी करते हैं। इन लोगों की संख्या 8 से 10 रहती है जिसमें से कुछ महिलाएं भी है। गिरोह के द्वारा घर की खिड़की तथा दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी को अंजाम देते हैं। बिरसा नगर के थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि चोर गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सदस्यों के नाम है : लाल सिंह उर्फ काले, फतेह सिंह, मनजीत पारदी, विक्की मोंगया उर्फ विक्की रामसिंह मोंगिया उर्फ तितरा, मंगल उर्फ मांगीलाल पारदी,संजय मुखी उर्फ मोनू, ज्वालामुखी, सिया बाई उर्फ गीताबाई 46 वर्ष शामिल हैं। गिरोह के सदस्यों में सिर्फ संजय मुखी उर्फ मोनू बमार्माइंस कैरिज कॉलोनी फुटबॉल मैदान पहाड़ी मंदिर के पास का रहने वाला है। गिरोह के शेष सदस्य मध्य प्रदेश के हैं। थाना प्रभारी के अनुसार इसी गिरोह ने चाकुलिया में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इनके पास से बड़ी संख्या में चोरी के सामान बरामद किए गए हैं।

## हाथी प्रभावित गांवों के लोगों के लिए 16 जुलाई को लगेगा हेल्थ कैंप



**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि चाकुलिया प्रखंड के 50 से अधिक गांवों के लोग जंगली हाथियों के उपद्रव से परेशान हैं। हाथियों के उत्पात से कृषि कार्य तो प्रभावित हो ही रहा है साथ ही ग्रामीणों के आजीविका पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। गांवों के लोगों की स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों को दूर करने के लिए चाकुलिया के जामुआ गांव में 16 जुलाई को विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# टाटा स्टील में चीफ रहे मैकेनिकल मेंटेनेंस के चीफ विजय निराला की ट्रेन से कट कर मौत

## दो माह पूर्व ही निजी कारणों से कंपनी से दे दिया था इस्तीफा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील में मैकेनिकल मेंटेनेंस डिपार्टमेंट के पूर्व चीफ विजय कुमार निराला की मौत ट्रेन से कटकर हो गई है। परिजनों का कहना है कि वह रोज की तरह स्टेशन की ओर ताजी सब्जियां खरीदने जाते थे आज इसी क्रम में एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए।


विजय कुमार निराला की फाइल फोटो।


रेलवे लाइन से कुछ दूरी पर बरामद निराला की फॉक्स बैगन कार।

बता दें कि विजय सिंह निराला ने 2 माह पूर्व निजी कारणों से टाटा स्टील से इस्तीफा दे दिया था और वे कदमा दिंदली रोड स्थित अपने बंगलों को खाली करने की तैयारी में थे। तभी यह हादसा हो गया। विजय सिंह निराला अपने पीछे पत्नी प्रियदर्शनी शर्मा, बड़े बेटे प्रत्यूष आनंद और छोटे बेटे ईशान आनंद को छोड़कर गए हैं। निराला का बड़ा बेटा बंगलुरु में एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करता है।

जबकि छोटा बेटा डीएवी स्कूल बिस्टुपुर का छात्र है। विजय सिंह निराला बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर जिले के पटसारा गांव के निवासी थे। उन्होंने करीब तीन दशक तक टाटा स्टील में अपनी सेवा दी।

### परिजनों ने बताया दुर्घटना, कोई शक नहीं

विजय सिंह निराला के परिजनों का कहना था कि वे अन्य दिनों की भांति आज भी अपनी फॉक्सवैगन कार से स्टेशन सब्जी लेने गए थे। किन्तु लौटे नहीं थे तभी सुबह 10.20 मिनट पर जुगसलाई पुलिस ने निराला के घर पहुंच कर उनके नहीं रहने की जानकारी दी। पुलिस ने निराला की कार को रेलवे लाइन के कुछ दूरी पर से बरामद किया है क्योंकि अभी निराला के पास में कोई सुसाइडल नोट नहीं बरामद हुआ है इसलिए पुलिस इसे एक दुर्घटना ही मान रही है। परिजन भी इसे दुर्घटना के अलावा कुछ नहीं मानते और ना ही उन्हें किसी पर शक है। विजय कुमार निराला के शव का आज पोस्टमार्टम एमजीएम मेडिकल कॉलेज के फॉरेंसिक विभाग में हुआ और शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### पार्वती घाट पर आज होगी अंत्येष्टि

निराला की अंत्येष्टि रविवार की पूर्वान्ह बेला में होने की उम्मीद है। तब तक बंगलुरु से उनका बड़ा बेटा और अन्य शहरों में रहने वाले उनके नजदीकी संबंधी पहुंच जाएंगे। निराला की मौत की खबर मिलते ही टाटा स्टील के कई वरिष्ठ अधिकारी उनके कदमा स्थित आवास और पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। यद्यपि निराला 2 माह पूर्व ही कंपनी से इस्तीफा दे चुके थे। इसलिए कंपनी ने उनकी मौत पर किसी भी तरह का टिप्पणी करने से इनकार किया है। निराला ने निजी कारणों से 2 माह पूर्व अपने पद से और कंपनी के नौकरी से इस्तीफा दे दिया था और वे भविष्य की तैयारी कर रहे थे। निराला की मौत से उनके तमाम सगे संबंधी और दोस्त -यार हतप्रभ हैं। उनके साथ कदमा सोनारी लिंक रोड पर मॉर्निंग वॉक करने वाले दोस्तों ने भी खबर मंत्र को बताया कि निराला कभी तनाव में नहीं दिखे। वह आज वॉक पर नहीं आए थे। अन्य दिनों वह नियमित रूप से वर्क करने आते थे और अपने मॉर्निंग वाकर दोस्तों के साथ खूब हंसी मजाक करते थे।

## प्रोजेक्ट 'परख : पढ़ाई और खेल'- 147 हाई स्कूल में आयोजित हुई साप्ताहिक परीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जिले के सरकारी स्कूलों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने को लेकर शुरू किये गये प्रोजेक्ट 'परखः पढ़ाई और खेल' के अंतर्गत 147 हाई स्कूल में साप्ताहिक परीक्षा आयोजित की गई। उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त मनीष कुमार द्वारा किए गए इस पहल के सुखद परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं, करीब 14 हजार नामांकित बच्चों में जहां पहले साप्ताहिक परीक्षा में बच्चों की उपस्थिति 80 फीसदी थी वहीं तीसरे सप्ताह में अब बच्चों की उपस्थिति 90 फीसदी दर्ज की गई है। बच्चे बड़े उत्साहपूर्वक परीक्षा में बैठने स्कूल आ रहे हैं । 10वीं की कक्षा में सामाजिक विज्ञान एवं अंग्रेजी तथा 12वीं में भौतिक विज्ञान की परीक्षा ली गई। शहरी क्षेत्र के परीक्षा केंद्र टाटा वर्कर्स यूनियन हाई स्कूल, कदमा, मिथिला हाई स्कूल, सोनारी तथा राजस्थान विद्या मंदिर हाई स्कूल, साक्ची का निरीक्षण करने पहुंचे उप विकास आयुक्त ने परीक्षा खत्म होने के बाद बच्चों के साथ संवाद स्थापित किया।

## श्रीनाथ विवि में फाईन आर्ट्स प्रदर्शनी का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय आदित्यपुर के स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स ने अपना पहला वार्षिक दो दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया। फाईन आर्ट्स प्रदर्शनी का समापन आज होगा। प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि टाटा स्टील के वैधानिक अनुपालन प्रबंधन और सोसायटी के प्रमुख निशिथ कुमार सिन्हा थे। श्रीनाथ विवि के फाईन आर्ट्स विभाग के छात्रों द्वारा कलात्मक कार्यों के विविध संग्रह का प्रदर्शन किया गया। दर्शकों के देखने के लिए पेंटिंग, मनमोहक मूर्तियां और उत्कृष्ट मिट्टी के बर्तनों का प्रदर्शन किया गया। फाईन आर्ट्स विभाग के विभागाध्यक्ष नलिन चंद्रा ने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रो की कलात्मक अभिव्यक्ति और हमारे उभरते कलाकारों को समुदाय के साथ अपने अद्वितीय दृष्टिकोण साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। ललित कला विभाग के सहायक प्राध्यापक गणेश महतो और नेहा पांडे ने फाईन आर्ट्स प्रदर्शनी का समन्वय किया। श्रीनाथ विवि के कुलपति डॉ गोविंद महतो ने कहा कि हम अपने विवि सभागार में अपना पहला फाईन आर्ट्स प्रदर्शनी की मेजबानी करके रोमांचित हैं। श्रीनाथ विश्वविद्यालय शहर का एकमात्र ऐसा विवि है जो पाठ्यक्रम के रूप में फाईन आर्टस को कोर्स के रूप मे उपलब्ध किया है। हमारा मानना है कि यह प्रदर्शनी देखने आने वाले सभी लोगों के जीवन को प्रेरित और समृद्ध करेगा।

## एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

### अचीवर्स डे -2023 धूमधाम से संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** शनिवार को एसडीएसएम स्कूल फर एक्सीलेंस के प्रेक्षागृह में सत्र 2022-2023 की कक्षा 10वी एवं 12वीं में शैक्षणिक स्तर पर उत्ष्ट प्रर्दषन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। स्कूल परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में स्कूल की प्राचार्या मौसमी दास ने सीबीएसई10वी एवं 12वीं में अव्वल रहें विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। टॉपरो के साथ ही सब्जेक्ट टॉपर भी पुरस्कृत किए गए। 10वीं में टॉपर तनुप्रिया-966% और 12वीं विज्ञान संकाय से मृणमय महतो-9225% और कला संकाय से स्तुति कुमारी-9025% को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्या ने इस टॉपरों की मेहनत को सराहा एवं बेहतर भविष्य की कामना की। छात्रो को अपने गीता के श्लोक के द्वारा संदेश देते है कि मनुष्य को बिना फल की आशा किए बिना कर्म करना चाहिए। मौके पर स्कूल की शिक्षक-षिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, अभिभावक मौजूद थें।

## बाबा बैधनाथ सेवा संघ के निशुल्क कांवर यात्रा का पंजीयन का कार्य पूर्ण

16 जुलाई को सुल्तानगंज प्रस्थान करेगा कांवरियों का जत्था

पीली गंजी एवं पीली टोपी कांवरियों का रहेगा पहचान : विकास सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सावन के महीने में बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ की ओर से आयोजित की जाने वाली निशुल्क कांवर यात्रा का पंजीयन का कार्य पूरा हो गया है। टाटानगर से सुल्तानगंज जाने वाले 1000 शिव भक्तों में कुल 656 महिलाएं एवं 344 पुरुषों का पंजीयन किया गया है यह जानकारी बाबा बैधनाथ सेवा संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने सोनारी के भूतनाथ मंदिर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया। विकास सिंह ने कहा पुरुषों की तुलना में महिलाओं का ज्यादा पंजीयन हुआ है, इस वर्ष कदमा सोनारी और मानगो के शिवभक्त बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ की ओर से आयोजित कांवर यात्रा में शामिल हो रहे हैं। विकास सिंह ने बताया यात्रा की पूरी तैयारी लगभग हो चुकी है यात्रा में शामिल पुरुषों को टी-शर्ट एवं महिलाओं के बीच टोपी का वितरण किया जाएगा, सभी के गले में फोटो युक्त पहचान पत्र रहेगा जिससे यात्रा में शामिल शिव भक्तों का पहचान आसानी से हो सकेगा।

# जिला सैनिक बोर्ड चाईबासा के द्वारा आर्मी कैम्प सोनारी में जागरूकता शिविर संपन्न

सोनारी पॉली क्लीनिक का लक्ष्य पूर्व सैनिकों व परिवार को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा देना : कर्नल (रिटा.) बाजवा

खबर मन्त्र ब्यूरो



कर्नल तेजपाल बाजवा व कर्नल किशोर सिंह।

**जमशेदपुर।** आर्मी कैम्प सोनारी के फैमिली वेलफेयर सेंटर में जिला सैनिक बोर्ड चाईबासा के कल्याण पदाधिकारी कर्नल किशोर सिंह के नेतृत्व में तीनों सेना के सेवानिवृत्त सैनिकों के कल्याण एवं नई पॉलिसियों की जानकारी देने के लिये जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्टेशन हेडकवाटर सोनारी के एडम कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश गुप्ता ई सी एच एस पॉलिक्लिनिक जमशेदपुर के ऑफिसर इनचार्ज लेफ्टिनेंट कर्नल तेजपाल बाजवा, वेटरन्स के रूप में डॉक्टर ब्रिगेडियर नरिंदर विलखू, कर्नल चतुर्भुज नाथ, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉक्टर विकास कुमार के साथ साथ कोल्हान के गौरव सेनानी एवं वीर नारी शामिल हुई। कार्यक्रम का संचालन करते हुवे वेटरन सुशील कुमार सिंह इस कैम्प की तारीफ करते हुवे उपस्थित सैनिकों के द्वारा करतल ध्वनि से शिविर के सहयोगी जिला सैनिक बोर्ड एवं ई सी एच एस के पदाधिकारी एवं सदस्यों की टीम का स्वागत अभिनंदन के साथ आभार व्यक्त किया। आने वाले समय मे एक दूसरे के सहयोग से सभी सैनिक परिवार के सुख दुःख में सहयोगी की भूमिका निभाने के संकल्प को दुहराया।यही भारतीय सेना की विशेषता है। कार्यक्रम की शुरूवात कर्नल किशोर सिंह ने बीते तीन महीनों में वीरगति को प्राप्त सेना के वीर जवान एवं पूर्व सैनिकों की पुण्यात्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन श्रद्धांजलि दिलवाए। साथ ही पेंशन स्कॉलरशिप रोजगार लाइफ सर्टिफिकेट रिकॉर्ड में नाम सुधार जानलेवा बीमारियों (केंसर एवं डायोलोसिस) के इलाज के लिये राज्य सरकार से मिलने वाले वित्तीय सहायता की जानकारी दी। कोल्हान के सभी पूर्व सैनिकों को अपने अपने क्षेत्र के संगठन से जुड़ने की सलाह दी ताकि समय समय पर केंद्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। ई सी एच एस ऑफिसर इंचार्च लेफ्टिनेंट कर्नल तेजपाल बाजवा ने 64 के वी के कार्ड की सुविधा की जानकारी दी एवं जिन सदस्यों ने अब तक कार्ड नही बनवाया उन्हें नया कार्ड बनवाने का तरीका समझाया। पॉलिक्लिनिक जमशेदपुर का लक्ष्य है कि पूर्व सैनिकों के हर बीमारी का इलाज बेहतर ढंग से ई सी एच एस, इम्पैनल अस्पताल और सेना के अस्पताल में हो सके। अगर कोई सैनिक इसके अलावा इमरजेंसी में कहीं इलाज कराता है तो उसको केंद्रीय सरकार के दर से बिल भुगतान हो सके। दो वीर नारियों को कैम्प में ही उनका चेक प्रदान किया गया। कुछ सैनिक साथियों ने अपनी समस्याओं की जानकारी दी जिसके निदान के लिये जिला सैनिक बोर्ड के क्लर्क महेंद्र चौधरी एवं प्रभात कुमार ने गाइड बताया। कुछ वेटरन्स को कल्याण पदाधिकारी ने वेटरन्स बैज भी प्रदान किये। साथ ही पूर्व सैनिकों की संस्थाओं की उनके सेवाभाव से जरूरतमंद सैनिक एवं सिविलियन्स की प्रशंसा की। इस बर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाने की सहमति बनी एवं सोमवार जिला उपायुक्त महोदया से इस संदर्भ में एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्मी यूनिट के 2आई सी लेफ्टिनेंट कर्नल मोहित जैन यूनिट के जवानों के साथ साथ सैनिक संस्था के भूषण सिंह शैलेन्द्र सिंह संजय श्रीवास्तव दिनेश सिंह अमित कुमार देवेंद्र त्रिपाठी गोविंद राय राजकुमार कसेरा अजय कुमार सिंह अवधेश कुमार मनोज सिंह विवेक सिंह आर के चौधरी एच एम भारती एस जी प्रसाद बुद्धा बहादुर सीताराम चौधरी सुनील सिंह दयाभूषण शिवकुमार सिंह रामजी सिंह सुधीर सिंह आदि सैकडों गौरव सेनानी शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### विधानसभा की आश्वासन समिति ने जिले के पदाधिकारियों संग की बैठक


बैठक की अध्यक्षता करते विधायक दीपक बिरुआ।

**जमशेदपुर।** परिसदन सभागार, जमशेदपुर में झारखंड विधानसभा की आश्वासन समिति के माननीय सभापति दीपक बिरुवा एवं माननीय सदस्य बैधनाथ राम ने पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, समेत जिला के अन्य वरीय व विभागीय पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में झारखंड विधानसभा में सरकार की ओर से विभिन्न विभागों के 63 मामलों में दिये गए आश्वासन की रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। 10 मामलों पर समिति ने विस्तृत समीक्षा की तथा अन्य सम्बंधित विभागों से रिपोर्ट मांगा गया। प्रेस प्रतिनिधियों से बातचीत में सभापति ने कहा कि स्वर्णरेखा नदी में प्रदूषण के मामले, बागबेड़ा स्थित एक निजी कम्पनी द्वारा प्रदूषण नियंत्रण को लेकर की गई कार्रवाई, जुस्को द्वारा पेयजलापूर्ति आदि के मामलों में विस्तृत समीक्षा समिति ने की तथा उक्त को लेकर विधानसभा में दिए गए आश्वासन के विरुद्ध कृत कार्रवाई से समिति अवगत हुई। सभापति ने कहा कि आश्वासन समिति विधानसभा में सरकार की ओर से दिए गए वक्तव्यों का एक प्रकार से ऑडिट करती है जिसमें दिए गए आश्वासन के प्रगति की समीक्षा जिले के वरीय पदाधिकारी एवं विभागीय पदाधिकारी के साथ भौतिक रूप से किया जाता है। मौके पर एसओ जेएनएसी संजय कुमार, एसओआर दीपू कुमार, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, जिला योजना पदाधिकारी अरुण द्विवेदी, जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया, डॉ रजनीकांत मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जेएच तारापोर स्कूल की छात्रा श्रीमयी श्यामल ने योग प्रतियोगिता में जीता गोल्ड



**जमशेदपुर।** जेएच तारापोर स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा श्रीमयी श्यामल ने एनसीआरटी नेशनल योग ओलंपियाड-2023 में गोल्ड मेडल जीत कर शहर का मान बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता गत माह 20 जून को कोलकाता में आयोजित किया गया था। श्रीमयी के पिता शांतनु श्यामल एक पुस्तक विक्रेता एवं माता शिखा श्यामल योग टीचर हैं और वे वीमेंस यूनिवर्सिटी से योग में पीएचडी भी कर रही हैं। श्रीमयी के नाना लालजी शर्मा लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के पूर्व संयुक्त सचिव पद पर रह कर समाज सेवा कर चुके हैं। श्रीमयी के नाना लालजी शर्मा बताते हैं कि उनकी नतिनी श्रीमयी इसके पूर्व जिला,राज्य एवं जोनल स्तर पर भी योग में कई पुरस्कार जीत चुकी है।

### डीबीएमएस लिलिपुट स्कूल सोनारी का कराया नवीनीकृत




**जमशेदपुर।** शनिवार को शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर रॉयल्स द्वारा सोनारी में डीबीएमएस लिलिपुट स्कूल के नवीनीकृत परिसर का उद्घाटन गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी निर्मला बरेलिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में धालभूम शिक्षा एसडीओ आशीष पांडे, एशिया के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल, समाजसेवी संतोख खेतान उपस्थित थे। इस मौके पर सभी अतिथियों ने जेसीआई जमशेदपुर रॉयल्स के प्रयासों की काफी सराहना करते हुए समाज एवं जन हित के कार्यों में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जेसीआई के संस्थापक अध्यक्ष तारा किशोर अग्रवाल ने बताया कि वे पिछले पांच वर्षों से इस स्कूल से जुड़े हुए है। इस स्कूल में कुछ न कुछ सहयोग के लिए गतिविधियां हमेशा करते रहते हैं। इस साल उन्होंने पूरे स्कूल परिसर के नवीनीकरण की योजना बनाई, जिसकी बहुत जरूरत थी। इसके अलावा, उन्होंने पेंटिंग, फर्श का काम, बिजली का काम, छत की चादर का काम और दीवार की पुताई करके पूरे परिसर का नवीनीकरण भी किया। यह सारा काम गर्मी की छुट्टियों के दौरान पिछले दो महीनों के भीतर किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जेसीआई के अध्यक्ष राहुल भालोटिया ने बताया कि यह वह स्कूल है जहां वंचित छात्र शिक्षा के लिए आ रहे हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि समय-समय इस स्कूल को अपग्रेड करते रहेंगे। साथ ही इस स्कूल में छात्रों की संख्या और शिक्षा की गुणवत्ता को भी बढ़ाने की योजना बनाएंगे। उद्घाटन समारोह में जेसीआई रॉयल्स के विभिन्न सदस्य भी मौजूद थे।

### मरांडी से मिले भाजपा नेता डॉ जटाशंकर पांडेय



**जमशेदपुर।** शनिवार को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबु लाल मरांडी को झारखंड प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य एवं भाजपा बुद्धिजीवी मंच के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ जटाशंकर पांडेय ने उन्हें मोरहाबादी आवास पर जाकर उन्हें बधाई तथा हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान डा पांडेय के साथ में सुनील श्रीवास्तव, बबलू नायक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। डॉ जटाशंकर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं तथा उन्हें पूरा भरोसा है कि भाजपा 14 लोकसभा सीट जीतेगी तथा झारखंड में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

### चांडिल : झामुमो ने भाजपाइयों का किया पुतला दहन

**चांडिल।** मध्य प्रदेश के सीधी में आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करने के विरोध में झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेंब्रम के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह एवं मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह का गत 6 जुलाई को चांडिल मेन रोड से चौक बाजार तक शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया। झामुमो नेता सुखराम हेंम्ब्रम ने कहा भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा एक आदिवासी युवक के ऊपर इस तरह के कुकृत करने से भाजपा का असली चेहरा उजागर हुआ है। भाजपा अपने आप को आदिवासी हितेषी कहने वाला आदिवासी विरोधी प्रमाण हो गया है। उन्होंने कहा प्रत्येक गांव में जाकर भाजपा का असली चेहरा उजागर करेंगे। इस मौके पर चारुचांद किस्कू, बुद्धेश्वर मार्डी, मोहम्मद मुर्तेज, मोहम्मद यूनिस अंसारी, मोहन कर्मकार, विशाल गोप, बैदनाथ टूडू, बुद्धेश्वर गोप, विश्वनाथ मंडल सहित कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पंचायत सचिवालय निर्माण का शुभारंभ



**मोहम्मदगंज पलामू।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रयास से भवन निर्माण मद से करीब 16 लाख की लागत से बननेवाले प्रखंड के रामबांध पंचायत सचिवालय के प्रथम तल्ला भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ शनिवार को जिला पार्षद अंजू देवी के पुत्र युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, मुखिया अबू नसर सिद्दिकी और 20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान ने नारियल फोड़कर किया। मौके पर अश्विनी कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत सचिवालय के भवन विस्तार से पंचायत सम्बंधित सभी विभागों के कार्यालय संचालित होगा। आम लोगो को पंचायत सम्बंधित कार्य के लिए काफी सहूलियत होगा। इस मौके पर शाहबाज खान, कमरुल हसन, आमिर हसन, जयप्रकाश मेहता, मोजिब खान, मिंटू खान, महताब आलम, असफाक आलम, कांशीराम, ताजुद्दीन, धर्मेंद्र सिंह, विक्की सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बारी मुखिया ने किया उपायुक्त से हाई स्कूल खोलने की मांग



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा प्रखंड के बारी मुखिया निरोतमा कुमारी ने उपायुक्त पलामू ए दोडे से शनिवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उपायुक्त पलामू से राजकीय मध्य विद्यालय बारी में दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई शुरू करने की मांग किया। मुखिया निरोतमा ने आग्रह करते हुए उपायुक्त से कहा कि प्रखंड मुख्यालय सतबरवा से बारी करीब सात किलोमीटर दूर पर स्थित है। इस क्षेत्र के छात्र छात्राओं को मैट्रिक की पढ़ाई करने के लिए दूर जाना पड़ता है। जिसके कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा बच्चियों को परेशानी होती है। उन्होंने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि जमीन भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त पलामू ने आश्वासन दिया है कि प्रयास किया जाएगा कि बारी मध्य विद्यालय को अपग्रेड कर उच्च विद्यालय बनाया जाय। इस कार्य के बारी पंचायत के उप मुखिया मुंदरी देवी, संजय विश्वकर्मा, बिजय शर्मा, सुख सागर सिंह समेत कई लोगों ने मुखिया के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### स्विट्जरलैंड के फिल्म फेस्टिवल के लिए चयनित हुई पलामू में शूट की गयी फिल्म



**मेदिनीनगर।** आगामी दो से 12 अगस्त तक स्विट्जरलैंड में आयोजित लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल के लिए पलामू में शूट की गयी फिल्म का चयन हुआ है। यह फेस्टिवल सबसे पुराणी फिल्म फेस्टिवलों में से एक है। फिल्म का नाम व्हिस्पर ऑफ फायर एंड वाटर है। यह फिल्म हिंदी और बांग्ला में है। फिल्म के निर्देशक लुब्धक चटर्जी है जो उनकी पहली फिल्म है। चटर्जी ने बताया की यह एक सामान्य फिल्म नहीं है, यह एक कलात्मक फिल्म है। इसकी कहानी भी लीक से हटकर है। यह एक ऐसी युवा की कहानी है, जो ब्रह्मांड में पाए जाने वाले शब्दों की खोज में भटक रहा है। इस फिल्म को फेस्टिवल में दिखाया जायेगा। साथ ही इस फिल्म को प्रतिष्ठित ग्रीन पार्दो पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया है। इस फिल्म को झारखंड के धनबाद और पलामू में फिल्माया गया है। इस फिल्म में पलामू टाइगर रिजर्व के प्राकृतिक सुंदरता को भी शानदार ढंग से दिखाया गया है। निदेशक चटर्जी ने कहा कि आने वाले समय में पलामू की खूबसूरत वादियों में फिर से नई फिल्म की शूटिंग करने की प्लानिंग की जा रही है। फिल्म के हीरो बंगाल के जाने माने अभिनेता सागिनक मुखर्जी है। इनके साथ इस फिल्म में झारखंड के वरीय रंगकर्मी व छायाकार सैकत चटर्जी एक अहम भूमिका निभाते दिखेंगे। धनबाद के अभिनेता रोहित कुमार भी इस फिल्म में अभिनय किया है। निर्देशक ने बताया की पलामू में इस फिल्म की शूटिंग संपन्न कराने में मासूम आर्ट ग्रुप और सैकत चटर्जी की अहम भूमिका रही है। मासूम आर्ट ग्रुप के अमर कुमार भांजा व राहुल कुमार ने इस फिल्म के तकनीकी टीम में शामिल थे। सैकत चटर्जी ने कहा कि उनकी फिल्मो का सफर काफी देर से शुरू हुई है, पर अब उनका लक्ष्य है कि पलामू का नाम फिल्मी दुनिया में स्थापित किया जाये। सैकत ने कहा कि वे आज अपने कैरियर के जिस भी मुकाम पर है वो पलामू के लोगों और मासूम आर्ट ग्रुप के साथी कलाकारों से मिले प्यार, सहयोग व आशीर्वाद के कारण है।

### सरस्वती बनी सोहड़ी खास की प्रधानमंत्री



**सतबरवा पलामू।** स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय सोहड़ी खास में बाल संसद का चुनाव किया गया। जिसमें सरस्वती कुमारी को प्रधानमंत्री और मुन्नी कुमारी को शिक्षा मंत्री का ताज मिला। वहीं रवनीत कुमार को स्वास्थ्य मंत्री, अनिता कुमारी को स्वच्छता मंत्री, छोटू यादव को सुरक्षा एवं न्याय मंत्री, कांग्रेश कुमार को पोषण मंत्री, प्रियंका कुमारी को उपस्थिति मंत्री, सुशीला कुमारी को कौशल विकास मंत्री, निरंजन उरांव को पर्यावरण मंत्री, यशवंत कुमार सिंह को खेलकूद एवं संस्कृति मंत्री, बबीता कुमारी को सूचना एवं संपर्क मंत्री का पदभार सौंपा गया। मनोनीत सदस्य के रूप में अर्चना कुमारी, बेबी कुमारी, पूजा कुमारी, अखिलेश यादव, गोविंदा कुमार गुप्ता, अनुपा कुमारी को नामित किया गया। बाल संसद का चुनाव मतदान की पूरी प्रक्रिया अपनाकर किया जाता है। चुनाव की पूरी प्रक्रिया निवार्ची पदाधिकारी के रूप में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक भरदूल कुमार सिंह के देखरेख में हुआ। वही पर्यवेक्षक के रुप में अर्पण कुमार गुप्ता एवं अभिजीत सतीश बारा, मतगणना पर्यवेक्षक के रूप में संतोष कुमार शर्मा और विधि व्यवस्था में नंद किशोर सिंह एवम कौशल किशोर, व्यवस्था में राजकिशोर प्रसाद ने भाग लिया। विजयी उम्मीदवारों को विद्यालय के हेडमास्टर ने सर्टिफिकेट प्रदान किया और उनके दायित्वों को ठीक ढंग से समझाते हुए शुभकामना दी।

### सगुना पंचायत सेवक व अमीन को हटाने की मांग

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के सगुना पंचायत के राकेश सिंह, सुभाष सिंह, संजय राम, धमेंद्र प्रसाद, हसीब अंसारी, नितेश सिंह, विद्या कुमार सिंह, नवीन सिंह, उदय सिंह, संतन सिंह, शशि सिंह, विमलेश सिंह, दिलीप राम समेत कई ग्रामीणों ने लोकपाल को आवेदन देकर सगुना के पंचायत सेवक व अमीन हसन अंसारी पर योजना में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने आवेदन की प्रतिलिपि पाटन बीडीओ, सगुना मुखिया को देकर कार्रवाई की मांग की है।

### किसान मित्र की बैठक में दी गयी जानकारी



**पाटन पलामू।** प्रखंड सभागार में किसान मित्र की बैठक किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष अजय सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड के किसान मित्र उपस्थित हुए। एटीएम विनय कुमार ने बताया कि पीएम किसान के लाभुकों को ईकेवाईसी लैंड सिडिंग, कृषि ऋण से संबंधित माफी योजना, केसीसी फॉर्म भरने आदि के बारे में कृषक मित्र को बताया। बैठक में अविनाश कुमार सिंह, मुकेश सिंह, सुधांशु कुमार, अनिरुद्ध मेहता, संतोष तिवारी, प्रमोद कुमार सिंह, कमलेश सिंह, अमरनाथ सिंह, कमलेश मेहता, अरविंद सिंह समेत किसान मित्र मौजूद थे।

### भाजपा नेताओं ने किया मरांडी का स्वागत



मेदिनीनगर। भाजपा के नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा एवं रविंद्र कुमार सिंह ने हार्दिक बधाई दी। अविनाश वर्मा एवं रविंद्र सिंह ने पार्टी कार्यालय में अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पार्टी सदस्य उत्कर्ष वर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

### राहिल ने किया लक्की स्पा सेंटर का उदघाटन



पाटन पलामू। पाठन प्रखंड स्थित हिसरा बरवाडीह मेन रोड पर लक्की स्पा सेंटर खोला गया। यह उपेंद्र ठाकुर के द्वारा संचालित होगा। इस सेंटर का उदघाटन युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष राहिल राज उर्फ प्रकाश राम ने किया। मौके पर राहिल राज ने कहा कि अब शहरो जैसा सुविधा आस पास के लोगो को गांव में ही मिलेगा। यहां कम रुपया में अच्छा सर्विस प्राप्त होगा।

# चपरवार गोली कांड में गैंगस्टर सुजीत सिन्हा का बड़ा भाई रायपुर से गिरफ्तार

## सुजीत सिन्हा गिरोह का संचालक का काम करता था अरूण : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पीपरा थाना क्षेत्र के चपरवार मोड़ के समीप एनएच 98 में ओवरब्रीज निर्माण कार्य चल रहा था। जिसमें सुजीत सिन्हा गिरोह द्वारा शिवाल्या कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक से सुजीत सिन्हा के नाम से मैसेज कर फिरौती की मांग की गई थी।

जिसमें फिरौती नहीं दिये जाने के कारण सुजीत सिन्हा गिरोह के अपराधियों द्वारा 27 जून को गोलीचालन की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें लेबर ठेकेदार को पैर में गोली लगी थी। जिस कारण ठेकेदार घायल हो गया था। इस मामले में कांड दर्ज कर पुलिस अनुसंधान करना प्रारंभ किया तो रांची से रिक्की खां को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस मामले में पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि रिक्की खां से पूछताछ के बाद उसके निशानदेही पर सुजीत सिन्हा के बड़े भाई अरूण कुमार सिन्हा को छतीसगढ़ के रायपुर जिला के गुरूहरी थाना क्षेत्र के गोंदुवारा तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अरूण सिन्हा पूछताछ के क्रम में पुलिस को बताया कि सुजीत सिन्हा के गिरोह का संचालक का काम करता था।

इसके द्वारा फिरौती की राशि को रियर स्टेट में लगाया जाता था। एसपी सिन्हा ने बताया कि सुजीत सिन्हा गिरोह के अन्य अपराधियों द्वारा फिरौती के रूप में जो राशि वसूल किया जाता था उसका संचालन अरूण सिन्हा के द्वारा किया जाता था। अरूण के पास से दो मोबाईल बरामद किया गया है।

जिसमें चपरवार में ओवरब्रीज निर्माण कार्य में लगे शिवाल्या कंस्ट्रक्शन से लेवी मांगे जाने का प्रमाण मिला है। उन्होंने कहा है कि इस गिरोह के द्वारा अंतरर्राष्ट्रीय मोबाईल सीम का उपयोग किया जाता था। जिसकी जांच की जा रही है। प्रेस वार्ता में अभियान एसपी ऋषभ गर्ग, पीपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह, हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास शामिल थे।

# टीपीसी नक्सली संगठन का कमांडर मनातू से गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतिय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) का कमांडर संतोष भुईयां को पुलिस ने मनातू थाना क्षेत्र के नागर ग्राम से गिरफ्तार किया है। पुलिस नक्सलियों के खिलाफ मनातू थाना क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चला रही थी।

इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर नागर ग्राम से इसे गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात हो कि बीते दिन पलामू-चतरा सीमा क्षेत्र के अनगड़ा जंगल में पुलिस व टीएसपीसी नक्सली संगठन के बीच मुठभेड़ की घटना हुई थी। जिसमें पलामू पुलिस द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान संतोष भुइयां पुलिस के नजरों से बचते चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। संतोष भुईयां वर्ष 2021 एवं 2022 में मनातू व चतरा थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में शामिल था। जो सुरक्षा बलों से बचकर भागने में सफल रहा था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि उससे अभी पूछताछ की जा रही है।

# विश्रामपुर में कल निकलेगा कांवर यात्रा, शामिल होंगे सैकड़ों श्रद्धालु

>> सर्व मनोकामना पूर्ति अष्टभुजी मंदिर में सावन माह के प्रत्येक सोमवार को होगा जलाभिषेक

## श्रद्धालु जलाभिषेक कर पुण्य के भागी बने : डा ईश्वरसागर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड के नावाडीह कला स्थित सर्व मनोकामना पूर्ति अष्टभुजी मंदिर में सावन माह के प्रत्येक सोमवार को जलाभिषेक होगा। इसके लिए सोमवार को बिश्रामपुर में कांवर यात्रा निकाली जायेगी। जिसमे सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। कांवर यात्रा की सारी तैयारी भी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवर यात्रा निकाली जायेगी। रेहला कोयल नदी से जल लेकर श्रद्धालु सर्वमानोकमाना पूर्ति अष्टभुजी मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालुओं के लिए खुशी की बात यह है कि इस बार सावन लावण मास के कारण आठ सोमवार पड़ रहा है। प्रत्येक सोमवार को कांवड़ यात्रा निकलेगी और जलाभिषेक भी होगा। चंद्रवंशी ने विश्रामपुर विस क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में जलाभिषेक कर पुण्य के भागी बने। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने कहा कि दूर से आने वाले लोगों के लिए वाहन की भी व्यवस्था मंदिर प्रबंधन द्वारा किया गया है। इसके अलावा मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के लिए अन्य कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, इदरीस हवरी, उदेश्वर यादव, रजनीश चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

# केएन त्रिपाठी माइंस के मजदूरों के धरना प्रदर्शन में हुए शामिल कहा- मजदूरों को हर हाल में दिलायेंगे हक व अधिकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



>> सेल प्रबंधन के उच्च अधिकारियों और मुख्य महाप्रबंधक के साथ की वार्ता, आश्वासन के बाद मजदूरों का धरना समाप्त

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के त्रिपाठी के नेतृत्व में बोकारो सेल के प्रशासनिक भवन के पास इंटक के बैनर तले चल रहे भवनाथपुर खदान समूह के तुलसीदामर डोलोमाइट माइंस को चालू कर श्रमिकों को रोजगार देने एवं डोलोमाइट माइंस के मजदूरों को त्रुटिपूर्ण फुल एंड फाइनल सेटेलमेंट में सुधार कर सभी मजदूरों को इसका लाभ देने और सेल भवनाथपुर द्वारा अधिग्रहित भूमि संबंधित सभी रैयतों को वापस करने के सवाल पर 22जून से चल रहा मजदूरों का धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। इसके पूर्व शनिवार को धरना प्रदर्शन में पूर्व त्रिपाठी शामिल हुए। त्रिपाठी का मजदूरों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर त्रिपाठी ने कहा कि मजदूरों की मांगें जायज है। मजदूरों को हक व अधिकार दिलाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। पूर्व मंत्री त्रिपाठी मजदूरों की मांगों को सुनने के पश्चात सेल प्रबंधन के उच्च अधिकारियों ईडीपी एंड ए,ईडी माइनिंग एवं मुख्य महाप्रबंधक के साथ सकारात्मक वार्ता कर मजदूरों की मांगों को पूर्ण कराने की दिशा में पहल किया। मुख्य रुप से सेल प्रबंधन के उच्च अधिकारियों के द्वारा डोलोमाइट माइंस चालू करने हेतु झारखंड सरकार से 15 वर्षों के माइनिंग लीज दिलवाने हेतु सरकार के माइनिंग सचिव एवं अन्य अधिकारियों से बैठक कर समाधान हेतु सहमति बनी। साथ ही साथ मजदूरों के त्रुटिपूर्ण फुल एंड फाइनल सेटेलमेंट में सुधार कर सभी मजदूरों को इसका लाभ दिलवाने हेतु सकारात्मक वार्ता हुई। तत्पश्चात अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को स्थगित करने की घोषणा की गई। मौके पर गढ़वा जिला इंटक अध्यक्ष सुशील कुमार चौबे, प्रदीप शर्मा, मजदूर नेता बबन पासवान, राम लखन राम, शंभू पासवान, जय कुमार पासवान, सुदेश्वर सिंह, संजय सिंह, रामप्रवेश सिंह, शैलेश चंद्रवंशी, परम देव सिंह, रंजन दुबे, मनोज यादव आदि उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं के बल पर कांग्रेस जीतेगा आगामी चुनाव : बिट्टू पाठक



**नीलांबर पीताम्बरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा के प्रखंड लेस्लीगंज में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला ने की। बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ऊर्फ बिट्टू पाठक, विशिष्ट अतिथि जिला राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश अमन, कार्यक्रम प्रभारी सुरेश पाठक एवं सह प्रभारी शमीम अंसारी शामिल थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर लोकसभा एवं विधानसभा में कांग्रेस पार्टी परचम लहरायेगा। बैठक का संचालन राघव तिवारी ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष तालकेश्वर पासवान, 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, प्रखंड प्रभारी सुरेश पाठक, कोषाध्यक्ष अजय साहू, नंदकिशोर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, मंडल अध्यक्ष राजू पासवान, अभिमन्यु मेहता, मंगल पांडे, वेदनाथ चौधरी, नगीना चौधरी, राम नरेश महतो,राहुल सिंह, विक्की शुक्ला, अरविंद डिसिल्वा, मनीष यादव, सत्येंद्र सिंह, अजीत सिंह, संतोष पांडे, अनिल शुक्ला, प्रभात पांडे, अनुज सिंह, सत्येंद्र पासवान, अमावस खान समेत कई लोग उपस्थित थे।

# अवैध संबंध के संदेह पर पति ने की पत्नी की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**सतबरवा पलामू।** थाना क्षेत्र के सलैया गांव के परहिया टोला निवासी विजय परहिया ने गांव के ही एक युवक से अवैध संबंध होने की संदेह में पत्नी फुग्गा देवी उम्र करीब (24) को शुक्रवार की रात्रि में गला दबा कर हत्या कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं विजय के निशानदेही पर पुलिस ने मृत महिला का शव औरंगा नदी के किनारे से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया है। बताया जाता है कि महिला के पति विजय के द्वारा अवैध संबंध के संदेह होने पर काफी विवाद बढ़ गया था, जिसको लेकर शुक्रवार को पंचायत भी बुलाई गई थी। दोनों को समझा-बुझाकर मिलजुल कर रहने की सलाह दी गई थी। विजय परहिया बाहर में रहकर काम किया करता था। सतबरवा थाना के एसआई राहुल कुमार गुप्ता ने बताया कि विजय शुक्रवार की रात्रि में अपनी पत्नी फुग्गा देवी को बहला-फुसलाकर घर से करीब एक किमी दूरी पर औरंगा नदी के किनारे ले गया। वहीं दोनों के बीच कहासुनी हुई। उसके बाद पत्नी के साड़ी से ही गला दबाकर हत्या कर नदी के किनारे झाड़ी में फेंक दिया। राहुल गुप्ता ने बताया कि मृत महिला फुग्गा की मां मालती देवी ने अपने दामाद पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। मृतक के एक बेटा तथा एक बेटी है। इधर चतरा सांसद के पलामू जिला स्वास्थ्य एवं खेलकूद प्रतिनिधि धीरज कुमार, पूर्व मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता शंभू उरांव, दामोदर मेहता, वार्ड सदस्य बबलू परहिया ने घटना की निंदा करते हुए इसे जघन्य अपराध बताया है।

### बीडीओ ने पीडीएस दुकानों का किया औचक निरीक्षण



विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने शनिवार को रेहला क्षेत्र के कई पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उठाव, वितरण व भंडारण पंजी का जांच किया। बीडीओ ने लाभुकों की समस्याएं भी सुनी और समाधान हेतु भरोसा भी दिया। बीडीओ हेंब्रम ने डीलरो को समय पर राशन वितरण करने तथा नियमित दुकान को खोलने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि ग्रीन कार्ड धारियों का जनवरी माह का राशन तथा अंत्योदय व लाल कार्ड धारियों का जुलाई माह तक का राशन सभी डीलरो को प्राप्त हो चुका है जिसे कार्डधारी पीडीएस दुकान से उठाव कर सकते हैं। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि खाद्यान वितरण में कोई भी अनियमितता बर्दाश्त नही की जायेगी। दोषी डीलरों को बख्शा नहीं जायेगा।

### सर्वेश्वरी समूह ने विश्रामपुर में लगाया निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर



**विश्रामपुर (पलामू)।** सर्वेश्वरी समूह की विश्रामपुर शाखा द्वारा स्थानीय आश्रम में निशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का उदघाटन सासाराम से आये डॉ उपेंद्र कुमार सिंह व शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सको द्वारा कई मरीजो का स्वास्थ्य जांच किया गया। जांचोपरांत सभी मरीजो को निशुल्क दावा भी दी गई। नागेंद्र प्रसाद ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह बगैर किसी भेद-भाव के निस्वार्थ भाव से मानव मात्र के कल्याण में लगा रहता है। मौके पर संतोष सिंह, संजय कुमार सिंह, बामदेव सिंह, डॉ नरेंद्र पाल, अचितानंद पांडेय, नागेंद्र प्रसाद सिंह, अचितानंद गर्ग सहित कई लोग मौजूद थे।

### उच्च गुणवत्ता वाले बीज का प्रयोग करें किसान : बीडीओ

**नावाबाजार (पलामू)।** किसान बेहतर और तकनीक से खेती करें तो उत्पादन ज्यादा होगी। खेती को व्यवसायिक रूप दिये जाने का प्रयास करने से अत्यधिक मुनाफा होगा। खरीफ मौसम में विभिन्न फसलों की अधिक उत्पादन के लिए किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज का उपयोग करने की आवश्यकता है। साथ ही जैविक खाद का प्रयोग करें, ताकि अधिक उत्पादन हो सके और उसके सेवन से स्वास्थ्य पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव भी नहीं पड़े। यह बातें नावाबाजार के प्रखंड विकास पदाधिकारी एमडी अमीर हमजा ने कही। वे शनिवार को नावाबाजार प्रखंड परिसर में आयोजित प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला में किसानों को संबोधित कर रहे थे। इसकी अध्यक्षता करते हुए प्रखंड के उप प्रमुख अमीर खुर्शीद आलम ने किसानों से मोटे अनाज को प्रमुख फसलों में शामिल करने की अपील की। संचालन सहायक तकनीकी प्रबंधक अनिल कुमार मेहता ने की। किसानों को लाइन शोइंग विधि से मंडुवा, ज्वार, बाजरा मक्का धान और खरीफ फसलों की खेती के विधि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इसके अलावा केंद्र व राज्य प्रायोजित पीएम किसान सम्मान निधि योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, केसीसी के लाभ, पीएम कुसुम योजना सहित सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि, सहायक तकनीकी प्रबंधक, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जगदीश सिंह, प्रखंड के किसान मुन्ना पांडेय, सत्येंद्र मेहता आदि किसान एवं किसान मित्र उपस्थित थे।

# नव नामांकित बच्चों का आधार और खाता खुलवायें : मनोज

## बीपीओ ने की शिक्षकों संग बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड संसाधन केंद्र सतबरवा के प्रशाल में शनिवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज तिवारी ने समीक्षा बैठक की। बैठक में वैसे विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे जिनके द्वारा अब तक चाइल्ड वाईज आधार मैनोटरी का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। बैठक में बीपीओ मनोज तिवारी ने सभी शिक्षकों को निर्देश दिया कि 10 जुलाई तक सभी शिक्षक कार्य को पूर्ण करते हुए ई विद्या वाहिनी में एसडीएमआईएस का कार्य 10 जुलाई तक पूर्ण कर लेंगे। वही उन्होंने कहा कि सत्र 2023 में बच्चों का नामांकन करते हुए ई विद्या वाहिनी पर अपलोड करना सुनिश्चित करें तथा वैसे विद्यालय जिनके द्वारा बच्चों को अगले कक्ष में प्रोन्नति दी गई है उन सभी बच्चों को अन्य विद्यालय में नामांकन कराना भी सुनिश्चित करेंगे। तिवारी ने कहा कि प्रारंभ से ही विद्यालय में सभी नव नामांकित बच्चों का आधार एवं खाता खोलना सुनिश्चित किया जाए। इसे अति आवश्यक समझें।

# उत्कृष्ट सेवा के लिए शिशु विशेषज्ञ संतोष मेहता व डा कादिर सम्मानित



**मेदिनीनगर/मनातू।** आशी लाइफ केयर अस्पताल रांची रोड के प्रख्यात नवजात शिशु विशेषज्ञ डॉ संतोष मेहता और गढ़वा के डा कादिर परवेज को स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार के तरफ से प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना में नवजात शिशुओं के निःशुल्क और बेहतरीन इलाज करने के लिए मोमेंटो ओर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने के बाद चिकित्सकों ने कहा कि वे उक्त सम्मान पाकर खुद को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। डॉ संतोष मूलतः डालटनगंज के ही रहने वाले हैं। इन्होंने मेडिकल की पढ़ाई बीएचयू से की इसके बाद सीधे ये अपने छोटे से शहर डालटनगंज में अपनी सेवा देने को आये। फिलहाल ये 3-4 वर्षो से अपनी निःस्वार्थ सेवा लगातार दे रहे। आशी केयर हॉस्पिटल में सेवाकाल के दौरान लगभग 700 ग्राम के नवजातों को भी ठीक किया है तथा लगभग 2000 नवजातों का निःशुल्क इलाज किया गया है। डॉ मेहता ने बताया कि आशी केयर अस्पताल अत्याधुनिक उपकरणों जैसे वेंटीलेटर, सी पेप आदि से लैस है। यहां के सभी डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के दिन रात काम करने से ही यह संभव हो पाया है। डॉ कादिर ने कहा कि आशी केयर अस्पताल में मरीजों को बेहतर ईलाज व सुविधा प्रदान की जाती है।

# हार्ले डेविडसन : मार्केट का बदलेगा खेल

## ऑनलाइन बुकिंग प्रारंभ डिलीवरी सितंबर से : आनंद ऑटोबाइक्स

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** अमेरिकी कंपनी हार्ले डेविडसन ने हीरो मोटोकॉर्प के साथ मिलकर भारतीय बाजार में अपनी सबसे सस्ती मोटरसाइकिल एक्स440 लॉन्च कर दी है। हार्ले डेविडसन एक्स440 की शुरूआती एक्स शोरूम कीमत महज 2.29 लाख रुपए है। भारतीय बाजार में 350 सीसी से लेकर 650 सीसी सेगमेंट तक की मोटरसाइकिल में रॉयल एनफील्ड की बादशाहत को चुनौती देने आई हार्ले डेविडसन एक्स 440 का मुकाबला रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 और हौंडा सी बी 350 के साथ ही अन्य कंपनियों की बाइक से है। एचडी एक्स440 में 440सीसी का सिंगल सिलेंडर ओर ऑयल कूल्ड इंजन लगा है। जिसके बारे में कंपनी का दावा है कि यह 6000 आरपीएम पर 27 बीएचपी की पावर मैक्सिमम पावर और 4000 आरपीएम पर 38 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है। एक्स 440 6- स्पीड गियर बॉक्स से लैस है।

**खूबियां :** हार्ले डेविडसन एक्स 440 की अन्य खूबियों की बात करें तो इसमें सिंगल सीट सेटअप, मोटे ग्रैब रेल, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी से लैस टीएफटी डिस्प्ले के साथ सर्कुलर शेप का इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, फ्रंट में यूएसडी फॉक्स, रियल में ट्विन शॉक अब्जॉर्बर है, डिस्क ब्रेक, साइड स्टैंड इंजन कट ऑफ फंक्शन, ड्यूल-चैनल एबीएस, 18 इंच के फ्रंट और 17 इंच के रियर एमआरएफ टायर समेत सारी खूबियां हार्ले डेविडसन एक्स 440 को आने वाले समय में लोगों की फेवरेट बाइक बना सकती है आगामी सितंबर में इसकी डिलीवरी शुरू होगी।

### इसकी खासियत भी जान लें

स्पोर्टी हार्ले डेविडसन एक्स 440 के लुक की बात करें तो ट्यूबलर ट्रेलिस फ्रेम पर बेस्ड इस बाइक में रेट्रो स्टाइल वाली राउंड शेप की हेड लाइट लगी है, जिसके बीच में एलइडी डीआरएल बार लगे हैं। इसमें अंडाकार टेल लैंप, सर्कुलर इंडिकेटर, मस्कुलर फ्यूल टैंक, चौड़े फ्लैट हेंडलबार,मिड सेट फुट पेग , ब्लैक इंजन बे और एग्जॉस्ट के साथ ही राउंड शेप के स्पीडोमीटर लगे हैं। यह मोटरसाइकिल देखने में काफी स्पोर्टी लगती है।

# वर्तमान समय में वृक्षारोपण जीवनोपयोगी और पावन कार्य : अनुग्रह नारायण शर्मा

## रोटरी स्कूल चैनपुर में वृक्षारोपण व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रोटरी स्कूल चैनपुर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृक्षारोपण कार्य किया गया। साथ ही क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर ग्रुप तथा सिनियर ग्रुप में किया गया। वृक्षारोपण कार्य का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष रो. अनुग्रह नारायण शर्मा, प्राचार्य अश्लेश कुमार पाण्डेय और उप प्राचार्या रितुल मुस्कान के द्वारा पुराकाल से पूजित व आराधित वट वृक्ष का रोपण के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में लगभग 500 पौधे लगाए गए। क्विज प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों में जूनियर ग्रुप में ग्रीन हाउस विजयी रहा। जिसमें अपेक्षा कुमारी, अनिषा गुप्ता, नैतिक राज तथा के अभिज्ञान कुमार, सीनियर ग्रुप में येलो हाउस विजयी रहा जिसमें हर्षवर्धन, दिव्यांशु तिवारी एवं आरजू खातून, जेसिका सिंह थे। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अनुग्रह नारायण शर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण वर्तमान समय में जीवनोपयोगी तथा पावन कार्य है, जो विश्व स्तर पर काफी तेजी से चलाया जा रहा है। निदेशक रो. अवधेश कुमार तिवारी ने कहा कि जीवों के अस्तित्व के लिए यह बहुत आवश्यक कार्य है। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि पर्यावरण संतुलन के लिए कुल भूभाग के 33% वृक्षों का होना आवश्यक है पर वर्तमान समय में यह भारत में मात्र 23% है। वृक्षारोपण में विद्यालय की समन्वयक स्मिता सिंह, वरीय शिक्षक गौरीशंकर मिश्र, सुषमा कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही क क्विज प्रतियोगिता को सफल बनाने में उमाकांत मिश्र, हर्शबाला, राहुल भरद्वाज, नम्रता पाण्डेय, प्रिया पाण्डेय, नेहा तिवारी एवं बरुण देव गुप्ता का योगदान रहा।

# महुदा में अवैध माइंस के कारण चंद्रपुरा-आद्रा रेल लाइन खतरे में

**इस मार्ग से गुजरती हैं राजधानी, शताब्दी जैसी महत्वपूर्ण ट्रेंनें**



**बिनोद रजक**

**महुदा।** एक और जहां धनबाद उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक टाउन हॉल में संपन्न होती है, जिले के सभी थानेदार एवं सभी अंचल के अंचलाधिकारी को दिया इससे कोई सख्त निर्देश दिया जाता है कि किसी भी सूरत में जिले में अवैध उत्खनन अवैध ट्रांसपोर्टिंग एवं अवैध भंडारण नहीं किया जाएगा अगर इस कार्य में शामिल कोई व्यक्ति पकड़ाता है तो उसके खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। वहीं दूसरी ओर धनबाद जिले के ही महुदा थाना क्षेत्र स्थित मुचराईडी रेलवे फाटक (चंद्रपुरा आद्रा रेल लाइन) के बगल में अवैध माइंस बनाकर कोयला का उत्खनन दिनदहाड़े किया जा रहा है। और सूरज अस्त होते ही ट्रकों में कोयला लोड कर बाहर के मंडियों में अवैध रूप से भेजा जा रहा है। धनबाद जिले के महुदा थाना क्षेत्र स्थित मुचराईडी रेल फाटक के बगल में बी सिंह एवं के पाठक नामक अवैध कोयला कारोबारी के द्वारा माइंस बनाकर कोयला का उत्खनन अवैध तरीके से किया जा रहा है ,जिसके कारण(चंद्रपुरा आद्रा रेल लाइन) दक्षिण पूर्व आद्रा डिवीजन के अंतर्गत पड़ने वाला रेलवे लाइन पर भी खतरा मंडरा रहा है। बताते चलें कि इस रेलमार्ग से राजधानी एक्सप्रेस नंदनकानन एक्सप्रेस शताब्दी एक्सप्रेस, पूरी एक्सप्रेस जैसी कई महत्वपूर्ण ट्रेनें गुजरती है। लेकिन अवैध कोयला कारोबारियों के द्वारा रेलवे लाइन के नीचे अवैध सुरंग बनाने से इस मार्ग पर कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

**पुलिस नहीं करती है कार्रवाई**

स्थानीय ग्रामीणों की माने तो महुदा पुलिस को उपरोक्त माइंस के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी है उसके बावजूद भी कार्रवाई नहीं होना कई सवालों को खड़ा करता है। अगर समय रहते ही आद्रा रेलवे डिविजन एवं रेलवे विभाग के द्वारा मुचराईडी रेलवे फाटक के पास चल रहे अवैध माइंस को बंद नहीं कराया जाता तो आने वाले समय में कोई बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## स्पीड न्यूज

### ठेकेदार से दिन-दहाड़े 4.5 लाख की लूट

**बेरमो/कथारा।** बोकारो जिला के कथारा मुख्य चौक शिव मंदिर के निकट से बाईक सवार दो लुटेरों ने दिन दहाड़े ठेकेदार से साढ़े चार लाख रुपये लूट लिए। पीड़ित ठेकेदार ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। देर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जुलाई को लगभग ग्यारह बजे झिरकी निवासी ठेकेदार जुनैद आलम द्वारा अपने कार में रखा बैग लुटेरों ने लूट लिया। बैग में नगदी साढ़े चार लाख रुपये था। घटना के संबंध में ठेकेदार जुनैद आलम ने बताया कि वह अपने भाई रफी अकरम के साथ बैंक ऑफ इंडिया शाखा कथारा से तीन लाख रुपये निकाल कर बैग में भरकर बाहर निकला। उसने बताया कि उक्त बैग में पहले से डेढ़ लाख रुपये था। दोनों भाई टाटा इंडिको कार से सीसीएल कथारा जीएम ऑफिस जा रहे थे।

### धनबाद जिला जदयू ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**धनबाद।** जदयू पार्टी के धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह के नेतृत्व में है स्थानीय समस्याओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी धनबाद को ज्ञापन सौंपा पिंटू कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से मुझे अवगत कराया। जाति प्रमाण पत्र तथा आवासीय प्रमाण पत्र को बनवाने में विद्यार्थियों समेत स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वृद्धा तथा विधवाओं को समय पर पेंशन नहीं मिलता है। पंचायतों में सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा स्ट्रीट लाइट की उचित व्यवस्था करने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे, जिला महासचिव कामेश्वर यादव, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, युवा प्रकोष्ठ के जिला महासचिव आदित्य पासवान शामिल थे।

### गोमो में मालगाड़ी की एक बोगी बेपटरी

**गोमो।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन के समीप शनिवार की सुबह प्लेटफॉर्म संख्या एक के डाउन यार्ड में खाली मालगाड़ी की एक बोगी बेपटरी हो गई। मालगाड़ी के बोगी बेपटरी होने की सूचना मिलते ही चीफ यार्ड मास्टर बीसी मंडल,आरपीएफ और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मी मौके पर पहुंचे,और बेपटरी हुई बोगी से अन्य बोगियों को अलग कर पटरी पर लाया गया।

### फंदे पर झूल युवक ने की आत्महत्या

**बेरमो/जारंगडीह।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह स्थित मनसा नगर निवासी एक युवक ने फांसी के फंदे से झुल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर डाली। मिली जानकारी के अनुसार मनसा नगर निवासी स्वर्गीय गणेश सिंह के पुत्र चेत लाल सिंह उम्र 28 वर्ष आज दोपहर करीब 1.30 से 2.00 के बीच अपने कमरे में मृतक पाया गया। मृतक युवक पेशे से ड्राइवर बताया जाता है। घरवालों का इस घटना क्रम के संबंध में कहना है कि वह ड्यूटी से आया और अपने रूम में चला गया। जब हम लोगों को अनहोनी का शक हुआ तो हम लोगो ने बगल के खिड़की से घुसकर देखा तो वह फंदे से झुल रहा था।

## चिरकुंडा : रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्त संग्रह

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के सरसापहाड़ी स्थित कुमारधुबी विद्युत सब स्टेशन मे डीवीसी का जन्मदिन समारोह आयोजित की गयी। इस मौके पर ब्लड डोनर कैम्प आयोजित की गयी जिसमे एनएमसीएच को 30 युनिट ब्लड दिया गया। कार्यक्रम मे डीवीसी पंचेत अस्पताल के चिकित्सक डा इन्द्रजाल चट्टोपाध्याय के देख रेख मे ब्लड डोनेशन कार्यक्रम की गयी मौके पर मुख्य अभियंता सीटीसी सुब्रतो गांगुली सीनियर प्रबंधक एंव इंचार्ज जीओएमडी/ सीनियर प्रबंधक सुमन भट्टाचार्या, सीनीयर प्रबंधक अनुपम मजुमदार, हरीनंदन यादव, यशवंत सिह,रघुवंश राम, राजेश पासवान, अशोक मांझी, प्रभाकर झा आदि ने रक्तदान किया। इसके अलावे मेढा उत्क्रमित विद्यालय के 155छात्रो को कापी पेंसिल ,पेन्सिल बाक्स, वाटर बोतल बिस्किट केक आदि बांटा गया। कार्यक्रम डिप्टी प्रबंधक पार्थसारथी दास के नेतृत्व मे किया गया।

## एक नजर में

### आंदोलनकारी मोर्चा ने सुखाड़ पर जतायी चिंता



**बोकारो।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान महासचिव राजदेव माहथा ने क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए इसे प्राकृतिक आपदा घोषित कर सरकार से पीड़ितों को सरकारी लाभ देने और राहत योजना चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 6 जुलाई 2023 तक मानसून की वर्षा जिस गति से होनी चाहिए थी, नहीं हुई। न किसानों को पर्याप्त जल मिल पाया न खेतों को। श्री माहथा ने कहा कि पिछले वर्ष-2022 में जिला के सभी प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया गया, परन्तु चास, चंदनकियारी व चन्द्रपुरा प्रखंड को भयंकर सुखाड़ से प्रभावित होने के बाद भी सुखाड़ क्षेत्र घोषित नहीं किया जाना एक गंभीर विषय है। उन्होंने इसे अन्नदाताओं के साथ धोखा बताया।

### रोटरी की महिलाओं ने मजदूरों को किया सम्मानित



**बोकारो।** रोटरी मिडटाउन कपल्स क्लब की महिला सदस्यों ने चास प्रखंड के सियालजोरी गांव में बर्तन बनाने वाले मजदूरों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं, उनके निदान की कोशिश की। उनके द्वारा किए गये कार्यों के लिये उन्हें सम्मानित किया एवं उन्हें भोजन कराया। संस्था की अध्यक्ष आमिषा अग्रवाल ने कहा कि इनके काम की इन्हें पूरी कीमत नहीं मिलती। हमारी संस्था इनके कामों को गांव से शहर के दुकानदारों के साथ जोड़ने की कोशिश करेगी ताकि इन्हें उचित दाम मिल सके। प्रवक्ता अनूप अग्रवाल ने बताया कि इनपर समाज को ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर कविता जैन, राजा जैन, अलका, साजन कपूर, रंजन, पुनीत आदि मौजूद रहे।

## डीवीसी चंद्रपुरा का मना स्थापना दिवस

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी के स्थापना दिवस समारोह में वरिष्ठ जीएम और प्रोजेक्ट हेड सुनील कुमार पांडेय ने सृजन उद्यान में जीएम परिचालन देवव्रत दास, डीजीएम प्रशासन टीटी दास, मानवेंद्र प्रियदर्शी, दिलीप कुमार, पीके झा, राज कुमार चौधरी, अजय कुमार सिंह, रविंद्र कुमार, अक्षय कुमार आदि की उपस्थिति में झंडोत्तोलन एवं डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अधिकारियों ने डीवीसी -2 उच्च विद्यालय के दो टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मौके पर श्री पांडेय ने कहा कि समाज और देश के उत्थान में डीवीसी की अहम भूमिका रही है और आगे भी डीवीसी अपनी इस भूमिका का निर्वाह करता रहेगा। आईएएस पंकज के पी श्रेयष्कर एवं चंदा शुक्ला ने समारोह में उपस्थित थे।

## डीआरएम माफी मांगें, नहीं तो करेंगे श्राद्धः रमेश पांडे

**धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर ब्राह्मण समाज का धरना**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** शनिवार को मुकुल ओझा की अध्यक्षता में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सम्बंधित सम्पूर्ण विप्र समाज के संयुक्त प्रयास से रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा के द्वारा अपने ही अधिनस्थ रेलवे कर्मचारी बसंत उपाध्याय के साथ अमानवीय व्यवहार के प्रतिकार स्वरुप दिया।ज्ञातब्य हो कि रेलवे अस्पताल में कार्यरत बसंत उपाध्याय ने डीआरएम कमल किशोर सिन्हा की पत्नी को चप्पल खोलकर डाक्टर के चेम्बर जाने के कहा।इसको डीआरएम की पत्नी ने इगो में लेकर अपने पति कमल किशोर सिन्हा के पास शिकायत कर दी। जिसके चलते डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने बसंत उपाध्याय को अपने कार्यालय में बुलाकर अमानवीय, अभद्र व्यवहार करते हुए कपड़ा उतरवा दिया। डीआरएम कमल किशोर सिन्हा अगर सात दिन के अन्दर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगेंगे तो ब्राह्मण समाज अपने माथा छिलवाकर कमल किशोर सिन्हा का श्राद्ध उनके कार्यालय के बाहर करने के लिए बाध्य होंगे। अपने अध्यक्षीय भाषण में मुकुल ओझा ने कहा कि रावन भी अनीति के चलते उनका ब्राह्मणों साथ छोड़ा।मंच संचालन अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज एवं सम्पूर्ण विप्र समाज के प्रदेश महासचिव सुरेश चन्द्र तिवारी ने किया। मौके पर ब्राह्मण समाज के संरक्षक हृदय कुमार मिश्र,नागेन्द्र प्रसाद शुक्ला,गीरीजा शंकर उपाध्याय, दीनानाथ दूबे, खगेन्द्र नाथ दूबे, मृणाल चौबे, सुरेन्द्र ओझा, रामाशंकर तिवारी, धुर्येटि प्रसाद दूबे, बलराम उपाध्याय,मनोज मिश्र, प्रमोद कुमार दूबे, भवानी बंदोपाध्याय,राजेन्द्र उपाध्याय, विद्युत चक्रवर्ती,वरीष्ठ अधिवक्ता दीपक कुमार चौबे,पप्पु चौबे, धर्मवीर दूबे, राकेश तिवारी आदि मौजूद हुए।

## चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया के निछानी मध्य विद्यालय में चारदीवारी निर्माण को लेकर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने शिलान्यास किया। मौके पर मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में 50 विद्यालयों में चारदीवारी निर्माण का कार्य हो रहा है। चारदीवारी निर्माण से विद्यालय संपत्ति की रक्षा के साथ छात्रों की सुरक्षा भी होगी। मथुरा प्रसाद महतो ने शिक्षकों की कमी व भवन के अभाव को लेकर एक सवाल के जबाव में कहा कि भवन की कमी को लेकर कोई सूचना नही दी गई है और शिक्षकों की कमी को लेकर विभाग से बात करेंगे। मथुरा प्रसाद महतो ने कहा टुंडी में शिक्षा का समुचित विकास हो इसके लिए प्रयासरत हैं। झारखंड शिक्षा व स्वास्थ्य के सभी क्षेत्र में विकासात्मक कार्य कर रही है। अगर कहीं समस्या दिखे तो इसकी जानकारी दें। जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको मिले इसके लिए झारखंड की हेमन्त सरकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सितंबर माह में शुरू होगा। मौके पर प्रधानाध्यापक अनिल कुमार राम, अजय विश्वकर्मा, रफी अहमद, अनिता कुमारी, भृगु रजक, सर्वदीप सिंह, संवेदक संदीप कुमार, सौरभ सिंह, अनिल साव, अजय सिंह, पूर्व पार्षद रंजीत कुमार उर्फ बिल्लू संजय कुमार निषाद मौजूद थे।

## करोड़ों की लागत से बना जिला परिषद का मार्केट खंडहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** आज से करीब 15 वर्ष पहले जिला परिषद के द्वारा मलकेरा स्टेशन रोड के दोनों ओर करोड़ों की लागत से मार्केट बनाया गया था। मार्केट में तकरीबन 2 दर्जन से अधिक दुकानें बनी। लेकिन दुर्भाग्य की बात ये है कि मार्केट बनकर तैयार होने के बावजूद आज तक इसका अलॉटमेंट नही किया गया और करोड़ों रुपये बर्बाद हो गए। जानकारी के अनुसार मार्केट तैयार हो जाने के बावजूद भी ठीकेदार ने मार्केट जिला परिषद को हैंड ओवर नही किया। जिसके कारण जिला परिषद मार्केट की दुकानों का अलॉटमेंट नही कर सका। इतना कुछ होने के बावजूद जिला परिषद अब तक ठीकेदार पर कोई कार्रवाई नही कर सका। सीधे शब्दों में कहे तो अधिकारियों की लापरवाही से देश और राज्य के विकास के लिए जनता के द्वारा टैक्स के रुप में दिए गए करोड़ों रुपए निरर्थक बर्बाद हो गए। जिला परिषद के अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी से इतना बड़ा मार्केट बसने से पहले ही उजड़ गया। आसपास के लोगों ने मार्केट पर कब्जा करके मार्केट के दुकानों की दीवारों पर गोबर के कंडे लगाने शुरू कर दिया।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व जिला पदाधिकारी की बैठक

**घर-घर चलेगा जन संपर्क अभियान**

संपर्क से समर्थन और घर-घर जनसंपर्क के कार्यक्रम धनबाद विधानसभा में अधिक से अधिक हो। इसके लिए आप सभी प्रयास करें । निश्चित रूप से प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के सरकार के द्वारा किये गए जनहित कार्य और कार्यकताओं का परिश्रम 2024 के चुनाव में ऐतिहासिक विजय दिलाएगी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में धनबाद जिला भाजपा कार्यालय में धनबाद विधानसभा में निवास करने वाले प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष, महामंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा की सेवा ,सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी की सरकार के 9 वर्ष पूरे हुए। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने इस अवसर पर संगठन के निदेर्शानुसार अनेकों कार्यक्रम किए। इसी निमित्त अभी भी संपर्क से समर्थन और घर-घर जनसंपर्क के कार्यक्रम चल रहा है। यह कार्यक्रम एक ओर जहां प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचा रहा है । वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के संगठन को भी मजबूत कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जब कार्य करते हैं तो वे सिर्फ राजनीतिक कार्य नहीं करते बल्कि राष्ट्रीय सेवा को समर्पित कार्य करते हैं। प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने ऐसे ऐसे जनकल्याणकारी कार्य किए ।

## शिवालय जीर्णोद्धार को लेकर भूमिपूजन

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित सार्वजनिक शिवालय मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष महादेव चंद्र दे की अगुवाई तथा स्थानीय मुखिया विजय कुमार जायसवाल की उपस्थिति में पंडित परमेश्वर पांडेय के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना तथा भूमिपूजन किया गया। वहीं खैराचातर में बजरंगबली मंदिरए लक्ष्मी मंदिर व बुधन कोठरी का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा। शिवालय का भूमिपूजन होते के साथ खैराचातर निवासी असित कुमार पाल ने मंदिर जीर्णोद्धार के लिए सहयोग राशि प्रदान कर लोगों से सहयोग करने की अपील की।

# बुजुर्गों का सम्मान ही हमारी संस्कृति : विशु रवानी

**सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह**



**154 दादा-दादी, नाना-नानी सम्मानित**

बुजुर्गों का सम्मान करते हुए प्रत्येक दादा-दादी एवं नाना- नानी को सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में 154 दादा दादी एवं नाना-नानी सम्मिलित हुए। विद्यालय के भैया -बहनों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंत में सभी दादा -दादी एवं नाना- नानी की आरती विद्यालय के भैया -बहनों ने की । साथ ही सामूहिक रूप से भारत माता की भी आरती की गई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की आचार्या श्रीमती निशा तिवारी ने किया।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में शनिवार को दादा-दादी एवं नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धनबाद जिला संघ चालक माननीय विशु रवानी, विद्यालय प्रबंध कारिणी के कोषाध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद, विद्यालय कार्यकारिणी के सदस्य श्री उत्तम गयाली, विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह एवं उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपति नाथ पांडे एवं रेखा पांडे ने किया। अतिथि परिचय विद्यालय के उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने किया।अपने उद्बोधन में धनबाद जिला संघचालक श्री विश्व रबानी ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान ही हमारी संस्कृति है। बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में संयुक्त परिवार तथा बुजुर्गों के सम्मान की परंपरा रही है परंतु पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव ने धीरे-धीरे इस परंपरा को धूमिल कर दिया है।विद्या भारती ने अपनी योजना में पुनः इस कार्यक्रम को शामिल किया है और संपूर्ण भारतवर्ष के विद्या भारती के विद्यालयों में यह कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि जब तक हम अपने बुजुर्गों का सम्मान नहीं करेंगे न तो हम आगे बढ़ेंगे न ही हमारा देश आगे बढ़ेगा । भारतवर्ष की सभ्यता एवं संस्कृति रही है कि बुजुर्ग देव तुल्य होते हैं। उन्होंने बताया कि हर वर्ष अपने विद्यालयों में यह कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित होता है और उसमें हम अपने बुजुर्गों का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी प्राचीन संस्कृति से परिचित हों। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा नैतिक एवं आध्यात्मिक पक्ष मजबूत नहीं होगा तब तक हम अपनी प्राचीन परंपरा को कायम नहीं रख पाएंगे। अतः भैया - बहनों को चाहिए कि वह बुजुर्गों का सम्मान करें तभी उनमें नैतिक गुणों का समावेश होगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा
ई–निविदा सूचना सं0–RDD/SD/GARHWA/07/2023-24

**CORRIGENDUM (शुद्धिपत्र)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– **RDD/SD/GARHWA/07/2023-24, PR 301113 Rural Development (23-24).D** द्वारा प्रकाशित निविदा में अपरिहार्य कारणों से कंडिका 03, 04, 05 एवं कंडिका–08 में आंशिक संशोधन करते हुए पूर्व NIT के निविदा आमंत्रित की जाती है, शेश कंडिकाएँ यथावत् बनी रहेंगी।

3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–03.07.2023 से दिनांक–10.07.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक के स्थान पर 03.07.2023 से दिनांक–14.07.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–03.07.2023 से दिनांक–13.07.2023 (कार्यालय अवधि तक) के स्थान पर दिनांक–03.07.2023 से दिनांक–18.07.2023 पढ़ा जाय।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू की जगह जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय–दिनांक–14.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक–19.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02
PR 301794 Rural Development(23-24)D गढ़वा।



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(जिला नजारत)**

**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**
**(Very Short term Tender Notice)**

विशिष्ट माननीयों के लोहरदगा में आगमन के अवसर पर इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/संस्थान/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्रतिनिधि आदि से अति अल्पकालीन निविदा दिनांक **17.07.2023** के **11:00** बजे पूर्वा0 तक आमन्त्रित की जाती है।

"अति अल्पकालीन निविदा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। अति अल्पकालीन निविदा समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद अति अल्पकालीन निविदा के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **दिनांक 17.07.2023 के 03:00 बजे (अपराह्न)** जिलास्तरीय कय एंव मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वित्तीय बीड़ खोला जायेगा। अति अल्पकालीन निविदा संबंधी किसी प्रकार के संशय **(Confusion)** निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर **7004619364** पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, लोहरदगा। | अपर समाहर्त्ता, लोहरदगा | उपायुक्त, लोहरदगा

PR 301875 Lohardaga(23-24).D



**समाहरणालय, खूँटी**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण)**

**पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति–2022–23 के संबंध में आवश्यक सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु छात्र–छात्राओं के द्वारा ऑनलाईन आवेदन ई–कल्याण पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। विभागीय निदेशानुसार छात्रवृत्ति का भुगतान Aadhaar Enabled DBT के माध्यम से PFMS Portal द्वारा किया जाना है। जिसके लिए लाभुक का आधार खाता से लिंक एवं NPCI पर Mapped होना अनिवार्य है। तत्संबंधी सूचना ई–कल्याण पोर्टल पर भी प्रदर्शित है।

सूचित किया जाता है कि वैसे छात्र–छात्रा जिनका वित्तीय वर्ष 2022–23 के प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति का आवेदन आधार खाता से लिंक एवं NPCI पर Mapped नहीं होने के कारण *"pending at DWO Level"* दिख रहा है, वे अपने बैंक के माध्यम से Aadhaar Seeded एवं NPCI पर Mapped करा लें, ताकि प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति की राशि उनके खाता में DBT के माध्यम से भेजी जा सके। छात्र–छात्रा अपने आधार से लिंक बैंक खाता के संबंध में जानकारी ई–कल्याण पोर्टल के Home page पर ***'Check status of your AADHAAR linked bank account number'*** अथवा ***https://resident.uidai.gov.in/bank-mapper*** पर Click कर के प्राप्त कर सकते है।

यदि आधार, खाता से लिंक नहीं होने अथवा NPCI पर Mapped नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं होता है, तो इसके लिए छात्र–छात्रा स्वयं जिम्मेवार होंगे।

जिला कल्याण पदाधिकारी, खूँटी। | परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, खूँटी।

PR 301795 (Welfare)23-24*D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।**
**(जिला योजना)**
**आम सूचना**

**"होटल प्रबंधन के क्षेत्र में दक्षता प्राप्त कर रोजगार के सुनहरे अवसर"**

जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा Institute of Hotel Management, Catering Technology and Applied Nutrition (होटल प्रबंधन खानपान तकनीक एवं पोषण आहार संस्थान) ब्राम्बे, राँची के साथ लोहरदगा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 10वीं/12वीं उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को होटल प्रबंधन के क्षेत्र में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु MOU किया गया है।

Institute of Hotel Management ब्राम्बे, राँची में अगस्त, 2023 से प्रारंभ होने वाले निम्नांकित कोर्स हेतु लोहरदगा जिला के होटल प्रबंधन क्षेत्र में रोजगार के इच्छुक युवक/ युवती अपने प्रखण्ड मुख्यालय/ जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा में दिनांक 18.07.2023 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं –

| S.No | Name of Course | Qualification | Duration |
|---|---|---|---|
| 1 | Diploma in front office | 10+2 Pass | 1 Year + 06 Months training |
| 2 | Diploma in Housekeeping | 10+2 Pass | 1 Year + 06 Months training |
| 3 | Craftsmanship certificate course in food production and patisserie | $10^{th}$ Pass | 1 Year + 06 Months training |

प्रत्येक कोर्स में 40 युवाओं/युवतियों का प्रति बैच में चयन किया जायेगा। आवेदन प्रपत्र www.lohardaga.nic.in से download किया जा सकता है अथवा किसी भी कार्यालय दिवस के दिन कार्यालय अवधि में संबंधित प्रखण्ड कार्यालयों/ जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा से प्राप्त किया जा सकता है। साथ हीं किसी भी संशय के निराकरण हेतु मोबाईल नं0 – 8603984499/7979967682 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,
लोहरदगा।

PR 301781 Lohardaga(23-24)D

## समय संवाद

परिवार में अब पढ़ाई के मामले में लड़के-लड़की में भेद नहीं किया जाता। जैसे लड़कों को अपनी पसंद का करियर चुनने की छूट है, वैसे ही लड़कियों को भी। पढ़ाई और नौकरी के लिए अब लड़कियां भी घर से दूर जा रही हैं। लोग यह सोच भी छोड़ रहे हैं कि लड़कियां हर क्षेत्र में काम नहीं कर सकतीं। दृष्टिकोण में इसी बदलाव ने आज लाखों युवतियों को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने पांव जमाने का मौका दिया है। अन्यथा कभी यह भी मान लिया गया था कि तकनीक व प्रौद्योगिकी का क्षेत्र महिलाओं के लिए नहीं है। देश में ऐसे अनेक परिवार हैं जिन्होंने बेटियों के पंखों को कतरा नहीं, उन्हें आगे बढ़ने से रोका नहीं और इन्हीं घरों की लड़कियां आज सिविल सेवा और अन्य प्रतिष्ठित भूमिकाओं में हैं।

# आधी आबादी के जॉब का हक भेद-भाव खत्म हो



**अनुष्का चौधरी**



राजपथ पर सीमा भवानी का करतब देखकर पूरे देश का हौसला बढ़ा जब बीएसएफ की महिला बटालियन ने हैरत अंगेज कारनामें दिखलाये। इस साल के शुरू में खबर आई कि सार्वजनिक क्षेत्र की एक दिग्गज कंपनी तेल और प्राकृतिक गैस निगम के इतिहास में पहली बार एक महिला ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्य भार संभाला है। इसके पहले देश के कुछ बैंकों में सर्वोच्च पद पर भी महिलाएं रही हैं। छिटपुट ऐसे और उदाहरण भी हैं। इन सबसे लग सकता है कि भारत के कार्यबल में महिलाओं को वह स्थान हासिल है जिसकी कि वे हकदार हैं, पर यहां जो उदाहरण गए हैं, वे नियम कम अपवाद ज्यादा हैं। जैसे तमाम और मामलों में भारत कई विकासशील देशों से पीछे है, वैसे ही कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी के मामले में भी देश की स्थिति उत्साहजनक नहीं है।

देश जिन बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है, उनमें बेरोजगारी निश्चित रूप से एक है। देश में बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हैं, पर इन बेरोजगार लोगों में महिलाओं का अनुपात ज्यादा है। और तो और, सभी रोजगारशुदा लोगों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ने की बजाय घटती जा रही है। चाहे सामाजिक समानता के नजरिए से देखें या मानवाधिकारों के नजरिए से, देश के कार्यबल में महिलाओं का समुचित प्रतिनिधित्व न होना एक गंभीर चिंता का विषय है। देश को आजादी मिलने के साथ जिस भारत की कल्पना की गई थी, करीब पचहत्तर वर्ष बाद की स्थिति भी इससे मेल नहीं खाती। लैंगिक समानता के मामले में भी हम अभी पीछे हैं। इस असमानता के कारणों की तलाश में हमें कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है। समाज का पुरुष प्रधान स्वरूप बना हुआ है और कहीं न कहीं यह दृष्टिकोण भी मौजूद है कि महिलाओं को उनका अधिकार देकर उन पर अहसान किया जा रहा है।

मनोवैज्ञानिक और व्यवहार विज्ञानी यह बात बार-बार दोहराते रहे हैं कि प्रतिभा पुरुष और महिला में भेद नहीं करती। किसी भी प्रयोग में यह नहीं सिद्ध हुआ है कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में कम बुद्धिमान होती हैं, बल्कि कई ऐसी भूमिकाएं बताई गई हैं जिनमें महिलाओं का प्रदर्शन बेहतर पाया गया है। ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है जिनमें महिलाओं की क्षमता पर विश्वास कर उन्हें महत्त्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए और उन्होंने इसे बखूबी पूरा कर के दिखाया। बिना किसी आधार के महिलाओं को कमजोर अथवा अक्षम मान लेना कहीं न कहीं अपरिपक्व सोच को ही इंगित करता है। यह सोच बदल रही है, पर उस गति से नहीं जितनी कि होनी चाहिए। महिलाओं की स्थिति में व्यापक सुधार तभी होगा जब यह सोच भी पूरी तरह से सुधर जाए। यदि कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी जनसंख्या में उनके अनुपात के अनुरूप नहीं है तो मुख्यतः यह सामाजिक कारणों से है। तमाम शोधों और अध्ययनों में बताया गया कि किसी भी देश की समृद्धि तथा उसकी अर्थव्यवस्था के फलने-फूलने के लिए उसमें महिलाओं की पूरी भागीदारी होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र संघ का भी कहना है कि सतत विकास तथा शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए लैंगिक समानता जरूरी है। सभी प्रगतिशील संगठनों में मानव संसाधन के लिए विविधीकरण तथा समावेशन संबंधी नीतियां लागू की हैं। इसका मकसद जनशक्ति में सभी वर्गों के समुचित प्रतिनिधित्व और कमजोर लोगों को भी मौका देने से है। इसके अच्छे परिणाम निकले हैं और कारपोरेट जगत में महिलाओं के लिए अवसर बढ़ रहे हैं।

# मनुष्य सबसे अधिक मान-अपमान में फंसता है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा धिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं। भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली। इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये।

दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान उपजाउ भूमि धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर)**

# हंसते रहो, मुस्कुराते रहो



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

उठो! जागो! रुको मत!!! जब तक की लक्ष्य न प्राप्त न हो जाए। कोई दूसरा हमारे प्रति बुराई करे या निंदा करे, उद्वेगजनक बात कहे तो उसको सहन करने और उसे उत्तर न देने से वैर आगे नहीं बढ़ता। अपने ही मन में कह लेना चाहिए कि इसका सबसे अच्छा उत्तर है मौन। जो अपने कर्तव्य कार्य में जुटा रहता है और दूसरों के अवगुणों की खोज में नहीं रहता उसे आंतरिक प्रसन्नता रहती है।

जीवन में उतार-चढाव आते ही रहते हैं। हँसते रहो, मुस्कुराते रहो। ऐसा मुख किस काम का जो हँसे नहीं, मुस्कराए नहीं। जो व्यक्ति अपनी मानसिक शक्ति स्थिर रखना चाहते हैं। उनको दूसरों की आलोचनाओं से चिढ़ना नहीं चाहिए।

**अपनी शक्ति भर कार्य करो**

तुम्हें यह सीखना होगा कि इस संसार में कुछ कठिनाइयाँ हैं जो तुम्हें सहन करनी हैं। वे पूर्व कर्मों के फलस्वरूप तुम्हें अजेय प्रतीत होती हैं। जहाँ कहीं भी कार्य में घबराहट - थकावट और निराशाएँ हैं, वहाँ अत्यन्त प्रबल शक्ति भी है। अपना कार्य कर चुकने पर एक ओर खड़े होओ। कर्म के फल को समय की धारा में प्रवाहित हो जाने दो। अपनी शक्ति भर कार्य करो और तब अपना आत्मसमर्पण करो।किन्हीं भी घटनाओं में हतोत्साहित न होओ। तुम्हारा अपने ही कर्मों पर अधिकार हो सकता है, दूसरों के कर्मों पर नहीं । आलोचना न करो, आशा न करो, भय न करो, सब अच्छा ही होगा। अनुभव आता है और जाता है। खिन्न न होओ। तुम दृढ़ भित्ति पर खड़े हुए हो।

दूसरो के साथ वह व्यवहार मत करो, जो तुम्हें खुद ही ना पसंद हो।

अपने भाग्य को मनुष्य खुद बनता है , ईश्वर नहीं।

दिमाख तभी बदलता है, जब परिस्थितियां बदलती है।

मनुष्य एक अनगढ़ पत्थर है, जिसे शिक्षा रूपी छेनी ओर हथौड़ी से सुंदर आकृति प्रदान की जा सकती हैं।

जिस शिक्षा में समाज और राष्ट्र के हित की बात नहीं हो, वह सच्ची शिक्षा नहीं कही जा सकती।अपनी प्रसन्नता को दूसरों की प्रसन्नता में लीन कर देने का नाम ही प्रेम है।प्रभावी और सार्थक उपदेश वह होता है जो वाणी से नहीं, अपने आचरण से प्रस्तुत किया जाता है। **प्रस्तुतिः दीपक दयाल प्रसाद**

# बदलते मौसम में दमकता रहे चेहरा



बदलता है हवा का रुख तो अंदर तक ताजगी भर जाती है, लेकिन इस शीतल हवा में मौजूद बैक्टीरिया और अन्य कीटाणु त्वचा की रंगत को फीका कर सकते हैं। वहीं बारिश के पानी में प्रदूषण के कारण सल्फेट, फॉस्फोरस, पोटैशियम और सोडियम जैसे मिनरल्स नमी में शामिल हो जाते हैं। ये बालों को कमजोर कर देते हैं। इसके अलावा जिन लोगों को अधिक पसीना आता है, उनके सिर में फंगस लगने से डैंड्रफ का खतरा बढ़ जाता है। आखिर क्या करें कि मानसून में भी दमकता रहे चेहरा और आप रहें खिली-खिली, आइए जानते हैं...

**क्लेंजिंग करें**

बारिश में त्वचा के इंफेक्शन से बचना जरूरी है। इसके लिए नियमित रूप से चेहरे को धोएं और उसकी क्लेंजिंग करें। डीप पोर क्लेंजर का इस्तेमाल करना अच्छा रहेगा। साथ ही अल्कोहल फ्री टोनर का उपयोग कर सकती हैं। इससे त्वचा की नमी बरकरार रहेगी।

**सनस्क्रीन लगाएं**

इस मौसम में निकलने वाली धूप स्किन को कम नुकसान नहीं पहुंचाती। सनबर्न और टैनिंग आम परेशानियां हैं, जिनसे सभी को दो-चार होना पड़ता है। लिहाजा, बाहर निकलने से पहले चेहरे और शरीर के खुले हिस्सों पर एसपीएफ पावर वाला मैटीफाइंग सनस्क्रीन लगाएं।

**वॉटरप्रूफ मेकअप करें**

अमूमन हर किसी की त्वचा अलग होती है। ऐसे में स्किन टेक्सचर को देखते हुए ही मेकअप करें। मानसून में हमेशा ड्राई फिनिश का मेकअप करना अच्छा रहता है। इस मौसम में ब्राइट की बजाय वॉटरप्रूफ मेकअप सही रहेगा। मेकअप करने से पहले चेहरे को अच्छे से धोना न भूलें।

**बालों में करें रेगुलर शैंपू**

बारिश में नियमित रूप से शैंपू करना चाहिए। इसके अलावा हफ्ते में दो बार हेयर स्पा अवश्य करा लें। इससे बालों की कंडिशनिंग हो जाती है। आप बेशक बालों में तेल लगाने से बचती हों, लेकिन इस सीजन में सप्ताह में एक बार नारियल या ऑलिव ऑयल से सिर की मालिश करें।वर्तमान समय में मौसम में बदलाव और भारी ठंड में कमी से चेहरा सबसे अधिक प्रभावित होगा। हमें अपने चेहरे पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

# फिल्मों ने छवि बिगाड़ी



**निवेशकों** की सुविधा के लिए उद्योग विभाग ने पटना के अटल पथ स्थित इंदिरा भवन में निवेश प्रोत्साहन केंद्र की स्थापना की है। इसका उद्घाटन बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ और उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौण्डरीक ने किया। मौके पर उद्योग निदेशक पंकज दीक्षित, तकनीकी विकास निदेशालय के निदेशक संजीव कुमार, हथकरघा एवं रेशम निदेशालय के निदेशक विवेक रंजन मैत्रेय, उद्योग विभाग के विशेष सचिव दिलीप कुमार, उद्योग मित्र के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मकेश्वर द्विवेदी आदि मौजूद रहे। उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि उपभोक्ता बिहार को उद्यमी बिहार में तब्दील करने के लिए हर बिहारी को प्रयास करने की आवश्यकता है। बिहार 13 करोड़ लोग एक साथ मिलकर राज्य के औद्योगिक वातावरण के निर्माण के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि बिहार के बारे में निवेशकों के परसेप्शन को फिल्मों और दूसरे माध्यमों द्वारा जानबूझकर खराब किया गया है। देश के 40% से अधिक मिलों और उद्योगों में बिहार के लोग काम कर रहे हैं। इन सभी लोगों को जोड़कर बिहार में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्योग विभाग प्रयत्नशील है। मंत्री ने कहा कि बिहार में इथेनॉल और बायोफ्यूल्स को बढ़ावा देने के लिए बिहार बायो फ्यूल्स नीति 2023 लाई गई है। इसके तहत निवेशकों को निवेश पर पूंजीगत प्रोत्साहन प्राप्त होगा। लेदर ऑफ टेक्सटाइल क्षेत्र के उद्यमियों को बिहार में निवेश करने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बिहार राज्य लेदर एवं टेक्सटाइल नीति को 1 साल के लिए अवधि विस्तार दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि का आवंटन अब मात्र 1 सप्ताह के अंदर किया जा रहा है। उद्योगों को सभी प्रकार के क्लीयरेंस प्रदान करने के लिए निवेश सुविधा केंद्र में ही सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से कार्य संपादित होगा। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौण्डरीक ने कहा कि बिहार में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास जारी है। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निवेश प्रोत्साहित करने के लिए 24 लाख वर्ग फीट में प्लग एंड प्ले इंडस्ट्रियल शेड तैयार किया गया है। 10 शेड बनकर तैयार हो गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की प्रगति के बारे में बताते हुए कहा कि 29,000 उद्यमियों को 2,006 करोड़ से अधिक की राशि दी जा चुकी है। अधिकांश उद्यमी अपने यूनिट में उत्पादन चालू कर चुके हैं। कुछ उद्यमियों द्वारा उद्योग ना लगाने की शिकायतें प्राप्त हुई है, जिन का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत जमा किए गए बिलों का वेरिफिकेशन कमर्शियल टैक्स विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

# गजल मनुष्यता को बचाने की कोशिश है : प्रो वशिष्ठ अनूप







गोस्सनर कॉलेज रांची के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के तत्वावधान में शनिवार को एकल व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय था हिंदी कविता में प्रेम .कार्यक्रम में बतौर मुख्यवक्ता मौजूद थे काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू ), वाराणसी के हिंदी विभागाध्यक्ष सह वरिष्ठ साहित्यकार प्रो ( डॉ ) वशिष्ठ अनूप । अपने वक्तव्य में डॉ अनूप ने कहा कि हिंदी कविता का विकास देखें तो वह प्रेम की परिक्रमा करता दिखता है । भक्ति भी प्रेम का ही विस्तृत रूप है । प्रेम हमें संकुचित स्व से बाहर निकालता है । प्रेम और श्रृंगार दोनों पृथक शब्द हैं. लेखक जब अपनी प्रणय अनुभूति को आधार बनाकर कविता करता है तो वह प्रेम है ,वहीं दूसरे की प्रेम अनुभूति का वर्णन श्रृंगार है । रीतिकाल के प्रायः कवियों का वर्णन श्रृंगार का वर्णन है । हिंदी कविता में प्रायः कवियों ने प्रेम को आधार/ विषय बनाकर कविता लिखे हैं ।

गजल पर बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि- गजल अनुशासन है , इसमें बहकने की गुंजाइश कम रहती है । मौके पर अपनी चर्चित गजल संग्रह ' अच्छा लगता है ' और 'गर्म रोटी के ऊपर नमक तेल था ' का पाठ कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद राँची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो डॉ अरुण कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रो वशिष्ठ अनूप बहुत अच्छे प्राध्यापक होने के साथ ही हमारे समय के महत्वपूर्ण गीतकार , गजलकार हैं । भारत के मानचित्र के बाहर भी इनकी गीतों को सुना जाता है । इनके गीत व गजलों का परिपार्श्व( क्षेत्र )बहुत विस्तृत है ।जिसमें श्रृंगार , किसानों , मजदूरों और मध्यवर्ग का जीवन -संघर्ष तो है ही शिक्षा , चिकित्सा , रोजी रोटी की समस्या , बेरोजगार नौजवानों के दर्द , बाजार का आतंक , पूंजीपतियों के वर्चस्व , विज्ञापनों का षड्यंत्र , आदिवासी और वंचित समाज की समस्या की भी सघन अभिव्यक्ति देखी जा सकती है । आगे उन्होंने कहा कि कविता भीतर के अभावों से फूटती है ।

कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो आशा रानी केरकेट्टा ने किया । उन्होंने कहा कि प्रो अनूप हमारे दौर के जरूरी शायर हैं । जीवन के बहुविध प्रसंग उनकी गजलों में आते हैं । इससे रूबरू होकर कोई भी चमत्कृत हो सकता है ।

कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रशांत गौरव ने की वहीं धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ हाराधन कोईरी ने किया । मौके पर डॉ वर्षा शालिनी कुल्लू , प्रो राम ईश्वर कुमार सहित हिंदी विभाग के विद्यार्थी मौजूद थे ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कोरोना काल में शहद -लहसुन के सेवन से लाभ

**स्वामी मुक्तरथ**



शहद में भरपूर मात्रा में एंटी-बायेटिक और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर लहसुन में एलिसिन और फाइबर जैसे तत्व पाए जात हैं जो आपको कई बीमारियों से आपका बचाव करता है।

**सुबह खाली पेट खाएं शहद में डूबा हुआ लहसुन, वजन कम होने के साथ मिलेगें ये फायदे**

आमतौर पर हर घर में शहद और लहसुन का इस्तेमाल किया जाता है और इन दोनों के फायदों के बारे में हम अच्छी तरह से जानते हैं, लेकिन अगर इसका साथ में सेवन किया जाए तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते हैं। शहद में भरपूर मात्रा में एंटी-बायेटिक और एंटी-बैक?टीरियल गुण पाए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर लहसुन में एलिसिन और फाइबर जैसे तत्व पाए जात हैं जो आपको कई बीमारियों से आपका बचाव करता है।

शहद में डूबे हुए लहसुन के सेवन करने से आप कई रोगों से दूर रह सरकते हैं। यह एक सूपर फूड है जो एंटीबायोटिक की तरह काम करता है और बॉडी को डिटॉक्स करके हर तरह के इंफेक्शन को भी दूर करता है। जिससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होती है।

**वजन करे कम**

लहसुन-शहद का इस तरह सेवन करने से आपका मेटाबॉलिज्म तेजी से काम करता है। जिससे आपको वजन कम करने में मदद मिलती है।

**सर्दी-जुकाम**

सर्दी-जुकाम की समस्या से निजात दिलाने में यह काफी कारगर है। दोनों में ऐसे गुण पाए जाते हैं जो आपके शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं।

**गले की खराश**

शहद और लहसुन में एंटी- इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं। जो गले की खराश के साथ सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

दोनों में ही ऐसे गुण पाए जाते हैं जो दिल की धमनियों में जमा फैट को बाहर निकालने में मदद करते हैं। जिससे आपके शरीर में ब्लड सकुर्लेशन ठीक ढंग से होने लगता है। जिससे कि आसानी से आपका हार्ट हेल्दी रहता है।

**पाचन तंत्र को रखें फिट**

लहसुन और शहद दोनों मिलकर ऐसे तत्व बनाते हैं। जो आपके पाचन तंत्र को फिट रखते हैं। जिसके कारण आपको कब्ज, डायरिया, एसिडिटी, पेट दर्द जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है।

**फंगल इंफेक्शन**

शहद और लहसुन दोनों में ही एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो फंगल इंफेक्शन से आपका बचाव करता है।

**कोलेस्ट्राल को करे कम**

लहसुन और शहद का ये मिश्रण आपके शरीर से विषाक्त तत्वों को निकालने के साथ बैड कोलेस्ट्राल को निकालने में मदद करता है। जिससे ब्लड सकुर्लेशन ठीगक से होने लगता है।

**दांत को रखें हेल्दी**

लहसुन और शहद में फास्फोरस नामक तत्व अधिक मात्रा में पाया जाता है। जो आपके दांतों को हेल्दी रखने में मदद करता है। लहसुन-शहद पेस्ट बनाने का तरीका

इस रेसिपी को लाइफस्टाइल कोच ल्यूक कॉटिन्हो ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया।

**प्रकृति का कहर**




साभार कॉटून मूवमेंट

## स्पीड न्यूज

### सनराइज का मना स्थापना दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर में अवस्थित सनराइज अकेडमी में शनिवार को धूमधाम से समारोह पूर्वक कोचिंग का 7वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कंप्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी उर्फ जूली, शिक्षक रजनीश प्रसाद और कमलेश मेहता ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच केक और मिठाई का वितरण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने आकर्षक गीत और नृत्य के माध्यम से उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांसतिक कार्यक्रमों की खूब सराहना हुई। शिक्षिका नेहा कुमारी उर्फ जूली ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में नए ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा की छात्र-छात्राओं के तरो ताजगी के लिए पढ़ाई के साथ समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए। शिक्षक रजनीश प्रसाद ने कोचिंग के 7 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान के इस डिजिटल युग में बच्चों को कंप्यूटर की बेहतर शिक्षा देना ही संस्था का उद्देश्य है।

### जमीन खाली कराने की गुहार

**रामगढ़।** नगर परिषद अंतर्गत सेवटा, मरार और रांची रोड वासियों ने उपायुक्त को ज्ञापन दिया है। जिसमें बताया कि एनएच 33 के किनारे खाता नंबर 96, प्लॉट नंबर 1048 , रकबा 8 एकड़ 48 डिसमिल जमीन जिसपर स्थानीय किसानों न कब्जा किया हुआ था। उसे मुक्त करवाने की एसडीओ से ऑर्डर लिया गया। इसके बाद खाली करवाने की जिम्मेवारी मांडू सीओ को दी गई थी। जिसे सीओ ने मुक्त करवाया। पर उसमें से 72 डिसमिल भूमि कुछ लोगों को दे दी गई। जिसका स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। ज्ञापन में शुभम प्रसाद, जानकी,खिरोधर यादव, अनिल प्रसाद, मनीष कुमार, राजु प्रसाद, अनिल प्रसाद, किरन देवी, कृष्ण देव सिंह, मिथलेश कुमार सहित कई लोगों का हस्ताक्षर है।

### बाबूलाल मरांडी को किया स्वागत



**कुजू।** झारखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति के नेतृत्व में कार्यकर्ता रांची स्थित उनके आवास पर औपचारिक मुलाकात की। जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जैसे दिग्गज व ईमानदार नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनना गर्व की बात है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह बधाई के पात्र है। मुलाकात करने वालों में सांसद प्रतिनिधि मंटू प्रखर, जगेश्वर प्रजापति, भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि, भाजपा युवा नेता संजय, छोटन प्रजापति आदि शामिल थे।

### लाभुकों के बीच बकरी वितरित



**मांडू।** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत शनिवार को मांडू पशु चिकित्सालय प्रांगण में मांडू चट्टी पंचायत मुखिया अनीता देवी ने कई लाभुकों के बीच बकरी वितरण किया। लाभुकों में बैजनाथ यादव ,रंजू देवी ,मनिया देवी ,मीना देवी, शामिल हैं। इस दौरान मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी ने लाभुकों से कहा कि सरकार द्वारा दिए गए बकरियों का पालन करें और महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनें। इस मौके पर मांडू पशु चिकित्सा प्रभारी मनोज झा ने भी लाभुकों को कई जानकारी देते हुए कहा की बकरी पालन करने से प्रत्येक वर्ष बकरी से पैदा हुए बकरा खांसी का व्यवसाय करके अपने परिवार बच्चों का लालन-पालन और पढ़ाई करवा सकेंगे।

### 50 % सब्सिडी पर मिल रहा बीज



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पैक्स द्वारा किसानों को शनिवार को 50 प्रतिशत सब्सिडी पर धान के बीज का वितरण किया गया। इससे पतरातू प्रखंड के किसानों में हर्ष का माहौल है। उक्त जानकारी देते हुए बिरसा चौक भुरकुंडा निवासी सह भुरकुंडा पैक्स की अध्यक्ष गीता देवी ने बताया कि पैक्स द्वारा अन्नत डीआरआरएच और अदवंता किस्म की धान बीज का वितरण किया गया है। जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आगे भी किसानों की सुविधा हेतु पैक्स हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। भुरकुंडा पैक्स का उद्देश्य ही किसानों को सरकारी सुविधा का लाभ दिलाते हुए उन्नत किस्म के खेती से आर्थिक मजबुती प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह पैक्स किसानों के सुविधाओं का पूरा ख्याल रखेगी। बीज लेने वालों में महेश मुंडा, बिरसा मांझी, सूरज मांझी, मनसा बेदिया, सिकंदर मुर्मू, प्रेमचंद मुंडा, जगदीश बेदिया, राजेंद्र मुंडा, दिनेश राम सहित दर्जनों किसान शामिल हैं।

### पावन क्रूस में मंत्रीमंडल का गठन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर स्थित पावन क्रूस विद्यालय में शनिवार को मंत्री मंडल का गठन किया गया। इस दौरान विभिन्न मंत्रालयों जैसे अनुशासन, चित्रांकन, खेल, प्रार्थना, सांसतिक, सफाई, स्वास्थ्य विभाग का चयन कर शपथ ग्रहण कराया गया। इसमें अनामिका कुमारी को कैप्टन और प्रियदर्शी कुमारी को वाइस कैप्टन चुना गया। विद्यालय की सचिव सिस्टर अग्रेस बेक और प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुमंती ने कहा कि विद्यालय को सुचारू रूप से संचालन के उद्देश्य से मंत्री मंडल का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रजनी सिन्हा एवं आशा मिंज ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर रजनी डुंगडुंग, खेल प्रशिक्षक मो. कमरुद्दीन, खुशबू, दीपा, सुधीर प्रसाद, रेणु पल, निर्मला, संगीता, कंचन, आशा, संगीता, रजनी, मनीष, अनिमा, सिस्टर सरोज, आनंद, सेलिन, बासिल, आदि ने चयनितों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बाबूलाल मरांडी को सदर विधायक ने दी बधाई, कहा

# लोकसभा व विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी भाजपा



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद शनिवार शाम हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने रांची भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनसे मुलाकात की और पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी।

उल्लेखनीय है कि बाबूलाल मरांडी जैसे राजनीति के माहिर खिलाड़ी की पारखी नजर ही सबसे पहले हजारीबाग सदर के वर्तमान विधायक मनीष जायसवाल पर पड़ी थी और उन्होंने ही राजनीति के क्षेत्र में इन्हें कदम रखने को प्रेरित किया था। साल 2011 में मांडू उपचुनाव में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में ही विधायक मनीष जायसवाल ने पहली बार बतौर विधानसभा प्रत्याशी चुनावी मैदान में कदम रखा था। बाबूलाल मरांडी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनने पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड के हितों को देखते हुए बहुत ही अच्छा निर्णय लिया है। जिसका हम सभी जोरदार ढंग से स्वागत करते हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह धन्यवाद के पात्र हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि आने वाले समय में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव होने वाला है। झारखंड के लोकप्रिय नेता बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से इन चुनावों में पार्टी को लाभ मिलना तय है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से राज्य के कार्यकर्ताओं में एक नए तरह का उत्साह और संचार देखने को मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि निश्चित रूप से बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा झारखंड सशक्त होगी । मौके पर विशेष रूप से सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, भाजयुमो नेता राजकरण पांडेय और सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी भी साथ मौजूद रहे।

# बरही में बनेगा चार पुल

**विशेष प्रमंडल के जेई और विधायक के प्रतिनिधियों ने किया स्थल निरीक्षण**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला के अनुशंसा पर प्रखंड में चार पुल का निर्माण किया जायेगा।ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के इंजीनियर चंदन कुमार द्वारा कार्यस्थल की मापी के दौरान विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, जिला के विधायक प्रतिनिधि बासुदेव यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दसरथ यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा के साथ क्षेत्र के ग्रामीण भी मौजूद थे। जेई ने विजैया पंचायत के श्मशान घाट के नाला पर पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत डपोक के पिपराटांड़ मिठी नदी पर पुल निर्माण, ग्राम पंचायत डपोक पश्चिम श्मशान नदी में पुलिया निर्माण, गोरियाकरमा पंचायत के निचीतपुर टेटोतरी के बीच बराकर नदी पर पुलिया निर्माण को लेकर स्थल निरीक्षण किया।

ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के इंजीनियर चंदन कुमार ने बताया कि विधायक उमाशंकर अकेला के अनुशंसा के आलोक में मापी हुई है और जल्द ही डीपीआर बनाने का कार्य शुरू होगा। मौके पर जेई चंदन कुमार, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, जिला के विधायक प्रतिनिधि बासुदेव यादव, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दसरथ यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, कृषि एवं पशुपालन विभाग के विधायक प्रतिनिधि महेश यादव, अर्जुन यादव, पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, मनोज कुमार, सकलदेव पांडेय, जागेश्वर यादव, प्रभु ठाकुर, संदीप ठाकुर, जवाहर लाल यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण को लेकर बैठक

**दारू।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण को लेकर एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह एआरओ सुशील कुमार राय ने किया। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दल कार्यकताओं को विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी।साथ ही उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निर्वाचन आयोग त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने का कार्य कर रही है। मतदाताओं का वोटर लिस्ट में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो के जगह पर कलर फोटो में बदलने, नाम ,पता एवं जन्मतिथि में हुई त्रुटि में सुधार,एक बूथ से दूसरे बूथ या विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम मे स्थान्तरण, मृत मतदाताओं का वोटर लिस्ट से नाम हटाने व मतदाताओ का नाम वोटरलिस्ट में जोड़ने संबधी कार्य किया जाएगा। यह कार्य 21 जुलाई से 28 अगस्त तक होगी। एआरओ श्री राय ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि अपने अपने क्षेत्र में नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़वाने हेतु जागरूक करें। इस कार्य हेतु बीएलओ घर घर जाकर इस कार्य का निष्पादन करेंगे।

### दिव्यांगों का हक दिलायेगी समिति : राज कुमार सिंह



**रामगढ़।** बिरसा विकलांग उत्थान एवं कल्याण समिति रांची के सचिव राजु कुमार सिंह लगातार दिव्यांगों के लिए कर रहें हैं काम। उन्होंने कहा कि मैं दिव्यांग हूं इसलिए दिव्यांगों की पीड़ा को बखूबी समझता हूं। उन्होंने कहा कि दिव्यांग होने की वजह से मुझे कई बार भेदभाव का शिकार होना पड़ा है। इसी कारण मैंने तय किया है की अब मैं किसी भी दिव्यांग के साथ भेदभाव नही होने दूंगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को जागरूक कर उन्हें उनका अधिकार दिलाने का हमारी समिति लगातार कार्य कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि दिव्यांगों को उनका अधिकार दिलाने के लिए वे लगातार विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते रहते हैं। इसी क्रम में शनिवार को रामगढ़ सदर अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से मिले। जहां उन्होंने उनसे दिव्यांगों के हित को लेकर विचार विमर्श किया।

उन्होंने कहा कि 10 जुलाई को तुलसी देवी स्मृति भवन में दिव्यांग शिविर का आयोजन हो रहा है। जिसमें हमारी संस्था दिव्यांगों को प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाने में सहयोग करेगी। मौके पर पवन कुमार शर्मा, आशीष कुमार, मल्लिका दत्ता, मनीषा कोडल्य, तीर्थनाथ महतो आदि मौजूद थे।

# दो अवैध दुकान ध्वस्त

**किसी भी हाल में सीसीएल जमीन पर नहीं होने देंगे अवैध निर्माण : एके सिंह**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मेनरोड भुरकुंडा स्थित दो अवैध दुकान निर्माण को सीसीएल बरका-सयाल एरिया सुरक्षा विभाग ने शनिवार को ध्वस्त कर दिया। सुरक्षाकर्मियो द्वारा भुरकुंडा में सीसीएल की जमीन पर अवैध दुकान और मकान निर्माण को गिराने की कारवाई के बाद लोगो में हड़ मचा हुआ है।

बरका-सयाल एरिया सुरक्षा विभाग को सूचना मिली थी की भुरकुंडा मेन रोड पतरातू बस स्टैंड के समीप पीएम बाजार दुकान के बगल में और थाना चौक के पास दुकानदार द्वारा अवैध रूप से पक्का दुकान का निर्माण कराया जा रहा है। सूचना के बाद एरिया सुरक्षा पदाधिकारी एके सिंह दल-बल के साथ अवैध निर्माण स्थल पहुंचे। जहां सुरक्षाकर्मियों ने पतरातू बस स्टैंड के पास पीएम बाजार के बगल में बन रहे दुकान निर्माण का दीवार और लोहे का गेट तोड़कर गिरा दिया। इसके बाद सुरक्षाकर्मी थाना चौक के पास बने अस्थाई दुकान को पुरी तरह ध्वस्त कर दिया। दोनों दुकान टुटने के बाद अवैध निर्माण करने वालों में भय का माहौल है।

एरिया सुरक्षा विभाग के एके सिंह ने कहा कि सीसीएल की जमीन पर किसी भी हाल में अवैध निर्माण नही होने दिया जायेगा। सीसीएल द्वारा अवैध निर्माण को तोड़ने के साथ संबंधित लोगो पर भुरकुंडा थाना में लिखित शिकायत भी दर्ज कराया जाता है। वहीं सुरक्षा विभाग के कार्रवाई से सीसीएल की जमीन पर अवैध निर्माण करा रहे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

### प्राक्कलन समिति के सदस्य पहुंचे हजारीबाग

हजारीबाग। झारखंड विधानसभा की प्राक्कलन समिति सदस्य सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी और धनबाद विधायक राज सिन्हा समिती दौरे में हजारीबाग पहुंचे। हजारीबाग परिसदन पहुंचने पर नेताद्वय का हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने पुष्पगुच्छ भेंटकर । स्वागत किया। समिति के सदस्यों ने हजारीबाग परिसदन सभागार में जिला के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ विगत 3 वर्षों से संचालित योजनाओं के प्राक्कलन एवं व्यय की बैठक भी की । मौके पर विशेष रूप से विधायक प्रतिनिधि विशाल वाल्मिकी, कटकमदाग जिला परिषद सदस्य जीतन राम, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, जिला महामंत्री पप्पू पासवान, जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, जिला मंत्री शंकर कुमार दास, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# स्नातक में दो जेनेरिक विषयों की परीक्षा अनिवार्य

**छात्रों को परेशान कर रहा है विनोबा भावे विवि : मुन्ना यादव**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा उतीर्ण विद्यार्थियों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें जेनेरिक विषय के लिए परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि मंगलवार को विश्वविद्यालय ने जारी की। इस परीक्षा में वैसे विद्यार्थी शामिल होंगे, जो सेमेस्टर सिस्टम से 2015 से 2019-22 सत्र के हिस्सा थे। बताते चलें कि सत्र 2015 से लेकर 2019 तक के सिर्फ एक जेनेरिक विषय की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा ली गई थी।जबकि 3 साल के स्नातक की पाठ्यक्रम में दो जेनेरिक विषयों की परीक्षा लेना अनिवार्य है।विश्वविद्यालय की गलती के कारण 5 वर्षों तक विद्यार्थी सिर्फ एक ही जेनरिक विषय पढ़कर स्नातक की डिग्री प्राप्त कर लिए। विद्यार्थियों के जेनेरिक विषय नहीं होने के कारण प्रतियोगी परीक्षा में फार्म भरने से वंचित किया गया क्योंकि विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रपत्र अमान्य होने की स्थिति में तथा विद्यार्थियों के विश्वविद्यालय के प्रति विरोध प्रदर्शन करने की पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा पुनः एक जेनेरिक विषय की परीक्षा लेने का निर्णय लिया। विश्वविद्यालय द्वारा जारी नोटिस में यह बताया गया कि इस विशेष परीक्षा में इच्छुक विद्यार्थी भाग ले सकते हैं इसके लिए उन्हें 650 रुपये परीक्षा शुल्क देने होंगे तभी इस विशेष परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। नोटिस में उल्लेखित किया गया कि परीक्षा प्रपत्र भरने के पहले संबंधित अपने कॉलेज से संपर्क स्थापित कर आंतरिक परीक्षा में भी शामिल होना होगा, तत्पश्चात 6 जुलाई से लेकर 26 जुलाई तक बिना विलंब शुल्क के परीक्षा प्रपत्र भर सकेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात परीक्षा प्रपत्र भरने पर विद्यार्थियों से प्रतिदिन एक सौ रुपए विलंब शुल्क भी लिया जायेगा। विश्वविद्यालय की गलती के वजह से इसका खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। बताते चलें कि इस अंतराल में कई विद्यार्थी रोजगार की तलाश में घर से दूर चले गए होंगे। ऐसी परिस्थिति में इस परीक्षा में शामिल होने के लिए उन्हें पुनः कॉलेज का चक्कर लगाना होगा। इसके लिए अतिरिक्त शुल्क भी विश्वविद्यालय में जमा करना होगा। विद्यार्थियों के द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन से विशेष परीक्षा आयोजन करने के लिए काफी प्रदर्शन व आंदोलन किया गया था। जिसके बाद परीक्षा विभाग द्वारा शनिवार को परीक्षा प्रपत्र भरने संबंधित नोटिफिकेशन जारी किया। युवा नेता सह पूर्व राम नारायण महाविधालय के छात्र संघ के अध्यक्ष मुन्ना यादव ने सराहना किया। किंतु परीक्षा प्रपत्र के नाम पर लिए जा रहे परीक्षा शुक्ल को किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं बताया क्योंकि वे इससे पूर्व ही परीक्षा शुल्क अदा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की गलती का खामियाजा विद्यार्थी भुगत रहे हैं इनका टाइम एवं पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है जो उचित नहीं है। विश्वविद्यालय के द्वारा किये गए भूल सुधार के लिए परीक्षा शुल्क अनिवार्य नही होना चाहिए। इस विषय पर विश्वविद्यालय के कुलपति को विचार करनी चाहिए।

## एक नजर में

### विष्णुगढ़ : रास्ते में गड्ढे से जल जमाव



**विष्णुगढ़ ।** चेड़रा पंचायत के गलियों में बारिश का पानी डोभा का रूप ले रखा है। यह नजारा विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय से अखाड़ा चौक के रास्ते मुस्लिम मुहल्ला वो अखाड़ा चौक के रास्ते एसबीआई बैंक के कुछ दूर आगे का है। बैंक रोड में गड्ढों के वजह से हमेशा आने जाने वालों कों परेशानी होती है। गौरतलब है कि उक्त स्थान में एक निजी विद्यालय व एक मील घर भी है जीस वजह से वाहन समेत पब्लिक गेंदरिंग भी होता है। लिहाजा गड्ढों में जमें घुटने भर पानी और वाहनों वो आम जनों का जमाव से आवाजाही में घोर परेशानी होती है। मुखिया निर्मल कुमार से बात करने पर खुद कहते हैं कि प्रायः सभी सड़क खराब हो गए है, सरकार द्वारा फंड नहीं आया है, वहीं जो फंड आया है उस मामले पर कहा कि पुराना काम बाकी था, जिसपर खर्च किए जा रहें है। पुनः कहा की सड़क एआरओ द्वारा निर्मित है। मुखिया ने यह भी कहा की अगर डीएमएटी मद से योजना पास होगा तों ही सड़क निर्माण किया जा सकता है ।

### नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारियां जोरों पर

हजारीबाग। नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 का शानदार आगाज अगस्त महीने से हजारीबाग में होने जा रहा है और इसे लेकर तैयारियां पुरजोर तरीके से शुरू कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विधायक मनीष जायसवाल ने नमो फुटबॉल टूर्नामेंठ के हजारों जर्सी के स्टिचिंग और प्रिंटिंग का जिम्मा हजारीबाग के न्यू एरिया रोड़ पंचमुखी मंदिर के समीप स्थित स्टिचिंग यूनिट को दिया है। जिसका संचालन हजारीबाग के प्रसिद्ध कपड़ा व्यवसाई सह समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह की धर्मपत्नी विनीता धवन करती हैं। जुकी के ऑटोमेटिक मशीन के जरिए दर्जनों महिला कारीगर दर्जनों आकर्षक रंगों के नमो जर्सी के सिलाई में दिन-रात जुटी हुई हैं ।विनीता धवन द्वारा संचालित स्टिचिंग यूनिट में नमो जर्सी के युद्ध स्तर पर चल रहे स्टिचिंग का जायजा लेने हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शनिवार की सुबह समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, भाजयुमो नेता राजकरण पांडेय और विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी के साथ यहां पहुंचे और स्टिचिंग यूनिट के संचालन प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली। विधायक मनीष जायसवाल ने यहां कार्यरत महिला कारीगरों से बात की और उनके द्वारा तैयार किए जा रहे आकर्षक रंगों के नमो जर्सी को देख खुशी जताया। विधायक ने खुद सिलाई मशीन पर हाथ आजमा कर महिला कारीगरों का हौसला अफजाई किया ।

### जीडीएम गर्ल स्कूल में शिक्षक गोष्ठी संपन्न

**बड़कागांव।** जीडीएम गर्ल स्कूल सभागार भवन बड़कागांव में मासिक शिक्षक गोष्ठी हुई। गोष्ठी में जनप्रतिनिधियों ने शिक्षकों के द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता से संबंधित विचारों को रखा गया। प्रशासनिक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ने स्पष्ट रूप से कहा कि आपसी सामंजस्य से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को मिल सकती है। शिक्षकों ने बताया कि प्रखंड में कई ऐसे विद्यालय हैं जिनमें शिक्षकों की कमी है। बायोमेट्रिक उपस्थिति को लेकर कई शिक्षकों ने कहा कि शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचकर बायोमैट्रिक सिस्टम से उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। पर तकनीकी समस्या के कारण कई शिक्षकों की या तो उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है या उपस्थिति दर्ज होने पर एवं सेंसिड होने पर ई विद्या वाहिनी सीट पर शो नहीं कर रहा है। जिससे शिक्षक काफी परेशान हैं। गोष्ठी में बड़कागांव बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडे ,उप प्रमुख बचनदेव कुमार , प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां , बीईईओ जवाहर प्रसाद ,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

### हजारीबाग : सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र बकसपुरा रोड पर तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रही मजदूर 36वर्षीय अबूबकर सिद्दीकी, बकसपुरा निवासी ग्राम को मसीपीढ़ी चौक मे बलेनो कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मजदूर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग महतो ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल पुरुष को इलाज के लिए जिला अस्पताल सदर पहुँचाया , लेकिन अस्पताल आने के तुरंत बाद डॉक्टरों ने पुरुष को मृत घोषित कर दिया। समाजसेवी मौलाना शकीर उर रहमान कहा कि बलेनो कार चालक के नशे में धुत होकर गाड़ी चला रहा था, जिसके कारण मजदूर की जान चली गई। सदर अंचल राजेश कुमार ग्रामीणों का आश्वासन दिया कि अंचल द्वारा जो भी आपदा राशि है मृतक के परिजन को दिया जाएगा।

### मक्का में हाजी की हज के दौरान मौत

**केरेडारी ।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गरी कलां गांव निवासी हज यात्री असरफ मियां की मौत मक्का मदीना में हज करने के पश्चात हो गई। इस संदर्भ में मृतक असरफ मियां के छोटे पुत्र अब्दुल मोटलीब ने बताया कि उसके पिता गत दिनों पूर्व हज करने मक्का मदीना गए थे! हज करने के पश्चात नमाज पढ़ कर सेव खा रहे थे। खाने के दौरान उनके बेचैनी महसूस हुई जिसकी जानकारी उन्होंने अपने साथ गए साथी हाजी यात्रियों को दी! साथी हज यात्रियों ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जानें के तैयारी में थे। इसी दौरान उनकी मौत हो गई। मौत के पश्चात साथ गए बड़का गांव निवासी कासिम मियां व अन्य ने घटना की सुचना उनके पुत्रों को टेलीफोन के माध्यम से दिया। असरफ मियां के पार्थीव शरीर को मक्का मदीना में ही सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

### बरगद का पेड़ गिरा , बाल बाल बचे दंपती

**दारू।** हरली पंचायत के पेटो में एनएच 522 सड़क के किनारे एक विशाल बरगद का पेड़ गिर गया । यह पेड़ पेटो निवासी रघुनंदन प्रसाद कुशवाहा की चारदीवारी पर गिरा इसमें गनीमत यह रही की पेड चारदीवारी के बगल में बने कमरे में नहीं गिरा अन्यथा उसके अंदर सो रहे दंपति के साथ बड़ा हादसा हो सकता था । इस बारे में घर के लोगों ने बताया कि शनिवार की सुबह 3 बजे अचानक बरगद का पेड़ घर की चारदीवारी पर गिर गया जिसमें मुख्य गेट में लगे ग्रिल को तोड़ते हुए चार दिवारी का भी तोड़ दिया । बरगद का पेड़ काफी बड़ा और विशाल है इसकी अचानक इस तरह से गिर जाने से लोग काफी हैरान हैं । शनिवार की सुबह कुछ गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकले तब उन्हें जानकारी मिली की बरगद का विशाल पेड़ गिर चुका है' पेड़ गिरने के बाद परिवार और आसपास के लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग और अन्य अधिकारियों को दी और गिरे पेड़ को हटाने का आग्रह किया ।

### दारू : भारी मात्रा में सखुआ लकड़ी जब्त

**दारू।** दारू वन क्षेत्र अंतर्गत इरगा पंचायत के भंडरवार के घने जंगलों में कुछ दिन पूर्व बड़ी संख्या में संख्या में सखुआ के पेड़ को काटा गया था जिसकी सूचना यहां के ग्रामीणों ने मीडिया कर्मियों को दी थी। इस जंगल में लकड़ी तस्करों के द्वारा लगातार वनों की कटाई की जाती रही है । विभाग ने शनिवार को काटी गई लकड़ी को जब्त किया। जब्त लकड़ी को ट्रैक्टर और बोलेरो में लादकर हजारीबाग डिपो ले जाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मीडिया को इसकी भनक नहीं लगती तो यह लकड़ी को तस्कर ठिकाने लगा देते जिससे उनकी मोटी कमाई होती यहां के जंगलों को यदि कटने से नहीं बचाया गया तो जल्दी भंडारवार का घना जंगल वीरान हो जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### राजद जिलाध्यक्ष ने सुनी लोगों की समस्याएं

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिलाध्यक्ष सुनील मेहता शनिवार को सदर प्रखंड के रामपुर रुगड़ी टोली के ग्रामीणों से मिले। वहां ग्रामीणों ने पानी की समस्या बतायी। जिसपर कहा कि इस समस्या को लेकर उपायुक्त से बात कर जल्द निदान करेंगे। मौके पर युवा जिलाध्यक्ष राजेश उरांव, जिला सचिव सहदेव लोहरा आदि मौजूद थे।

### कार-बाइक की टक्कर में तीन घायल

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के सिरंग टोली दाडहा चौक के समीप कार व बाइक की सीधी भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गये। घायलों में कमलपुर के दीपक लोहरा (19), जीत कुमारी देवी और दिसंबर लोहरा शामिल है। तीनों एक ही बाइक से रेफरल अस्पताल सिसई एक मरीज से मिलने आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक कार से टक्कर हो गयी। घटना में दीपक के हाथ व पैर में काफी चोट लगी है।

### पत्नी को ईंट से मारकर किया जख्मी

**गुमला।** थाना क्षेत्र के करौंदी में पारिवारिक विवाद को लेकर पति विश्वनाथ साहू ने पत्नी किरण देवी को ईंट से मारकर जख्मी कर दिया। घटना शुक्रवार रात 10 बजे की है। किरण देवी के सिर और गले पर गहरे जख्म हैं। घटना की सूचना पर महिला के जीजा पहुंचे और उसे लेकर रात में ही थाना पहुंच गये। पुलिस एफआइआर दर्ज कर महिला को सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज किया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### कुदाल से मारकर ग्रामीण की हत्या



**सिसई।** थाना क्षेत्र के लकया निवासी सुभाष उरांव की हत्या शुक्रवार की शाम गांव के ही बहुरा उरांव ने आश्रम आवासीय विद्यालय बगीचा में कुदाल से मारकर कर दी। घटना के बाद अभियुक्त बहुरा के ही एक घर में छुप गया था। जिसके बाद सिसई पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हत्यारे को घटना के कुछ ही देर बाद छुपे स्थान से गिरफ्तार कर लिया। हत्या में चामू उरांव भी संलिप्त है। चामू को गिरफ्तार करने पुलिस रात में ही उसके घर पहुंची लेकिन तब तक वह फरार हो चुका था। उसकी गिरफ्तारी के बाद हत्या के कारणों का खुलासा होगा।

### कांग्रेसियों ने जताया शोक

**लोहरदगा।** कांग्रेस के जिला महासचिव सनियारो उरांव के पति भंडरा भौंरो पतरा टोली के भीम कुजूर का रिम्स में शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। जिला कमेटी इनके निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर कहा कि शोकाकुल परिवार को ईश्वर धैर्य और दुख को सहने की शक्ति दें। इस दुख की घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। दुख व्यक्त करने वालों में राज्यसभा सांसद धीरज साहू, लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, जिलाध्यक्ष सुखैर भगत, अशोक यादव, शकील अहमद, डॉ अजय सहदेव, नेसार अहमद, निशित जयसवाल, रीना भगत, मोहन दुबे संदीप कुमार, शाहिद अहमद बेलू, पवन गौतम, सामूल अंसारी, ठाकुर प्रसाद, प्रभात भगत शामिल हैं।

### पत्नी के आरोप पर पति गिरफ्तार, जेल



**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के चंदकोपा निवासी श्रवण साहू के पुत्र संटू के विरुद्ध सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए उसकी पत्नी सूर्या कुमारी ने दहेज उत्पीड़न व मारपीट का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगायी थी। जिसके आलोक में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि संटू की पत्नी सूर्या ने आवेदन के माध्यम से बताया है विवाह के समय पिताजी अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिये थे। परंतु पति, ससुर श्रवण साहु और सास सीता देवी दहेज में फ्रिज व 50 हजार की मांग कर मारपीट और प्रताड़ित करते थे। जिससे तंग आकर पति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा न्याय का गुहार लगायी थी।

### प्राथमिकता के साथ दें प्रमाण पत्र : बीडीओ



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के सभागार में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में एक दिवसीय जन्म एवं मृत्यु पंजीयन जागरुकता कार्यशाला हुई। इस दौरान शिक्षा, बाल विकास विभाग सहित मुखिया, पंचायत सचिव के अलावे सहिया सेविका एवं एएनएम के बीच में बीडीओ ने जानकारी देते हुए कहा कि 14 जुलाई से 14 अगस्त तक जन्म व मृत्यु पंजीकरण को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जो जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाये हैं। मौके पर बीडीओ, बीईईओ, मुखिया दिलीप उरांव, अनिल उरांव, राजश्री उरांव, कमला देवी, शोभा देवी सहित सहिया सेविका एवं एएनएम उपस्थित थे।

### अंधविश्वास ही डायन-बिसाही का मुख्य कारण : थाना प्रभारी



**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के अमलिया में शनिवार को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस पब्लिक मीटिंग हुई। थाना प्रभारी कृष्णा तिवारी ने ग्रामीणों डायन बिसाही, साइबर अपराध, नशापान, सड़क सुरक्षा के नियम आदि के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि डायन बिसाही जैसी कोई चीज नहीं होती है। परिवार के सदस्य जब बीमार पड़े तो उसे तत्काल इलाज करायें। अंधविश्वास ही डायन-बिसाही का कारण है। साथ ही कहा कि बीमार पड़ने पर ओझा गुणी न करायें। थाना प्रभारी ने कहा कि नशापान समाज के विकास में सबसे बड़ा बाधक होने के साथ परिवार में हमेशा कलह उत्पन्न करता है। युवा वर्ग नशे से दूर रहे और सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दें। गांव में कोई समस्या हो तो ग्रामीण सीधे उनसे संपर्क करें ताकि समय रहते समस्या का समाधान किया जा सकेगा। मौके पर एसआई सुरेंद्र कुमार, जनता उरांव, जगजीवन सिंह, विक्रम सिंह, सुजीत सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# सांसद प्रतिनिधि सुखैर भगत ने की लोहरदगा के लिए कई ट्रेन की मांग

- रेलवे धनबाद मंडल कार्यालय में आयोजित मंडल संसदीय समिति की विशेष बैठक में सांसद प्रतिनिधि के रूप में लिया भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** धनबाद मंडल रेलवे के तत्वावधान में धनबाद मंडल कार्यालय में आयोजित मंडल संसदीय समिति की विशेष बैठक में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि के रूप में सुखैर भगत ने हिस्सा लिया। आज के विशेष बैठक में धनबाद रेलवे डिवीजन के अंतर्गत आने वाले 17 संसदीय क्षेत्र के सांसदों एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने की। सांसदों एवं धनबाद मंडल के वरीय प्रबंधक, एवं उच्च रेलवे अधिकारियों के समक्ष सुखैर भगत ने लोहरदगा जिले के ग्रामीणों की मांगों को विस्तार से रखा और शीघ्र निष्पादन की मांग की है।

**क्या हैं मुख्य मांगें**



मुख्य मांगों में लोहरदगा से धनबाद भाया बोकारो नई ट्रेन चलाने, रांची नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव लोहरदगा में करने, लोहरदगा में रेलवे की खाली जमीन, समाहरणालय मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराने, लोहरदगा रांची मेमू ट्रेन में कोच की संख्या बढ़ाने, लोहरदगा रेलवे स्टेशन में टिकट काउंटर की संख्या बढ़ाने, लोहरदगा रेलवे स्टेशन में पीने योग्य शुद्ध पेय जल की व्यवस्था करने, हटिया हावड़ा एक्सप्रेस का परिचालन लोहरदगा से कराने, संबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस का परिचालन दो दिन लोहरदगा होकर चलाने, सासाराम रांची एक्सप्रेस का ठहराव टांगरबसली स्टेशन में करने, गुमला जिला के पोकला रेलवे स्टेशन में धनबाद आलेप्पी, जम्मूतवी एक्सप्रेस, एवम जयनगर एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित करने, टोरी रेलवे स्टेशन में शीघ्र ओवरब्रिज का निर्माण कराने, पिस्का नगड़ी में शीघ्र ओवरब्रिज निर्माण करना आदि शामिल हैं।

# छात्रों के लिए मात्स्यिकी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं: डॉ एके दास

- केंद्रीय अंतर्स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान बैरकपुर के प्रधान वैज्ञानिक ने मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय गुमला का दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** केंद्रीय अंतर्स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान बैरकपुर से प्रधान वैज्ञानिक एवं विस्तार विभाग के प्रमुख डॉ एके दास ने मात्स्यिकी विज्ञान कॉलेज गुमला का दौरा किया। उनके साथ संस्थान के वैज्ञानिक मिशाल पी, मात्स्यिकी निदेशालय से सहायक निदेशक श्री नवराजन तिर्की ने भी गुमला पहुंचे थे। कॉलेज के सह अधिष्ठाता डॉ एके सिंह ने सभी अतिथिगण का स्वागत किया। सर्वप्रथम सहअधिष्ठाता ने अतिथिगण को कॉलेज के क्रियाकलापों से अवगत कराया। जिला मत्स्य पदाधिकारी गुमला कुशुमलता ने कहा कि वह मात्स्यिकी के छात्रों के लिए नियुक्तियों हेतु विभाग के बैठकों में प्रस्ताव रखेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्साहित किया एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



**खास बातें**

डॉ एके दास ने महाविद्यालय के सभी विभागों का भ्रमण किया एवं संकाय के प्रभारियों एवं सभी सह प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं का मागदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर कहा कि वे मेहनत करें एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने की पूरी कोशिश करें। किसी भी कॉलेज का आधार उसमें पढ़ रहे छात्र एवं छात्राएं ही होते हैं और उनके अच्छे परिणाम से ही कॉलेज का नाम उजागर होता है। उन्होंने मात्स्यिकी को वेदों एवं पुराणों के साथ जोड़कर संसार में इसके अस्तित्व के बारे में बताया और कहा कि मछली भगवान विष्णु का एक अवतार है। भगवान विष्णु के बारह अवतारों में सबसे पहला अवतार मत्स्य अवतार है। इतना ही नहीं हिंदू धर्म में इसे शुभ माना जाता है और यह व्यक्ति के प्रतिष्ठा को भी दर्शाता है। विद्यार्थियों को कक्षा की पढ़ाई के अलावे कोर्स से संबंधित पुस्तकों को पढ़ने के लिए कहा और पुस्तकालय का संपूर्ण रूप से सदुपयोग करने के लिए भी कहा।

### लोहरदगा भ्रमण पर पहुंचे केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव

# एक माह के अंदर अधूरे कार्यों को पूरा करने की दी हिदायत

- अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले के विकास के लिए दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के तीन दिवसीय भ्रमण पर केंद्र सरकार के श्रम एवं नियोजन मंत्रालय के संयुक्त सचिव सह आकांक्षी जिले के प्रभारी कमल किशोर सोन लोहरदगा पहुंचे। अधिकारियों के साथ जिला परिषद सभागार में बैठक आयोजित कर जिले की विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। साथ ही जिले में चल रहे योजनाओं का जायजा भी लिया। वही बैठक में मुख्य रूप से जिले में स्वास्थ्य की व्यस्था, शिक्षा की व्यस्था, कृषि और वित्तीय मद की समीक्षा हुई। इस दौरान जिले में विकास कार्य को तेज करने के लिए और अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने के लिए कई विभाग के अधिकारियों को 1 महीना समय दिया गया है। वहीं बैठक के बाद संयुक्त सचिव ने ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर सखी मंडल द्वारा तैयार किये जा रहे किस्को प्रखंड में स्कूली ड्रेस का जायजा लिया।



सिलाई सेंटर का जायजा लेते संयुक्त सचिव।

- संयुक्त सचिव कमल किशोर सोन ने कहा कि सरकार आकांक्षी जिले के विकास के लिए तत्पर है इसी को लेकर भ्रमण रखा गया है ताकि विकास कार्यों में बाधा न पड़े और सभी योजनाएं सही से पूर्ण हो इसके लिए अधिकारियों को 1 महीना का समय दिया गया है अगले महीने तक कार्य पूर्ण हो जायेगी साथ ही जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और वित्तीय मद पर समीक्षा केंद्रित की गई है और इसे बढ़ावा देने के लिए कार्य तेज किए जायेंगे। मौके पर जिला के सभी अधिकारी मौजूद थे।

# भूतपूर्व सैनिक संगठन घाघरा ने पेंशन समेत कई अन्य समस्याओं पर की चर्चा

- हमारे वीर सैनिक देश के अभिन्न अंग हैं : बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शनिवार को भूतपूर्व सैनिक संगठन घाघरा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से सैनिक बोर्ड गुमला के पदाधिकारी पी रामा राव, प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से पेंशन से संबंधित कई मुद्दे पर चर्चा की गई। वहीं जानकारी देते हुए सैनिक बोर्ड गुमला के पदाधिकारी पी रामा राव ने कहा कि सरकार से मिलने वाले पेंशन मेडिकल, आधार कार्ड सुधार, पेंशन लेने के लिए एक पत्नी के अलावा दूसरा पत्नी नहीं होनी चाहिए नहीं तो पेंशन का लाभ नहीं मिल पायेगा। वहीं लोगों को एकजुट होकर रहने की बात कही ताकि किसी भी तरह की परेशानियों का सामना भूतपूर्व सैनिकों को ना करना पड़े। बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने कहा कि सैनिक देश के अभिन्न अंग हैं। सैनिक अपना घर परिवार को छोड़कर देश की सेवा करते हैं और वह सेवनिर्वित होकर वापस लौटते हैं। उनका सम्मान में कोई कमी नही होनी चाहिए। मेरे से जो भी सहयोग बन पड़ेगा उसके लिए मैं आप लोगों के साथ हमेशा खड़ा हूं। इसके पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी और बीडीओ को भूतपूर्व सैनिकों ने बुके देकर व बैच पहनकर सम्मानित किया। मौके पर लालधर कुजूर, राम कुमार भगत, बिलियम कुजूर, विनय किंडो, महादेव भगत, हीरा चंद्र भगत सहित कई भूत पूर्व सैनिक उपस्थित थे।



बैठक में शामिल बीडीओ व सैनिक संगठन के सदस्य।

# समस्याओं का निदान करना कांग्रेस की पहली प्राथमिकता: आलोक साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- एक वर्ष से खराब हुए जलापूर्ति योजना को शीघ्र चालू करवाया गया

**कुडू।** प्रखंड के अंतर्गत बड़की चापी पंचायत के बंदुआ बरटोली के ग्रामीणों की शिकायत पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ बरटोली पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से मिले। ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि विगत 3 वर्ष पूर्व यहां सौर जलापूर्ति योजना चालू हुआ था जिसके माध्यम से ग्रामीणों को पानी मिल रहा था। लेकिन विगत 1 वर्षों से जलापूर्ति योजना खराब है। इसके लिए ग्रामीण लोहरदगा उपायुक्त एवं पीएचईडी विभाग में आवेदन देकर खराब हुए जलापूर्ति योजना को बनाने की मांग की थी, लेकिन अभी तक चालू नहीं हुआ है जिसके कारण यहां की जनता को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है। ग्रामीणों ने श्री साहू से खराब जलापूर्ति योजना को चालू कराने की मांग की। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि जन समस्याओं का निदान करना कांग्रेस पार्टी की पहली प्राथमिकता होती है। पेयजल योजना चालू करने हेतु वे सकारात्मक प्रयास करेंगे।



# आस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व लॉन बॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए आरजू चयनित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** भरनो प्रखंड के मालगो की अंतरराष्ट्रीय लॉन बॉल खिलाड़ी आरजू रानी का चयन आस्ट्रेलिया में आयोजित विश्व लॉन बॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 के लिए हुआ है। उससे पूर्व दिल्ली में 16 से 26 जुलाई तक होने वाले प्रशिक्षण में भाग लेगी। प्रशिक्षण के बाद वह आस्ट्रेलिया जायेगी। आरजू वर्तमान में प्रोजेक्ट बालिका उवि भरनो में सहायक शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। इसके लिए झारखंड से कुल 5 महिला और 3 पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रतियोगिता 29 अगस्त से 10 सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में होगी। आरजू ने बताया कि वह भरनो में शिक्षिका है और पढ़ाई कराने के साथ समय निकालकर छुट्टी के दिनों में रांची के नामकोम स्थित आरके आनंद लोन वॉल ग्रीन बगार्वा में अभ्यास कर खेल चालू रखी हुई है। बताते चलें कि आरजू पूर्व में दो बार नेशनल गेम्स और नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत कर झारखंड सहित गुमला जिला का नाम रौशन कर चुकी है।

- 16 से 26 जुलाई 2023 तक दिल्ली के प्रशिक्षण में लेगी भाग
- पहले दो बार नेशनल गेम्स और नेशनल चैंपियन शिप में गोल्ड मेडल जीत चुकी है आरजू



### हिंडाल्को अनलोडिंग स्टेशन पर 11 को प्रदर्शन

**लोहरदगा।** 11 जुलाई को लोहरदगा बॉक्साइट मजदूर संघ लोहरदगा हिंडालको अनलोडिंग साइडिंग स्थित रोपवे के समक्ष 1 घंटे का शांतिपूर्ण संकेतिक धरना प्रदर्शन कार्यक्रम करेगा। इसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक एवं मजदूरों के नेता सुखदेव भगत, मजदूर हित में काम करने वाले लोहरदगा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार साहू सहित अनेक नेतागण उपस्थित रहेंगे इस बात की जानकारी देते हुए बॉक्साइट अनलोडिंग मजदूर संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद महतो, सचिव अनिल उरांव ने सभी मजदूरों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव बेड़ा टोली पथ से बालू लोडेड एक ट्रैक्टर को गुप्त सूचना के आधार पर परिचालन करते हुए जब्त कर सीओ विजय कुमार को सूचनार्थ किया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने ट्रैक्टर की जानकारी देते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध बालू उठाव की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आलोक में पुलिस कार्रवाई के दौरान बेड़ा टोली पथ से बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। अग्रेतर कार्रवाई हेतु सीओ ने सहायक खनन पदाधिकारी को सूचनार्थ किया गया है। सीओ ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध जांचोपरांत खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी।

### बीडीओ ने की कृषक मित्रों के साथ बैठक



**कैरो।** प्रखंड कार्यालय में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में कृषक मित्रों की बैठक हुई। जिसमें कृषक मित्रों द्वारा केसीसी ऋण आच्छादित किसानों का सर्वे रिपोर्ट का ग्राम वार समीक्षा करते हुए तेरह जुलाई तक सर्वे कार्य पूरा करने का निर्देश बीडीओ ने कृषक मित्रों को दिया। बैठक में सहायक तकनीकी प्रबंधक विजय आलोकित रूंडा, राजनारायण सिंह, फुलमनी उरांव, शमीम अंसारी, एम तिवारी, प्रतिमा देवी, कुंवर साहू, समियूल अंसारी, फुलमनी उरांव सहित कृषक मित्र उपस्थित थे।

# घाघरा के अजियातु में सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- घाघरा के अजियातु गांव में सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन



**घाघरा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार घाघरा पुलिस ने शनिवार को प्रखंड के अजयातू गांव में सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम किया। इस क्रम में डायन बिसाही, सड़क सुरक्षा, साइबर ठगी व नशा पान से संबंधित मुद्दों पर जानकारी ग्रामीणों दी गयी। इस दौरान गांव के महिला पुरुषों को समझाते हुए एसआई टेकलाल महतो ने कहा डायन बिसाही जैसी कोई भी चीज नहीं होती है। यह समाज की कुरीति है। ऐसा मन में भी नहीं सोचना है कि डायन बिसाही जैसा कोई चीज होता भी है। किसी को डायन कहने से ही कानूनी सजा का प्रावधान है। सड़क सुरक्षा पर लोगों को कहा है कि बिना हेलमेट बाइक व बिना सीट बेल्ट के चार चक्का वाहन न चलायें।

### आज आयेंगे डॉ संदीप

**गुमला।** चर्म, कुष्ठ व थाइराइड रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 9 जुलाई को पालकोट रोड स्थित नीलेश्य मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। बालों का झड़ना, असमय पकना व त्वचा संबंधी बीमारियों का भी इलाज होगा। जानकारी दिलीप नीलेश ने दी।

### रक्तदान शिविर आज

**गुमला।** रोटरी क्लब ऑफ गुमला सिटी 9 जुलाई को स्वैच्छिक रक्त दान शिविर रोटरी भवन पालकोट रोड गुमला में सुबह 11 बजे से लगायेगा। मुख्य अतिथि सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनुपम किशोर होंगे। जानकारी रोटरी अध्यक्ष डॉ सुगेंद्र साय ने दी।

# बाबा बर्फानी के दर्शन को सात लोगों का जत्था अमरनाथ रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** पवित्र माह सावन में श्रद्धालु भक्तों के द्वारा भगवान महादेव शंकर को जल चढ़ाने के लिए प्रखंड से सात सदस्यीय कांवरिया दल अमरनाथ के लिए रवाना हुए। जाने वालों में जयप्रकाश साहू, निर्मल खंडित, रमेश महतो, राजू साहू, रवि शुक्ला, किनेश साहू, जितेंद्र साहू शामिल हैं। वहीं जयप्रकाश साहू और किनेश साहु ने कहा कि बाबा अमरनाथ बर्फानी का दर्शन करने से संकट दूर होता है और मनोकामनाएं पूर्ण होती है। वही व्यवसायी संघ का अध्यक्ष जोधनरायन साहू के द्वारा दुर्गा मंदिर परिसर में सभी भक्तों को यात्रा के लिए शुभकामना देते हुए फूल का माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर विदा किया साथ ही उन्होंने कहा कि आपलोगों का यात्रा मंगलमय हो बाबा बर्फानी सभी भक्तों का दुख को हरण करें।

### ससमय रिपोर्ट जमा करें शिक्षक : जयनाथ महतो



**भंडरा।** प्रखंड के बीआरसी भवन में शनिवार को प्रखंड के सभी प्राध्यापकों की मासिक गुरु गोष्ठी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जय नाथ महतो ने की। जिसमें शिक्षकों को नामांकन अभियान में तेजी लाने को कहा गया। कहा कि सभी छात्रों का जाति प्रमाण पत्र बनवायें, प्रयास कार्यक्रम का अनुश्रवण नियमित रूप से होना चाहिए, शिशु पंजी सर्वे रिपोर्ट नियमित रूप से भरा जाना चाहिए।

# निर्माण के छह माह भी नहीं टिक सकी नहर, पहली बारिश में ही खोल दी पोल

- लघु सिंचाई प्रमंडल गुमला से केराझरिया डैम में बनी नहर टूटी
- लघु सिंचाई विभाग से चल रहे कार्यों की अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा ने जांच की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** लघु सिंचाई प्रमंडल गुमला द्वारा घाघरा प्रखंड के नाथपुर गांव के केराझरिया डैम में कराई गई नहर निर्माण इतना घटिया था कि 6 माह भी नहीं टिक पाया और पहली बरसात में ही सूखे पत्ते की तरह भरभरा कर गिर गया। इतना घटिया निर्माण कार्य बगैर इंजीनियरों की मिलीभगत के बिना नहीं कराई जा सकती है। इसलिए जिला प्रशासन से अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा मांग करती है कि उच्च स्तरीय जांच टीम गठित करते हुए प्राक्कलन को ताक पर रखकर घटिया बनी नहर निर्माण की व्यापक जांच करते हुए नए सिरे से नहर निर्माण कराई जाए। किसान सभा गुमला ने जांचोपरांत लघु सिंचाई प्रमंडल गुमला के पूर्व कार्यपालक अभियंता श्री प्रदीप भगत, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता पर भी कठोर कार्रवाई की मांग की है।



छह माह पूर्व बनी नहर पहली बरसात में टूटी।

- विदित हो कि लघु सिंचाई प्रमंडल गुमला द्वारा की जा रही भ्रष्टाचार के मामले पर कार्रवाई नहीं होने से ही पूरे जिले में किसान हित के विभिन्न योजनाओं में बेहिसाब भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसकी सूचना जिला प्रशासन व सरकार को अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा व झारखंड नवनिर्माण दल देती रही है। लेकिन जिस तरह की कार्रवाई होनी चाहिए, इंजीनियरों पर कार्रवाई नहीं करने का ही परिणाम है कि कहीं डैम टूट रहे हैं तो कहीं नहर बह जा रही है। किसान सभा ने यह भी कहा है कि अगर जिला प्रशासन बहे हुए घटिया नहर निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए कार्रवाई सुनिश्चित नहीं करती है तो 14 जुलाई 2023 को जिला मुख्यालय गुमला में किसानों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार की लूट नीति व विभाग के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जायेगा।

### राहुल गांधी को राहत नहीं देने पर कांग्रेसियों ने निकाला संकल्प मार्च

# राहुल गांधी को राजनीतिक साजिश के तहत भाजपा ने फंसाया : नेसार अहमद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के मानहानि मामले को लेकर गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा कोई राहत नहीं दिये जाने को लेकर एक बैठक कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में रखी गयी। जिसमे प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन से पैदल मार्च कर शहर के पावरगंज चौक पर कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के संघर्ष को बल प्रदान करने हेतु संकल्प लिया। मौके पर कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगाये राहुल जी संघर्ष करें हम आपके साथ हैं राहुल के सम्मान में कांग्रेस है मैदान में संविधान बचाओ देश बचाओ लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ डरो मत संघर्ष करो डरेंगे न झुकेंगे देश के खातिर लड़ेंगे। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा सच की लड़ाई लड़ी है, और आगे भी लड़ते रहेंगे। सच यह है कि ललित मोदी, नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, विजय माल्या, जतिन मेहता जैसे भगोड़े, मोदी सरकार के निगरानी में जनता के पैसे लेकर, संदिग्ध रूप से विदेश पहुंच गये। भाजपा ने उनको तो आजाद कर दिया, पर झूठ की चालें चल, एक राजनीतिक साज़िश के तहत, राहुल गांधी को कठघरे में खड़ा कर, संसद से निलंबित करा दिया। भाजपा के राज में पहले भ्रष्टाचारी बाहर भागते हैं(



राहुल गांधी के संघर्ष को बल देने की शपथ लेते कांग्रेसी नेता।

स्पीड न्यूज

## फेतल सिंह के वंशजों को मंत्री ने किया सम्मानित

**रंका/गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को रंका प्रखंड के बाहाहारा पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानी फेतल सिंह के वंशजां को शल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने बाहाहारा गांव में शिवनाथ सिंह के घर भोजन भी किया। सम्मानित किये गये लोगों में बेलाश सिंह, राजकुमार सिंह, बालकेश्वर सिंह, बिरजु सिंह, रामचंद्र परहिया, राजनाथ सिंह, हरखुलास सिंह, विनोद प्रसाद गुप्ता, सत्यनारायण सिंह, सतराज सिंह, गुल्लू सिंह आदि का नाम शामिल है।

## एक यूनिट रक्तदान

**गढ़वा।** कसौान वैश्य समाज के सदस्य शहर के चिनिया रोड निवासी मुन्ना कश्यप ने एक यूनिट रक्तदान किया। मुन्ना ने भाजपा जिला उपायक्ष मुरली श्याम सोनी के लिए रक्तदान किया। जिन्हें रक्त की आवश्यकता थी। मौके पर मुन्ना कश्यप ने कहा कि मुझे रक्तदान करने का मौका मिल रहा है यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि कसौधन वैश्य समाज रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों को लगातार रक्त उपलब्ध करा रहा है। सुबह, दोपहर, शाम किसी भी वक्त कसौधन वैश्य समाज के सदस्य रक्तदान के लिए तैयार रहते हैं। मौके पर उपाध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप, मीडिया प्रभारी आशीष, युवा टीम के सचिव हर्ष सीटू, कोषाध्यक्ष अभिषेक कश्यप आदि लोग उपस्थित थे।

## पेड़ से गिरकर युवक घायल

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के रंका गांव निवासी गौरीशंकर राम का पुत्र विजय राम 28 वर्ष पेड़ से गिरकर घायल हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह पेड़ पर चढ़कर लकड़ी की कटाई कर रहा था। उसी बीच पैर फिसल जाने के कारण गिर गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के बेलाझगड़ा गांव निवासी संजय सिंह का पुत्र राजेश सिंह 17 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह अपने घर से डंडई बाजार बाजार करने जा रहा था। उसी बीच उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## बगैर माइनिंग चालान के चार बोल्डर लदा हाइवा जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर शनिवार तड़के सुबह लगभग 4 बजे कोडरमा–गिरिडीह मुख्य मार्ग पर नवलशाही थाना भवन के समीप वाहन जांच के दौरान बगैर माइनिंग चालान के चार बोल्डर लदा हाइवा जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त चारों बोल्डर लदा हाइवा संख्या जेएच11के/6797, जेएच01एक्स/1174 व जेएच11पी/7786 वहीं एक हाइवा का नंबर प्लेट में अंकित नंबर को खुरेच कर नष्ट कर दिया गया जो वाहन नंबर स्पष्ट रूप से नहीं दिख रहा है। सभी गिरिडीह की ओर से बोल्डर लेकर डोमचांच की ओर जा रहे थे, इसी क्रम में थाना भवन के समीप वाहन जांच के दौरान पहले से मौजूद पुलिस पदाधिकारियों ने चारों वाहनों को रोककर चालक से बोल्डर से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया। चालको के द्वारा बोल्डर से संबंधित किसी भी प्रकार के कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर चारों वहानों को जब्त कर अग्रेसर कार्रवाई के लिए थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया हैं। वहीं इसकी सूचना खनन विभाग को भेज दिया गया हैं। मौके पर नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, एसआई कुमार शिवम व पुलिस बल जवान मौजूद थे।

# कोडरमा में डॉ.नीरा यादव की पहल से कुल तीन बड़े पुलों की मिली स्वीकृति

## स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया



**कोडरमा।** ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से विधायक डॉ.नीरा यादव की अनुशंसा पर स्वीकृत कोडरमा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कुल तीन उच्च स्तरीय पुल की निविदा निकाली गई। जिसमें डोमचांच प्रखंड के मधुबन पंचायत स्थित ग्राम गोलगो में भीतीयाही नदी पर उच्च स्तरीय पुल की स्वीकृति के पश्चात् इसकी अंतिम विभागीय रूप देते हुए तीन करोड़ चार लाख बावन हजार पांच सौ रुपए की निविदा विभाग द्वारा निकाली गई है। इसकी स्वीकृति के लिए इस पुल के निर्माण में आने वाली वन विभाग की अनापत्ति प्रमाण-पत्र के लिए विधायक डॉ.नीरा यादव का अथक प्रयास रहा था तदोपरांत इसकी स्वीकृति हो पाई है। इसके लिए पच्चीस मई 2021 को ढाब के हरैया नदी पर उच्च स्तरीय पुल के साथ स्वीकृति दी गई थी, जो कि इस पुल में वन विभाग का भू-भाग आ जाने के कारण इसकी विभागीय प्रक्रिया में विलम्ब हुई। साथ ही पंचायत पुरनाडीह एवं पंचायत मसनोहना के बीच ग्राम उपरबाद एवं ग्राम रायडीह के बीच केशो नदी पर छह करोड़ पांच लाख बारह हजार छह सौ रुपए की लागत से निविदा निकाली गई है एवं पंचायत पारहो में ग्राम पुतो में पूतो नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण हेतू तीन करोड़ सैंतालीस लाख चौवालिस हजार चार सौ रुपए की लागत से निविदा निकाली गई है। उक्त सारे योजनाओं का क्रियान्वयन ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल कोडरमा से किया जा रहा है। पुलों के निर्माण होने से कई गावों का संपर्क मुख्य सड़क से कम दूरी तय करने से हो जाएगा और नदी में अत्यधिक वर्षा के वक्त भी आवाजाही लोग अच्छे से कर सकेंगे। वहीं प्रवीण कुमार, मुकेश कुमार, कुलदीप राम, परमेश्वर यादव, महेंद्र यादव, शिवलाल सिंह, सुनील कुमार, विजय यादव, रामबालक सिंह, उपेंद्र पांडे, सहदेव मोदी आदि ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया।

## 44 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन सड़क बरसात के बाद कई जगहों पर क्षतिग्रस्त

**जयनगर (कोडरमा)।** पीडब्ल्यूडी की ओर से 44 करोड़ की लागत से झुमरी तिलैया मोरियावां से बगड़ो तक निर्माणाधीन सड़क की पोल पहली बारिश में ही खुल गई है। गत दिनों हुई बारिश के बाद तेतरियाडीह व संदेडीह के समीप सड़क टूट गई है। नवनिर्मित सड़क पहले बारिश में टूटने को लेकर लोगों ने संवेदक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि उक्त सड़क से इलाके के दर्जनों गांव के हजारों लोगों को झुमरी तिलैया मुख्य मुख्य बाजार आने जाना आते हैं।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में स्वस्थ खाद्य कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में नर्सरी व केजी के छात्रों के लिए स्वास्थ्यपूर्ण आहार को बढ़ावा देने के लिए स्वस्थ खाद्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूली छात्रों को स्वस्थ आहार के महत्व की जानकारी दी गई। वहीं स्कूल के प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा कि हम जानते हैं कि एक स्वस्थ आहार हमारे छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ खाद्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया है, ताकि हमारे छात्र स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें। इनमें विभिन्न गतिविधियां शामिल थीं, जिनका उद्देश्य छात्रों को स्वस्थ खाद्य को पसंद करने और उसे अपने दैनिक आहार में शामिल करने में मदद करना था।

# जन समस्याओं का निदान करना मेरा कर्म एवं धर्म है : मिथिलेश ठाकुर

### मंत्री ने किया जनसंवाद सुनी लोगों की समस्या, कई का हुआ निदान

खबर मन्त्र संवाददाता



जनसंवाद में लोगों की समस्या सुनते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**रंका/गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को रंका प्रखंड के बाहाहारा पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पंचायत के गौरगाड़ा गांव में दुर्गा मंडप के समीप, चटकमान गांव में स्कूल के बगल में, गासेदाग गांव में स्थित चार मुहान पीपल पेड़ के समीप, जासोबार गांव में बड़का आम के समीप तथा बाहाहारा गांव में स्थित पंचायत भवन में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों से रू-ब-रू होते हुए लोगों की समस्याओं को सुना। कई समस्याओं का मंत्री ने अन द स्पट निदान कराया जबकि से समस्याओं का यथाशीघ्र निदान के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

## बिजली चोरी को लेकर 10 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**जयनगर (कोडरमा)** विद्युत विभाग के कनीय अभियंता उज्जवल तिवारी थाना क्षेत्र के कटिया, मनीडीह, तेतरौन, परसाबाद में छापामारी अभियान चलाकर बिजली चोरी करने के आरोप में 10 लोगों पर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने कहा जागेश्वर यादव पिता गौरी शंकर यादव, कलीम अंसारी पिता नजाम अंसारी, छोटू कसेरा पिता दासो कसेरा, भगवानी कसेरा पिता पति कसेरा, महेश यादव पिता रामेश्वर महतो, दामोदर यादव पिता तेजो महतो, धुपाली महतो पिता बढन महतो, सरजू राणा पिता परमेश्वर राणा, प्रकाश राणा पिता गाजो राणा, नरेश राणा पिता बद्री राणा के द्वारा बिजली चोरी करते पकड़े गए हैं, सभी लोगों पर जुर्माना भी लगाया गया है। छापेमारी के दौरान गजेंद्र टोप्पो, मुन्ना लाल यादव आदि कर्मी मौजूद थे।

# संघर्ष, वजूद और लक्ष्य को हासिल करने का नाम है बाबूलाल मरांडी: प्रो नंद किशोर

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** संघर्ष कर अपने वजूद को कायम रखना साथ ही साथ मंजिल को लक्ष्य को प्राप्त करना बाबूलाल जी से हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को सीखने की कोशिश करनी चाहिए। झारखंड के गांधी बाबूलाल मरांडी गिरिडीह के बाबू और संथाल के कर्म योगी लाल हुए झारखंड के बाबू लाल मरांडी। बाबूलाल मरांडी गिरिडीह तिसरी के सुदूरवर्ती गांव में जन्म से लेकर शिक्षक की नौकरी करते हुए समाज सेवा को समर्पित जीवन यापन में शामिल किया। पर विधि प्रकृति को कुछ और ही सुन्दर बढ़िया इच्छा थी करने की तभी संघ के संपर्क में आकर विश्व हिन्दू परिषद के संगठन मंत्री के रूप में अपने जीवन को सम्पूर्ण तौर पर समर्पित कर दिया। आदरणीय बाबूलाल मरांडी जी अनवरत संघ कार्य को सुचारू ढंग से करते हुए चल ही रहे थे कि भारतीय जनता पार्टी इन्हें अपनी ओर खींच लिया या फिर संघ ही हीरे के रूप में पहचान करते हुए इन्हें सन (1991) उन्नीस सौ इककानवे में झारखंड के बड़े ही नामी गिरामी हस्ती दिसोम गुरु श्री शिबू सोरेन जी दुमका लोकसभा चुनाव में दो दो हाथ करने के लिए तैयार कर भेज दिया पर शिबू सोरेन इस चुनाव में भारी पड़ इन्हें शिकस्त दी। बाबूलाल जी स्वभाव से सरल पर अंदर से जिद्दी किस्म के इंसान हैं जो स्वभाव आम झारखंडियों की होती है वे संपर्क स्थापित करते हुए समाज सेवा में समर्पित होकर क्षेत्र में लगातार लगे रहे। पुनः लोकसभा चुनाव में फिर दो दो हाथ शिबू सोरेन जी से हुई पर महज पांच हजार वोटों से पिछड़ गए। आगे में मध्यावधि चुनाव होती है और बाबूलाल जी शिबू सोरेन जी को पटखनी दी और वाजपेई जी के मंत्री मंडल में शामिल होकर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में राज्य मंत्री के दायित्व को खूब सुंदर ढंग से निर्वाह करते हुए सरकार के साथ ही साथ अपने क्षेत्र में लगातार सक्रिय हो कर काम करने लगे। इसी बीच पुनः देश वर्ष (1999) में मध्यावधि चुनाव में वाजपेई जी सरकार कांग्रेस के दुष्चक्र में एक वोट से गिर गई।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो में शनिवार की शाम करीब 4 बजे एक नवविवाहिता ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद मौके पर तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार दल बल के साथ पहुंच कर मामले की जांच शुरू की। इस दौरान जांच में प्रथम दृष्टि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ सामने आया है। नवविवाहिता की पहचान मनीषा कुमारी उम्र 19 वर्ष पिता नरेश कुमार कुशवाहा गुमो निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार 11 जून को मनीषा कुमारी की शादी उरमा के संदीप कुमार से हुई थी। दो दिन पहले मनीषा अपने मायके आई थी। इसके बाद शनिवार को उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों को जानकारी तब हुई जब मनीषा के पति संदीप शनिवार की शाम उससे मिलने मायके पहुंचे तो उन्हें जानकारी मिली कि मनीषा अपने कमरे में है।

## लूटी गयी बाइक और ई–रिक्शा बरामद, तीन अपराधी गिरफ्तार



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसडीपीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पुलिस ने लूट की ई-रिक्शा एवं मोटरसाइकिल सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदूआ ाोबी मोहल्ला निवासी प्रमोद राम का पुत्र राजकुमार चंद्रवंशी, बंदूआ गांव निवासी विजय बैठा का पुत्र शंकर कुमार रजक एवं डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी विनोद राम का पुत्र सुभाष कुमार रवि है। इसकी जानकारी एसडीपीओ अवा कुमार यादव ने शनिवार को गढ़वा थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दी। एसडीपीओ ने बताया कि हाल में कुछ दिनों से गढ़वा थाना अंतर्गत ई-रिक्शा लूट तथा डंडई थाना अंतर्गत मोटरसाइकिल चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस आीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि घटित घटना की अपराा शैली से उन्हें जानकारी मिली थी कि कोई नया गिरोह द्वारा घटना का अंजाम दिया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदूआ गांव से राजकुमार चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा घटना की सारी जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि एक मई को गढ़वा थाना क्षेत्र के मेढना गांव के पास अज्ञात अभियुक्तों के द्वारा चाकू के भय दिखाकर एवं मारपीट कर रिक्शा लूटा गया था। इसके बाद 10 मई को तिलदाग के पास तीन अज्ञात अपराी द्वारा ई-रिक्शा के चालक को नाश्ता कराने के बहाने होटल में ले गए तथा अभियुक्त ई-रिक्शा को लेकर भाग गया।

### पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक संपन्न

# योजनाओं के प्राक्कलन व व्यय की हुई समीक्षा, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** परिसदन चतरा के सभागार में सभापति, झारखंड विधान सभा की प्राक्कलन समिति निरल पुरती एवं सदस्य राज सिन्हा एवं दशरथ गगरई की अध्यक्षता में चतरा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ विगत 03 वर्षों से संचालित योजनाओं के प्राक्कलन एवं व्यय की समीक्षा हेतु बैठक आहूत किया गया। इस दौरान सभापति के द्वारा ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई, एनआरईपी, जिला परिषद, भूमि संरक्षण सहित अन्य सभी विभागों में विगत 03 वर्षों से संचालित योजनाओं से संबंधित प्राक्कलन एवं व्यय आदि का समीक्षा विस्तार पूर्वक किया गया। इस अवसर पर माननीय समिति के द्वारा विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आलोक में संबंधित विभाग के तहत पिछले तीन वर्षो के दौरान क्रियान्वित विविध योजनाओं की गहन समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सभापति ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिये की स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। सभापति ने चतरा जिले में क्रियान्वित योजनाओं का किए जा रहे कार्य सड़क, भवन इत्यादि का औचक निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि प्राक्कलन में दिए गये दिशा निर्देश के अनुरूप कार्य की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। सभापति, झारखंड विधान सभा की प्राक्कलन समिति निरल पुरती, सदस्य राज सिन्हा एवं दशरथ गगरई के चतरा परिसदन आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान एवं उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। वहीं उक्त मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता के चतरा परिसदन आगमन पर उन्हें पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा उपायुक्त श्री अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल,अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, नगर परिषद कार्यपालक अभियंता अभय कुमार झा, पेय जल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, व अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## शादी के बाद नहीं हुए बच्चे तो विवाहिता की कर दी हत्या

**चतरा।** शादी के बाद बच्चा नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता की हत्या कर दी। वहीं हत्या को आत्म हत्या साबित करने के उद्देश्य से महिला को फांसी के फंदे पर लटका दिया। मामला सदर थाना क्षेत्र के दीभा मुहल्ले का है। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली और एसआई बीना कुमारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। वहीं पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि मृतका प्रीति कुमारी पिता युगेश मिस्त्री कोबना निवासी की शादी हिंदू रीति रिवाज से 3 वर्ष पहले दीभा निवासी टुनटुन मिस्त्री से हुई थी। लेकिन 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी उसका कोई बच्चा नहीं हुआ। ऐसे में पति टूनटून और सास के द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और शुक्रवार की शाम में उसकी हत्या कर दी गई।

## पुलिस मुठभेड़ के दौरान फरार टीपीसी नक्सली संतोष भुईयां गिरफ्तार

**चतरा।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र स्थित अनगड़ा जंगल में सुरक्षाबलों और टीपीसी के बीच मुठभेड़ के बाद फरार उग्रवादी संतोष भुइयां को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टीपीसी कमांडर संतोष भुइयां पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र स्थित नागद का रहने वाला है। बीते शुक्रवार को पलामू-चतरा सीमा मुठभेड़ के बाद संतोष भुइयां फरार हो गया था। वहीं मुठभेड़ के बाद पलामू पुलिस सीमावर्ती इलाके में सर्च अभियान के दौरान संतोष भुइयां को गिरफ्तार किया। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नही की गई है। पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा करेगी। संतोष भुइयां पलामू के मनातू थाना क्षेत्र में 2021 में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुठभेड़ में शामिल था। वही 2022 में चतरा के कुंदा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों के साथ हुए मुठभेड़ की घटना में शामिल था। संतोष भुइयां पर पलामू चतरा सहित अन्य जिलों के थानों में कई मामले दर्ज है।

## भालू के हमले से महिला घायल

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोढाकोला हरैया जंगल में शनिवार सुबह करीब सात बजे भालू के हमले से एक महिला घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ढोढकोला हरैया निवासी 40 वर्षीय शारदा देवी पति सुक्कर सिंह पास के जंगल में लकड़ी लाने के लिए गई हुई थी। इसी क्रम में एक भालू ने हमला कर दिया। हल्ला करने के बाद भालू भाग खड़ा हुआ। घटना के बाद परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से महिला को सदर अस्पताल लाया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## नप का चालु वित्तीय वर्ष के लिए 58 करोड़ का बजट स्वीकृत

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद झुमरीतिलैया का चालु वित्तीय वर्ष 2023-24 का नगर विकास विभाग ने 58 करोड 8 लाख 81 हजार की विकास योजनाओं की स्वीकृति दी है। इसके तहत 31 मार्च 2024 तक नगर पर्षद के द्वारा झमरी तिलैया शहर के 28 वार्ड में विकास के लिए 57 करोड 98 लाख की राशि खर्च करने का बजट बनाया है। नगर पर्षद के प्रशासक विनीत कुमार ने बताया कि नागरिक सुविधा के तहत 4 करोड की राशि खर्च की जायेगी। वहीं सडक निर्माण के लिए 4 करोड 20 लाख 15वें वित्त आयोग से 14 करोड की राशि खर्च की जायेगी। उन्होनें बताया कि नगर पर्षद के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जून 23 तक 4696 लाभुकों के बीच 3365 मकान को राशि महैया कराई गयी है और उन निवास आवास में रहने लगे है। उसमें सरकार 24 करोड रूपये का राशि लाभुको के बीच उपलब्ध करायी है और इस वित्तीय वर्ष के 3 माह में 180 लाभुकों के लिए स्वीकृति के लिए भेजे गये है।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ झारखंड के मार्गदर्शन में डोमचांच गायत्री परिवार कार्यकर्ताओं द्वारा रमेश प्रसाद यादव स्नातक महाविद्यालय डोमचांच एवं मंजुला शर्मा मेमोरियल स्कूल डोमचांच के प्रबंधक रजनीश शर्मा, प्रशासक राम प्रवेश पाण्डेय ने समर्पित भाव से पूरे विद्यालय परिवार के साथ युथ मोटिवेश्नल एवं योग कार्यक्रम में शामिल रहे। योग शशांक दीप द्वारा कराया गया। वहीं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के युथ मोटीवेश्नल स्पीकर सुरेश कुमार यादव ने युवा वर्ग एवं वर्तमान चुनौतियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम बदलेंगे तो देश बदलेगा, क्योंकि हमारा उपनिषद् कहता है, अपना सुधार संसार की सबसे बड़ी सेवा है। जवानी ही जीवन का बसंत है और युवा वर्ग अपने स्वर्णिम भविष्य को बेहतर बनाने के लिए साधना स्वाध्याय, संयम और सेवा की वैज्ञानिकता को अपने जीवन में अंगीकार करना पड़ेगा तभी हमारा राष्ट्र समर्थ और सशक्त बनेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में लखन लाल दीक्षित, शिव कुमार वर्णवाल, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, राजकुमार मेहता, सुनीता वर्णवाल, रामस्वरूप विश्वकर्मा, प्रवीण कुमार मेहता, प्राचार्य रमेश प्रसाद यादव स्नातक महाविद्यालय ड प्रवीण कुमार का सराहनीय प्रयास रहा।

## एक दिन स्कूल नहीं आने पर पांच वर्षीय बच्चे को शिक्षक ने बेरहमी से पीटा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मरकच्चो मध्य पंचायत में एक निजी विद्यालय में एक दिन के लिए अनुपस्थित रहने वाले छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना शुक्रवार की सुबह रोशनबागी मे संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल का है। बच्चा अपने नाना के घर में रहकर यहां पढ़ता है। पिटाई के दौरान बच्चे के चीख से आस पास के लोग विद्यालय के पास पहुंचे। किसी ने बच्चे के परिजन को इसकी सूचना दी। बच्चे के कनपटी पर थप्पड़ व पीठ पर छड़ी के कई निशान थे। परिजन अस्पताल ले जाकर उसका प्राथमिक उपचार कराया। पुलिस से भी इसकी शिकायत की की। पुलिस ने शिक्षक से पूछताछ की। जानकारी अनुसार मरकच्चो बाजार निवासी बच्चे का नाना मो.तौहीद आलम का पांच वर्षीय पुत्र मो.टाइगर प्री नर्सरी का छात्र है। वह गुरुवार को स्कूल नहीं गया था। शुक्रवार की सुबह जब वह स्कूल गया तो विद्यालय के शिक्षक नकुल यादव ने बिना कोई जानकारी लिए उसे देखते ही उसकी पिटाई शुरू कर दी। मामले को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से पूछे जाने पर बताया कि यह मामला अभी हमारे संज्ञान में आया है। कल इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## दसवीं की परीक्षा के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**केतार।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतार में कक्षा 10 में उत्तीर्ण भैया-बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत केतार प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिाि सुरेन्द्र प्रसाद, केतार पंचायत मुखिया प्रमोद कुमार, विद्यालय अयक्ष राम विचार साहू, प्राानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पार्चन कर किया। इसके पश्चात दसवीं के परीक्षा में उत्तीर्ण सभी भैया-बहनों जो प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए उन्हें प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि इसी तरह से आगे भी मेहनत कर इमानदारी से पढ़ाई करना है एवं अपना लक्ष्य को हासिल करना है। आगे क्या करना है उसका लक्ष्य अभी से ही निाारण करना होगा और उसी के अनुरूप आपको अपनी पढ़ाई करना होगा। प्राानाचार्य ने कहा कि हमारे विद्यालय से कुल 19 छात्र-छात्राएं ने परीक्षा में भाग लिया था, जो सभी ने प्रथम श्रेणी से पास किया।

## स्पीड न्यूज

### सर्पदंश से युवक मूर्छित

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के अमरवाडीह ग्राम में सर्पदंश से एक युवक घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दशरथ गंझु 25 वर्ष पिता स्व. सोहर गंझु अमरवाडीह थाना बारियातू निवासी अपने खेत में हल चला रहा था। इसी दौरान बहेराजाड़ा नामक सांप ने उसके पैर में काट लिया। जिससे युवक मूर्छित होकर गिर पड़ा। घटना के बाद परिजनों के मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर पुरषोतम कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आज

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक कॉलोनी स्तिथ दुर्गा मंदिर के प्रांगण में रविवार दोपहर तीन बजे से गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए अजीत ओझा ने बताया की गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों स्वयंसेवक भाग लेंगे। उन्होंने बालूमाथ के तमाम हिंदू समुदाय के लोगो से अपील करते हुए कहा कि वे इस कार्यक्रम में भाग लेकर गुरु दक्षिणा कार्यक्रम को सफल बनाएं और एकता का परिचय दें। साथ ही लोगो से गुरु दक्षिणा में सम्मिलित होकर अपना समर्पण करने का आग्रह किया है।

### इंटक के जिला अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे शीतल साहू



शीतल साहू व अन्य

**चंदवा।** चंदवा निवासी शीतल साहू राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के लातेहार जिला अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। उक्त जानकारी राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के केंद्रीय सचिव कमलनयन दुबे ने कार्यालय आदेश जारी कर दी है। आदेश में उन्होंने शीतल साहू को पहले की भांति इंटक का लातेहार जिला अध्यक्ष पद पर रखने की बात कही है। शीतल साहू के अध्यक्ष पद पर बरकरार रखने के निर्णय से जिले के मजदूरों में खुशी देखी जा रही है। शीतल साहू ने केंद्रीय कमेटी का निर्णय पर आभार जताया व कहा कि जिले के मजदूरों को हक व अधिकार मिले, इसकी लड़ाई लड़ने के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा।

### भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात



मुलाकात करते चेतलाल रामदास

**लातेहार।** भाजपा युवा नेता चेतलाल रामदास शनिवार को रांची में भारतीय जनता पार्टी के नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी से शिष्टाचार मुकालात किया। इस दौरान उन्होंने श्री मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई भी दी व जिले की वर्तमान राजनीतिक व विकास की स्थिति से भी अवगत कराया। मुलाकात के बाद चेतलाल रामदास ने कहा कि बाबुलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से कार्यकताओं में काफी उत्साह है, आगामी लोकसभा व विधान सभा चुनाव में भाजपा को काफी लाभ होगा। भाजपा राज्य के सभी लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने के साथ विधान सभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ जीत दर्ज कर सत्ता में आएगी। आगे चेतलाल ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा। वहीं कार्यकताओं का मान सम्मान भी बढ़ेगा। बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर आम जनता में खुशी की लहर देखी जा रही है। वहीं झारखंड का चौमुखी विकास का द्वार खुलेगा।

### भूमि विवाद में मारपीट चार घायल



घायल लोग

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के हेरहंज ग्राम में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दुखन प्रसाद 45 वर्ष पिता हीरा साव, मीना देवी 40 वर्ष पति दुखन प्रसाद, आशा देवी 50 वर्ष पति स्व. ललन प्रसाद, दीपक कुमार 17 वर्ष पिता दुखन प्रसाद सभी हेरहंज निवासी शामिल है। घटना की जानकारी देते हुए दुखन प्रसाद ने बताया की उनका गोतिया के साथ वर्षों से भूमि विवाद चल रहा है। अगले पक्ष की ओर से जमीन में जबरदस्ती काम किया जा रहा था। जिसको लेकर शुक्रवार को थाना में आवेदन दिया भी गया था। उसके बावजूद दूसरे पक्ष के द्वारा जबरन काम किया जा रहा था इसको लेकर जब हम लोग काम को रोकने गए तो उन लोगों ने हमला बोल दिया और लाठी-डंडे से मारपीट किया। मारपीट करने वालों में नागेंद्र प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, कारू प्रसाद उमेश और गिरजा साव के नाम शामिल है। घटना के बाद हेरहंज पुलिस ने सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां उनका डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

# पुलिसिया कार्रवाई: दो लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपी गिरफ्तार

## बरवाडीह पुलिस ने अपहृत लड़कियों को गढ़वा से किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते एसडीपीओ

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र की दो नाबालिक युवतियों के अपहरण और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले गढ़वा जिले के चार आरोपियों को बरवाडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को लातेहार जेल भेज दिया है। बरवाडीह थाना प्रभारी की तत्परता से पुलिस टीम को इस कांड के आरोपियों की गिरफ्तारी और लड़कियों की बरामदगी में बड़ी सफलता हासिल हुई हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 29 जून 2023 को युवतियों के परिजनों द्वारा बरवाडीह थाना में अपहरण की आशंका को लेकर लिखित आवेदन दिया गया था। जिसपर कांड संख्या 54/2023 धारा 363 भा.द.वि दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कारवाई में जुट गई। वहीं कांड की गंभीरता के मद्देनजर पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के द्वारा एक विशेष टीम का गठन करते हुए अपहृत युवतियों की सकुशल बरामदगी और अपहरणकताओं की शीघ्र गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया गया। हालांकि पुलिस द्वारा अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया था। जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा के नेतृत्व में बरवाडीह पुलिस द्वारा तीन टीम बनाकर गढ़वा जिले अंतर्गत दो दर्जन से अधिक जगहों पर छापामारी की गई। इसमें गढ़वा पुलिस का सहयोग भी सराहनीय रहा। छापामारी के क्रम में दोनों अपहृत लड़कियों को गढ़वा से बरामद कर लिया गया। इधर पुलिस को देखकर अपहरणकर्ता भागने की कौशिश करने लगें। लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार युवकों को दबोचने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम

इस कांड में गिरफ्तार चारों अभियुक्त गढ़वा जिले के रहने वाले है। जिनमें मैन रोड के 12 नंबर वार्ड निवासी ऋतिक नवरंग 22, डफाली मुहल्ले के वार्ड नम्बर 10 निवासी अजय कुमार केशरी 55, पुरानी बाजार निवासी, आशीष कुमार 23 और टंडवा थाना निवासी कुणाल कुमार गुप्ता 30 का नाम शामिल हैं। इनके पास से कांड में प्रयुक्त चार एंड्रॉयड मोबाइल फोन और एक टीवीएस अपाची मोटरसाइकल बरामद किया गया हैं। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त ऋतिक नवरंग का अपराधिक इतिहास भी रहा है, जो आर्म्स एक्ट के केस में जालंधर (पंजाब) जेल में रह चुका है। इस कांड का मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड गढ़वा निवासी अजय कुमार केशरी है, जिसके पुराने रिकॉड को भी बरवाडीह पुलिस द्वारा खंगाला जा रहा है।

**लड़कियों से पूछताछ कर परिजनों को किया गया सुपुर्द**

इधर पुलिसिया पूछताछ में लड़कियों ने बताया कि 21 जून को वह दोनों गढ़वा अपने दोस्त को कपड़ा पहुंचाने गई थी। लेकिन वह गढ़वा रेलवे स्टेशन पर नहीं मिला। तब वह स्टेशन से बाहर निकली। इसी दौरान एक ऑटोचालक ने अपने कुछ साथियों के साथ बलपूर्वक उन दोनों का अपरहण कर लिया। जिसके बाद वह उन्हें गढ़वा निवासी अजय कुमार केशरी के इशारे पर छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज के आसपास किसी मकान पर लेकर गए और बारी-बारी से दोनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। जिसके बाद गढ़वा लाकर अजय कुमार केशरी के द्वारा उपलब्ध कराए गए मकान में भी दोनों के साथ अनेकों बार दुष्कर्म किया जाता रहा। इधर पुलिस ने दोनों युवतियों का मेडिकल कराकर उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बताया कि इस कांड में शामिल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, और अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी**

छापामारी दल में थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार मेहता, महिला पु.अ.नि संध्या सिन्हा के साथ-साथ सैट के जवान शामिल थे।

## प्रसव कराने के लिए 1600 रूपया लिए जाने को लेकर पहुंची जांच टीम

खबर मन्त्र संवाददाता



मामले को जांच करते टीम

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत सिबला पंचायत के पैंसरा टोला निवासी मुकेश उरांव के पत्नी सीमा कुजूर को प्रसव कराने के एवज मे एएनएम द्वारा 1600/- रूपया लेने के मामले में खबर मन्त्र ने खबर को प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। जिसके बाद गठित टीम जांच करने पहुंचे जिसमें डॉ सोभना टोप्पो जिला यक्ष्मा पदाधिकारी लातेहार, नन्द कुमार पाण्डेय मेडिकल इंचार्ज ऑफिसर चंदवा, डॉ. आशीष रंजन एमवाईसी बरवाडीह, पैसरा टोला पहूंचकर जांच किए। जांच के सम्बन्ध मे जिला यक्ष्मा पदाधिकारी श्रीमति टोप्पो ने बताया की खबर मन्त्र हिंदी दैनिक मे खबर प्रकाशित होने के पश्चात जिला द्वारा टीम गठन किया। हमलोग पैंसरा पहुंचकर प्रसव कराये गए महिला सीमा से पूछ-ताछ किए। जिसमें सीमा बताई की मैं प्रसव पीड़ा मे थी मेरे पति ने मुझे बताया की प्रसव कराने के एवज मे एएनएम प्रेमलता कुमारी ने 1600-/ रूपया ली थी। इधर सहिया धनिया देवी ने बताई की मेरे सामने पैसा नहीं लिया गया। सीमा कुजूर के पति मुकेश उरांव कहीं बाहर चले गए थे जिसके कारण जाँच टीम पूछ-ताछ नहीं कर पाये। इधर प्रेमलता कुमारी द्वारा 24 घंटे के अंदर स्पष्टीरण नहीं दिए जाने को लेकर फटकार लगाते हुए जांच टीम के पदाधिकारियों ने कहा की समय पर स्पष्टीकरण नहीं देना यानि कानून को ताक पर रखा गया है। मुकेश उरांव के पत्नी व सहिया का लिखित ब्यान लिया गया। सभी रिपोर्ट जिला को सौप दिया जायेगा। अग्रेतर कार्रवाई के लिए विचार किया जायेगा। मौके पर सीएचसी प्रभारी सुरेश राम, एमपी डब्लू संदीप व बलराम भी मौजूद थे।

## जंगली हाथियों ने घर मे रखे अनाज को किया चट



जानकारी देते पीड़ित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत साल्वे पंचायत के ग्राम गुरु साल्वे के टोगरी टोला में जंगली हाथियों ने दुर्गा उरांव के घर में घुसकर घर में रखे दो बोरा चावल दाल और आलु चट कर गए। अनाज खाने के क्रम मे हाथी ने सुंड पर लपेट कर दुर्गा उरांव कों बाहर फेंक दिया। जिससे वह जान बचाकर भाग निकले जिसके कारण बड़ी हादसा टली। शोर मचाने पर ग्रामीणो ने आकर भारी मश्क्कत से जंगली हाथियों को भगाया। दुर्गा उरांव मजदूर किसान है। वे पति पत्नी अपने सात बच्चों के साथ रहते हैं। सभी परिवार के लिए खाने को अनाज को लेकर चिंतित हैं। इस क्षेत्र में सोलर लाइट भी नहीं है। ग्रामीणो ने सोलर लाइट और टार्च की मांग की है। बारियातू प्रखण्ड क्षेत्र में जंगली हाथियों का कहर लम्बे समय से जारी है। ग्रामीणो को बार-बार आवेदन निवेदन के बावजूद भी वन विभाग ने अब तक हाथियों के आतंक से निजात नहीं दिलाया है। ग्रामीणों ने क्षेत्र से हाथियों की झुंड को हटाने की मांग की है।

## एक नजर में

### झामुमो नेता दीपू सिन्हा ने व्यवसायी रंजीत गुप्ता पर हुए हमले की कड़ी निंदा की



दीपू सिन्हा

**लातेहार।** लातेहार जिले के युवा कोयला व्यवसाई सह समाजसेवी रंजीत गुप्ता उर्फ छोटे पर शुक्रवार को रांची में हुए जानलेवा हमले की जेएमएम नेता दीपू कुमार सिन्हा ने तीव्र भर्त्सना करते हुए दुःख व्यक्त किया है व श्री गुप्ता के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। दीपू सिन्हा ने अपने बयान में कहा है कि रंजीत गुप्ता काफी मेहनती व साहसी व्यक्ति रहे हैं। उन्होंने अपनी कड़ी लगन एवं मेहनत से वर्तमान मुकाम को हासिल किया है।अपराधियों के कायराना हमले के समय भी उनके साहस की मिसाल दिखी है, जो अन्य लोगों तथा व्यवसायियों को भी संकट के समय बिना घबराए संघर्ष करने की प्रेरणा देगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार हाल के दिनों में नक्सलियो, अपराधियों तथा गैंगस्टरों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर उनके अंजाम तक पहुंचाने का काम कर रही है, जिससे घबराए हुए नक्सली, अपराधी तथा गैंगस्टर अपने मिटते हुए अस्तित्व की रक्षा की। नाकाम कोशिश करते हुए ऐसी कायराना हरकतें एवं हमले कर रहे है। इस हमले में शामिल अपराधियों एवं हमले के पीछे छिपे साजिशकताओं की भी जल्द गिरफ्तारी होगी और उन्हें सजा मिलेगी।

### भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बाबूलाल मरांडी को दिया बधाई



बाबूलाल मरांडी से मुलाकात करते कार्यकर्ता

**मनिका।** मनिका भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी के नेतृत्व में रांची स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में,भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को भाजपा के नवनियुक्त झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर लातेहार भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा,भाजयुमो जिला मंत्री गढ़वा शिवम भारद्वाज एवं भाजपा लातेहार जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव ने बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर बधाई दिया और उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा ने लातेहार के मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया और संगठनात्मक विषय पर चर्चा करते हुए कई बिंदुओं पर बात की गई। वहीं छोटू राजा ने कहा कि झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बनने से पार्टी और भी मजबूत हुआ है। इनके नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर भारी मतों से भाजपा की जीत पक्की है।

### शिव शक्ति मंदिर का पहला वार्षिक उत्सव हुआ संपन्न, विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



पुजन करते विकास तिवारी सह पत्नी

**लातेहार।** लातेहार के न्यू पुलिस लाइन स्थित शिव शक्ति मंदिर का पहला वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। साथ ही रुद्राभिषेक का भी आयोजन किया गया। बतौर जजमान के रूप में लातेहार के विकास तिवारी तथा उनकी पत्नी प्रियंका तिवारी शामिल रहे। मंदिर में पुजारी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। पूजा के बाद विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में लातेहार के एसपी अंजनी अंजन शामिल रहे। उन्होंने जिले वासियों तथा आम लोगों से अपील किया कि लातेहार के पुलिस लाइन का मंदिर आम लोगों के लिए हमेशा खुला है। एसपी ने आम लोगों से यह भी अपील किया कि वे श्रावण मास तथा वर्ष के 365 दिन मंदिर में आकर पूजा अर्चना कर सकते हैं।साथ ही पुलिस लाइन परिसर में डॉ. होमी जहांगीर भाभा इको पार्क का भी निर्माण करवाया गया है। जहां पर लातेहार वासी आकर यहां का लुफ्त उठा सकते हैं। साथ ही लातेहार एसपी ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया वहां पहुंचे लोगों को प्रसाद वितरण भी किया। मौके पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा,इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार, बबलू कुमार, नीलमणि खलखो, मेजर राजकुमार लकड़ा, सार्जेंट संतोष कुमार, मनीष कुमार, मुजफ्फर आलम, मनोहर राम समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे। वहीं लातेहार के सैकड़ों लोगों ने भी मंदिर प्रांगण पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेहंदी लगाओ एवं संस्कृत प्रश्न मंच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रतियोगिता में उपस्थित छात्रायें

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में शनिवार को कक्षा द्वितीय से अष्टम तक के बहनों के बीच मेहंदी लगाओ एवं संस्कृत प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने मां शारदे, ओउम एवं भारत माता की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने भैया/बहनों को संबोधित करते हुए मेहंदी लगाने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम से भैया/बहनों के अंदर सकारात्मक सोच का विकास होता है। सावन के महीनों में हाथों में मेहंदी लगाना शुभ माना जाता है। सावन का महीना भगवान शिव को अति प्रिय है। सावन का महीना बिना मेहंदी के अधूरा है। सावन के महीने में मेहंदी लगाने की परंपरा काफी पुरानी है। मेहंदी लगाने से घर में सभी सदस्यों के बीच आपस में रिश्ता मजबूत होता है और प्यार और स्नेह बढ़ता है। मेहंदी महिलाओ के सोलह सिंगार में शामिल है। इसलिए यह बहुत ही शुभ माना जाता है। मेहंदी लगाने से तनाव दूर होता है। और स्वास्थ्य के लिए भी अच्छी होती है। मेहंदी लगाने से स्किन संबंधी बीमारियां दूर होती है। इसके पश्चात मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका परिणाम व प्रथम, द्वितीय व तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले बहनों को अगले दिन पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्या वीणा देवी, किरण देवी, खुशबू, मनीषा, विनीता, दीदी का सहरानीय योगदान रहा।

## समाहरणालय सभागार में बालू की नीलामी संपन्न

### 1 लाख 25 हजार में 14 हजार 800 सीएफटी बालू की हुई नीलामी

**लातेहार।** छापेमारी के दौरान अवैध रूप से जप्त किए गए बालू का समाहरणालय सभागार में शनिवार को नीलामी संपन्न हो गया। बालू की नीलामी उपायुक्त के गठित समिति के समक्ष आरंभ हुई। नीलामी के दौरान रेलवे थर्ड लाइन एजेंसी में कार्य कर रहे उतर प्रदेश रेनुकुट के एएम इन्फ्राटेक के प्रतिनिधि सुधीर कुमार शुक्ला ने 1 लाख 25 हजार की अधीक बोली लगा कर 14800 सीएफटी बालू की खरीदारी की। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि बालू की नीलामी पूरी पारदर्शिता के साथ की गयी है। उन्होंने बताया कि नीलामी में बरवाडीह के पोखरीकला की 10 हजार सीएफटी बालू 85 हजार एवं लातेहार बारियातू खलसा की 4800 सीएफटी बालू की खरीदारी 40 हजार में की गयी। उन्होंने बताया कि विभाग को एक लाख 25 हजार की राजस्व प्राप्त होगी।

## जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर हुआ बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते लोग

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को राज्य स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति (आइडीसीसी) के द्वारा लिया गया निर्णय के आलोक में बैठक का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखू हेम्ब्रम के अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि 14 जुलाई से 14 अगस्त तक राज्य में जन्म-मृत्यु का शतप्रतिशत निबंधन कराने, जनता को जन्म-मृत्यु के निबंधन के प्रति जागरूक करने, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की महत्व की जानकारी प्रदान करने के साथ- साथ जन जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाने का निर्देश आईडीसीसी से प्राप्त हुआ है। बीडीओ ने बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश देते हुये कहा कि आप सभी लोग प्रखण्ड के सभी वार्ड में घर-घर जाकर जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित जन-जागरूकता अभियान चलाना प्रारंभ करें। साथ ही इस बैठक में उपस्थित प्रखण्ड के सभी बीएलओ को मतदाता पहचान-पत्र उम्र के आधार पर बनाने का निर्देश दिया। इस मौके पर उपप्रमुख सुनील उरांव, मुखिया राजेश सिंह, अकिता देवी, प्रमिला देवी, पंचायत सचिव जितेन्द्र कु0 पाठक, शिक्षक अनिस कुमार सिंह, रविन्द्र सिंह, राजेश प्रसाद, शत्रुध्न, इन्तकाफ कैशर, श्यमशुंदर सिंह, दिनेश सिंह, आगनबाड़ी सेविका समेत अन्य प्रखण्डकर्मी उपस्थित थे।

# परत दर परत खुल रही है महत्वाकांक्षी हर घर जल नल योजना में भ्रष्टाचार की पोल

### चंदवा के कुसुमटोला में जल नल योजना का स्ट्रक्चर लगाकर पुराने बोरिंग से सप्लाई दिए जाने का मामला आया सामने

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते ग्रामीण

**चंदवा।** हर घर तक स्वच्छ पेयजल मुहैया हो इस उद्देश्य से केंद्र सरकार के द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत संचालित महत्वकांक्षी हर घर जल नल योजना चंदवा में भ्रष्टाचार व अनियमितता की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में उक्त योजना की पोल परत दर परत खुल रही है। पंचायत प्रतिनिधियों ग्रामीणों की माने तो उक्त योजना में भ्रष्टाचार पूरी तरह से हावी है। जल नल योजना लगाने के कार्य में लगी कार्यकारी एजेंसियां जैसे तैसे कार्य को पूरा कर सरकारी पैसे का बंदरबांट करने के फिराक में हैं। ताजा मामला प्रखंड से सटे चंदवा पूर्वी पंचायत अंतर्गत कुसुम टोली गांव का है, यहां ग्रामीणों का आरोप है कि पुराने चापाकल में ही सोलर जल मीनार लगाकर पूरे यूनिट के पैसा निकालने की तैयारी कर ली गई है, जबकि एक यूनिट में नया बोरिंग कर सोलर जल मीनार का स्ट्रक्चर व टंकी लगाया जाना है। इतना ही नहीं ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि यहां हर घर में पानी का पाइप लाइन पहुंचाने को लेकर पैसे की वसूली भी की गई है। फिलहाल चापाकल से बोरिंग का आउटलेट पाइप टूट गया है, सारा पानी बहकर सड़क में बह रहा है। पंचायत के मुखिया रंजीत उरांव समेत ग्रामीणों ने कई बार विभाग एवं कार्यकारी एजेंसी को मामले की जानकारी दी है, बावजूद इसकी मरम्मत नहीं हो पा रही है। मुखिया ने कहा कि टंकी में इन एवं आउट पाइपलाइन को व्यवस्थित तरीके से नहीं लगाया गया है, इससे परेशानी हो रही है, कई स्थानों पर पाइप सड़क पर दिख रहे हैं जो कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। वसूली पर प्रखंड के उच्चाधिकारियों को संज्ञान लेने की बात कही है। उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने कहा कि यह योजना प्रखण्ड में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। प्रति दिन नई नई शिकायतें मिल रही हैं, जहां पेयजल की भारी किल्लत है, वहां यूनिट नहीं लगाए जा रहे हैं, जहां पानी की उपलब्धता है वहां आनन-फानन में यूनिट लगा दिए गए हैं, कई पंचायतों में बोरिंग कर दो-तीन महीनों से यूं ही छोड़ दिया गया है। कहीं रैयती भूमि पर बोरिंग करने का मामला भी सामने आ रहा है, उन्होंने कहा कि संवेदक के द्वारा बोर की गहराई भी तय मानक से कम की जा रही है। आने वाले एक-दो वर्ष में बोरिंग ऐसे ही सूख जाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से कहा कि जहां भी जल नल योजना के तहत बोरिंग हो रही हो वहां खड़े होकर करीब 300 फीट बोरिंग कराने का प्रयास करें ताकि योजना घरातल पर पूरी तरह से उतरे। इस संबंध में विभाग के कनीय अभियान सुनील कुमार ने बताया कि प्राकलन में प्रति यूनिट एक बोरिंग करना है, पुराना चापाकल से सप्लाई लिया जा सकता है। वहीं पाइप लाइन के एवज में पैसे लिए जाने पर कहा कि इसका पैसा किसी को भी देने की जरूरत नही है।

स्पीड न्यूज

## भारी वाहनों के प्रवेश पर लगी रोक

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में श्रावणी मेला को लेकर तैयारी जोरशोर से चल रही है। रविवार को श्रावणी मेला का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद पहलेजा से जल लेकर काँवरिये बाबा गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। वहीं इसको लेकर विधि और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। जिलाधिकारी प्रणव कुमार और एसएसपी राकेश कुमार ने इसकी जानकारी मीडिया से भी साझा की। मिली जानकारी के अनुसार, 14 जगहों पर वाच टावर का निर्माण भी किया जा रहा है। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। कंट्रोल रूम से इसकी निगरानी की जाएगी. कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ब्लू पैंट और सफेद रंग की शर्ट या ब्लैक पैंट और आसमानी रंग का शर्ट पहनने का निर्देश दिया गया है, जिससे पहचान करने में आसानी हो। वहीं, इस बार डाक काँवारियों के लिए रिस्ट बैंड की व्यवस्था की गई है, ताकि उनकी पहचान हो सके और उन्हें तुरंत जलाभिषेक करवाया जा सके।

## दो बाईक की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**दुमका।** जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के सिलंगी गांव के पास दो बाइकों की आपसी टक्कर में एक 40 वर्षीय युवक दर्दनाक मौत शनिवार को घटनास्थल पर ही हो गई है। जबकि दुर्घटना दो युवक गंभीर है। दुर्घटना की सूचना गोपीकांदर पुलिस घटनास्थल पहुँचकर शव को अपने कब्जे में लिया है। जबकि घायलों को गोपीकांदर सीएचसी में भर्ती कराया है। मृतक का नाम मनोहर केवट (40) रामगढ़ थाना क्षेत्र के डाँडो गांव के रूप में किया गया है। जबकि घायल रामगढ़ थाना क्षेत्र के कुलापाथर गांव के मिलन देहरी और बुधना देहरी के रूप में किया गया है। दुर्घटना के संबन्ध में बताया जाता है कि मनोहर पश्चिम बंगाल के मुरारोई से मछली लेकर सिलंगी के रास्ते घर जा रहा था, जबकि सामने मिलन और बुधना अमड़ापाड़ा आ रहा था। सिलंगी के पास दोनों की बाइक आपस में टकरा गई। दुर्घटना में दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है।

## आरजेडी ने पोस्टर के जरिए मोदी सरकार पर ली चुटकी

**पटना।** बिहार में लगातार पोस्टर के जरिए राजनीतिक हमला करने का सिलसिला जारी है। मोदी सरकार पर विपक्ष लगातार सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स की कारवाई को आरोप लगाते रहा है और यह कहते रहा है कि बीजेपी वाशिंग मशीन है, जिसमें दागदार नेता भी जाकर साफ हो जाते हैं। इस बात को लेकर विपक्ष मोदी सरकार पर हमला बोलता था, लेकिन अब आरजेडी प्रदेश कार्यालय के गेट पर एक पोस्टर के जरिए बीजेपी पर हमला बोला गया है। इस पोस्टर में बड़े अक्षरों में लिखा कि 'बीजेपी में आइए, सब दाग धुलाईए, मंत्री-मुख्यमंत्री तक बन जाइए' 'हर घोटालेबाज को मंत्री बनाने की गारंटी' आरजेडी प्रदेश कार्यालय के गेट पर लगाए पोस्टर पर नीचे वाशिंग पाउडर के पैकेट की तस्वीर दिखाई गई है और साथ ही पाउडर के बगल में वाशिंग मशीन की भी तस्वीर दिखाई गई है।

## गया में वार्ड पार्षद लाछो देवी स्मैक के साथ गिरफ्तार

**गया।** नगर निगम के वार्ड संख्या तीन की वार्ड पार्षद सह गया जिला कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष लाछो देवी को 25 पुड़िया स्मैक के साथ पटना नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और गया पुलिस की संयुक्त छापेमारी में शुक्रवार की देर रात गिरफ्तार किया गया है। वार्ड पार्षद लाछो देवी के साथ-साथ उसके भाई कृष्णा प्रसाद की भी गिरफ्तारी हुई है। डेल्हा थाना क्षेत्र के मंदराज बिगहा स्थित आवास से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं, इनके निशानदेही पर जिले के कई स्थानों पर भी छापेमारी की गई है। छापेमारी के दौरान उसके घर से 25 पुड़िया स्मैक और 100 एमएल विदेशी शराब की भी बरामदगी हुई है।

# सीएम नीतीश भाजपा से हाथ मिला सकते हैं?

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** सीएम नीतीश कुमार की अगुवाई में हुई विपक्षी बैठक के बाद बिहार का राजनीतिक माहौल बदला हुआ लग रहा है। नीतीश कुमार इसके बाद पार्टी के तमाम विधायक और सांसदों के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद जेडीयू में टूट के साथ कई कयासों का दौर शुरू हो गया। इसके साथ ही बिहार की राजनीति में एक बार फिर नीतीश कुमार बीजेपी से हाथ मिला लेंगे। इसकी भी चर्चा शुरू हो गई है। वहीं, इसको लेकर संवाददाता ने सी वोटर के साथ एक सर्वे कराया है। इसके नजीजे चौंकाने वाले हैं।

**सर्वे में बिहार के लोगों ने चौंकाने वाला दिया परिणाम**

नीतीश एक बार फिर बीजेपी से हाथ मिला सकते हैं?, स्रोत- सी वोटर
हां- 34%, नहीं- 48%, पता नहीं- 18%

**सी वोटर के सर्वे में ये रहा परिणाम :** संवाददाता ने सी वोटर के साथ बिहार की राजनीति को लेकर एक सर्वे कराया है। इसमें लोगों से सवाल पूछा गया है कि क्या नीतीश कुमार एक बार फिर बीजेपी से हाथ मिला सकते हैं? इस सवाल पर लोगों ने अपना मत व्यक्त किया है, जिसके परिणाम में 34 प्रतिशत लोगों ने कहा कि नीतीश कुमार फिर से बीजेपी के साथ जा सकते हैं। 48 प्रतिशत लोगों ने माना है कि नीतीश कुमार अब बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। वहीं, 18 प्रतिशत लोगों ने 'पता नहीं' में जवाब दिया है।

## अवैध वसूली को लेकर ट्रक एसोसिएशन ने किया जमकर हंगामा, वीडियो वायरल



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले में पत्थर लदे वाहनों से अवैध वसूली थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को एसकेएमयू विश्वविद्यालय, दिग्घी की ओपी पुलिस पर पुनः एक बार फिर ट्रक मालिकों ने वाहन छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपया मांगने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं बहस के दौरान ट्रक मालिक वाहन को लेकर चला गया। थाना प्रभारी ने बीच में आकर मामले को शांत कराया। दरअसल पागल बाबा मालिक का एक हाइवा पत्थर लेकर रिंग रोड होते शिकारीपाड़ा से आ रहा था। एक पेट्रोल पंप के समीप गश्ती दल के लोगों ने चालक को रोका और ट्रक छोड़ने के एवज में 50 हजार की मांग की। चालक ने सारी बात अपने मालिक को बताई तो करीब एक दर्जन ट्रक मालिक पहुंच गए और पुलिस पर पैसा मांगने का आरोप लगाया। बकायदा वीडियो बनाकर वायरल भी कर दिया। मालिकों का कहना था कि ट्रक में सारे कागजात होने के बाद भी पैसा उगाही के लिए वाहन को रोका गया।

## एसपी कॉलेज में बेविनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**दुमका।** मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं काउंसलिंग द्वारा लोगों को तनाव प्रबंधन में सहायता करने वाली स्वयंसेवी संस्था, मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया, मेरठ, यूपी ने एसपी कॉलेज, दुमका के संयुक्त तत्वाधान में बेविनार का आयोजन शनिवार को हुआ। वेबिनार 'उच्च शिक्षा शिक्षण संस्थानों की सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य बिहेवियर में भूमिका' विषय पर आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो राकेश कुमार, मनोविज्ञान विभाग, गुरू जंभेशवर टेक्निकल विश्वविद्यालय, हिसार हरियाणा रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज की उच्च शिक्षा प्रणाली, एनईपी-2020 मानसिक स्वास्थ्य को लेकर कफी सजग है। लेकिन उसकी कुछ कमियां भी हैं। उन्होने उच्च शिक्षा में कम जागरूकता और बढ़ते आर्टिफिशल इंटेलिजंस संसाधनों का युवा छात्र-छात्राओं पर पड़ रहे असर पर चिंता जताई। कार्यक्रम के अतिथि वक्ता प्रो संजय कुमार ने कहा कि सरकार की पहल पर आज उच्च शिक्षण संस्थानों में काउंसलर एवं काउंसलिंग सेंटर तो उपलब्ध है। लेकिन लोगों एवं छात्र-छात्राओं के दिमाग में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति स्टिगमा की वजह से छात्र-छात्राएं इन सेंटर तक नहीं पहुंचते हैं। जिसके लिए उच्च शिक्षा के प्रशासन एवं शिक्षकों की सहायता से छात्र-छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं एसपी कॉलेज दुमका के प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने कहा कि आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषय पर बात करना उचित बताया।

दुमका क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य से युवा वर्ग पर पड़ रहे प्रभाव के संबंध में कई एक उदाहरण देकर बताया कि उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्र-छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की अत्यधिक आवश्यकता है। कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉ विनोद कुमार ने कहा कि ऐसे विषय पर बात करना इसलिए भी आवश्यक है। क्योंकि आज छात्र-छात्राओं में आत्महत्या एवं मानसिक स्वास्थ्य के केस बढ़ रहे हैं और ऐसे कार्यक्रमों से शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं में जागरूकता पहुंचती है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ कुमार सौरभ ने किया।

कार्यक्रम में 40 से ज्यादा शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। मेंटल हेल्थ मिशन की ओर से मनोवैज्ञानिक आयशा सैफी और स्वाती यादव ने भागेदारी की। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ त्रिजा जेनिफर टोप्पो ने दिया।

## लालू यादव के करीबी सुनील सिंह का बड़ा बयान

**पटना।** इन दिनों पूरे देश में बिहार के शिक्षा विभाग की चर्चा की जा रही है। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक आमने-सामने हैं। इन दोनों के बीच विवाद इतना गहरा गया है कि इसका असर महागठबंधन पर भी साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। यह मंत्री और आईएएस अधिकारी की लड़ाई नहीं बल्कि जदयू और आरजेडी की लड़ाई दिख रही है। मोर्चा आरजेडी की ओर से खोला गया है। लालू फैमिली के करीबी और राजद के विधान पार्षद सुनील सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। बिहार के महागठबंधन में शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और केके पाठक के बीच चल रही जंग का असर जेडीयू और आरजेडी के संबंधों पर पड़ता साफ नजर आ रहा है। जदयू के लोग सरकार और केके पाठक के तरफ खड़े नजर आ रहे हैं तो वहीं आरजेडी के नेता मंत्री के बचाव में सरकार और सीधे मुख्यमंत्री पर हमलावर नजर आ रहे हैं।

## नीट उत्तीर्ण लक्ष्मी महतो को मधुसूदन स्कूल ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय आसनतलिया परिसर में विद्यालय प्रबंधन समिति एवं मधुसूदन मेमोरियल एजुकेशनल सोसायटी के सदस्यों ने नीट 2023 में सफल लक्ष्मी कुमारी महतो को सम्मानित किया। मालूम हो कि लक्ष्मी कुमारी महतो स्कूल की पूर्व छात्रा है। लक्ष्मी की इस सफलता पर विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन श्याम सुंदर महतो ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा की डॉक्टर बनकर समाज सेवा एवं देश सेवा करना गौरव की बात है। कहा डॉक्टर का पेशा एक बेहतरीन पेशा है। इसमें धनार्जन के साथ-




साथ देश सेवा एवं समाज सेवा भी निहित है। निस्वार्थ भाव से डॉक्टर मरीजों की सेवा करते हैं, इसलिए डॉक्टरों को भगवान का दर्जा दिया जाता है। कहा लक्ष्मी महतो एक अच्छा डॉक्टर बनकर मरीजों की सेवा करते हुए अपने माता पिता और समाज का नाम रोशन करें यही कामना करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य डॉ सच्चिदानंद राम, गणेश्वर महतो, ओम प्रकाश महतो, लक्ष्मण महतो, राज किशोर महतो, प्रभात कुमार महत, विद्यालय के निदेशक बलराज कुमार हिंदवार, नृपेंद्र महतो, मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय के उप प्राचार्य बसंत कुमार महतो, मधुसूदन पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल के नागराजू के अलावा विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा दसवीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

## बिहार में 1539 फार्मासिस्ट की निकली भर्ती

**पटना।** बिहार में 12वीं पास के लिए सरकारी नौकरी का अच्छा अवसर है। बिहार तकनीकी सेवा आयोग (बीटीएससी) ने फार्मासिस्ट के पद पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। फार्मासिस्ट बनने के इच्छुक युवक ऑफिशियल वेबसाइट परीक्षा डॉट एनआइसी डॉट इन पर जाकर 21 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इसके जरिए कुल 1539 रिक्त पदों पर भर्तियां होंगी। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई है। इससे पहले आवेदन प्रक्रिया पांच अप्रैल से 4 मई 2023 तक हुई थी। पटना हाईकोर्ट के आदेश के बाद अप्लीकेशन विंडो दोबारा ओपन की गई है। फार्मासिस्ट पद पर भर्ती के लिए योग्यता की बात करें तो उम्मीदवारों को 12वीं पास होना चाहिए। साथ ही किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से फामेर्सी में डिप्लोमा यानी डी फार्मा भी किया होना चाहिए। फार्मासिस्ट के पद पर भर्ती होने के बाद उम्मीदवारों को 52,00 से 20,200 रुपये लेवल 5 ग्रेड पे 2800 के तहत वेतन दिया जाएगा।

## जानकारी व सूचना से ही जागरूकता का निर्माण होता है: गीता कोड़ा




खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** सृजन महिला मंच के तत्वावधान में शनिवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय महिला अधिकार, महिला घरेलू कामगार के अधिकार संरक्षण संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद गीता कोड़ा उपस्थित रही। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पुनीता तिवारी, नालिनी गोप, एहसान अहमद, शुभम आदि ने भाग लिया। कार्यशाला में मुखिया, ग्रामीण मुंडा, वार्ड सदस्य व समुदाय के महिला व पुरुष समेत 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद बाल मंच के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संस्था व परियोजना के बारे में परिचय देते हुए संस्था की सचिव नरगिस खातून ने बताया की संस्था 1996 से पश्चिमी सिंहभूम जिला में महिला व बच्चों के अधिकार के लिए कार्य कर रही है। इस परियोजना के अंतर्गत संस्था महिलाओं का गरिमा मंच का गठन की है, जिसमें कम से कम 25 महिला सदस्य है इन्हें आय सृजन में मदद के साथ साथ इनके गरिमापूर्ण जीवन के लिए कुशलता को भी बढाया जा रहा है, ताकि महिलाओं को आगे के जीवन में परेशानियों का सामना करना ना पड़े। सांसद ने कहा ग्रामीणों के विकास के लिए उन तक सूचना और जानकारियों का पहुंच को स्थापित करना अति अनिवार्य है। ताकि लोगों में जागरूकता आये।

## एक समुदाय के लोगों ने आरएसएस कार्यकर्ता और एकल विद्यालय के अध्यक्ष पर किया जानलेवा हमला

### पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** एक समुदाय के लोगों ने उनके गांव घुरुआ से गुजर रहे आरएसएस के जिला धर्म जागरण प्रमुख विवेक सोनी और एकल विद्यालय बरडीहा संच के प्रमुख ऋषि पांडेय पर जानलेवा हमला कर दिया। वे उनपर हिन्दू नेता, धर्म का ठेकेदार बनने का आरोप लगा रहे थे। दोनों बरडीहा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव स्थित एकल विद्यालय की बैठक में शामिल होकर मझिआंव वापस लौट रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस वहां पहुंच गयी।

जिससे उन दोनों की जान बच गयी। जानकारी के अनुसार विवेक सोनी और ऋषि पांडेय बाइक से मझिआंव लौट रहे थे। घुरुआ गांव में उन्हें एक स्कूटी सवार ने रोक लिया। उनकी बाइक की चाभी निकाल ली गयी और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी गयी। देखते ही देखते काफी संख्या में एक समुदाय के लोग लाठी-डंडे, रड, कांटेदार झाड़ी से उन्हें बेरहमी से



घायल विवेक सोनी एवं ऋषि पांडेय

पीटने लगे। दोनों वहां से भागकर वहां से गुजर रही एक स्कूल बस ड्रावर से बचाने की गुहार लगाई। बस ड्राइवर ने मानवता दिखाते हुए लहूलुहान दोनों लोगों को बस में बैठा लिया। लेकिन उनके खून के प्यासे दरिंदों ने बाइक से ओवरटेक कर बस को रोक लिया और फिर से मारपीट शुरू कर दी। मौका पाकर ऋषि पांडेय वहां से दूर भागते हुए मझिआंव थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो को इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी तत्क्षण दलबल के साथ वहां पहुंचे। पुलिस को देखते ही अपराधी वहां से भाग निकले और उन दोनों की जान बच गयी। पुलिस ने दोनों घायलों में रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां उनकी इलाज की जा रही है। इस घटना से दूसरे समुदाय के लोगों में काफी गुस्सा है। अस्पताल ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने कहा कि राह चलते ऐसे किसी को मार पीटा गया तो वे भी शांत नहीं बैठेंगे। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने बताया कि हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही मारपीट के एक आरोपी तलसबरिया गांव निवासी शेख नसरूदीन के पुत्र शेख इरसाद को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म मामले में चार नामी गिरामी गिरफ्तार

**गढ़वा।** लातेहार जिला के बरवाडीह थाना क्षेत्र की दो नाबालिग लड़कियों का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में लातेहार पुलिस ने गढ़वा शहर के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें शहर के प्रतिष्ठित एवं नामी गिरामी लोग तथा उनके पुत्र शामिल हैं। गिरफ्तार लोगों में गढ़वा शहर के मेन रोड निवासी संजय कुमार नवरंग का पुत्र ऋतिक नवरंग, डफाली मोहल्ला निवासी रामप्रवेश प्रसाद केषरी का पुत्र अजय कुमार केषरी, बाईपास रोड पुरानी बाजार निवासी बनारसी प्रसाद का पुत्र आशीष कुमार तथा टंडवा मोहल्ला निवासी ओम प्रकाश गुप्ता का पुत्र कुणाल कुमार गुप्ता का नाम शामिल है। गढ़वा पुलिस के सहयोग से शुक्रवार की शाम लातेहार जिले के बरवाडीह पुलिस ने नाबालिग लड़कियों का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार कर ली है। इनके पास से चार एंड्राइड मोबाइल, एक टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस इंस्पेक्टर गढ़वा थाना प्रभारी केके साहू ने बताया कि बरवाडीह थाना से पुलिस पदाकिारी छापामारी करने गढ़वा आए हुए थे।

## घरों में घुसा बारिश का पानी, परेशान

**चतरा।** जिले में हुई मानसून की पहली बारिश ने ही लोगों की परेशानी बढ़ा दी। एक ओर गर्मी से लोगों को राहत मिली लेकिन बरसात के कारण कई घरों में पानी घुस गया। हालांकि घरों की हालत बिल्कुल ही जर्जर है। घर में पानी घुसने से उसमें रहने वालों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। दरसल पूरा मामला जिले के प्रतापपुर प्रखंड के मैराग गांव का है। जहां बरसात के पहली बारिश से घर में पानी घुस गया। घर के लोगों की इससे परेशानी काफी बढ़ गयी है।

शेष पेज 11 पर

### पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनाव में...

**लोकतंत्र की हिंसा हुई, राष्ट्रपति शासन जरूरी :** चुनाव में हुई हिंसा पर बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकन्ता मजूमदार, नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और बंगाल बीजेपी के प्रभारी मंगल पांडेय से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने जिस तरह से पंचायत चुनाव हिंसा करके में लोकतंत्र की हत्या की हैं, इसको बंगाल की जनता के सामने लेकर जाये। बंगाल में सत्ता दल द्वारा पहली बार लोकतंत्र की हत्या नहीं हुई, जबसे वो सत्ता में आए हैं, तब से हों यें खेल रहें हैं। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी सरकार की भूमिका पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल के गुंडों और पुलिस की मिलीभगत है इसलिए इतनी हत्या हो रही हैं। ममता बनर्जी हिंसा के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने केन्द्र से बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग रखी है। **राज्यपाल ने जतायी चिंता :** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य में पंचायत मतदान के दौरान मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मतदान प्रक्रिया वाले कई क्षेत्रों का दौरा किया और राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया। **हिंसा का मामला हाइकोर्ट पहुंचा :** कांग्रेस नेता व वरिष्ठ अधिवक्ता कौस्तुभ बागची ने कहा कि उन्होंने कलकत्ता हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को एक अभ्यावेदन देकर उस याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में शनिवार को पंचायत चुनाव के दौरान हुई भारी हिंसा को लेकर चुनाव अमान्य घोषित करने की मांग की है।

### ठीक हो चुके 120 लोग...

पर घरवाले उन्हें लेने नहीं आ रहे हैं। नतीजा हॉस्पिटल प्रबंधन उन्हें उनका गांव भेजने के लिए पुलिस का सहारा ले रही है। रिनपास प्रशासन ने रांची पुलिस सहित अन्य जिलों के पुलिस से मदद मांगी है। आलमगीर, जाहिद शरीफ और सिमोन तीनों ही बांग्लादेश के रहने वाले हैं। तीनों झारखंड के अलग-अलग शहरों में पुलिस को भटकते हुए मिले थे। खराब मानसिक स्थिति को देख तीनों को रांची स्थित रिनपास में भरती कराया गया था। ऐसा ही कुछ नेपाल के रहने वाले रूपम की भी कहानी है। उसे भी पुलिस ने ही रिनपास में भरती कराया था। आलमगीर कोडरमा में भटकते मिला था। वहीं जाहिद दुमका में तो सिमोन रांची में मिले थे, जबकि नेपाली नागरिक रूपम गुमला में भटकते हुए पाए गये थे। चारों क्रमशः 2016, 2017, 2016 और 2020 से ही रिनपास में भरती कराये गये थे। अब चारों पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। पूछताछ में आलमगीर, जाहिद शरीफ और सिमोन ने कहा कि वे बांग्लादेश के ढाका के रहने वाले हैं। वहीं रूपम नेपाल के विराट नगर का रहने वाला है। इनके पते पर कई बार पत्राचार करने के बावजूद कोई भी इन्हें वापस लेने नहीं आया।

### कांग्रेस का मतलब लूट की...

अपनी हार के डर से कांग्रेस भी ऐसा ही कर रही है। **पंजा झपटा मार देता है :** पीएम मोदी ने कहा, हम दिल्ली से योजनाएं राजस्थान भेजते हैं लेकिन जयपुर में कांग्रेस का पंजा उस पर झपटा मार देता है। कांग्रेस को राजस्थान की परेशानी से और आपकी दिक्कतों से कोई लेना देना नहीं है। घर-घर पीने का पानी पहुंचाने की भाजपा की योजना से भी कांग्रेस सरकार को परेशानी है। पीएम मोदी ने कहा, लोगों का उत्साह बता रहा है कि राजस्थान में सिर्फ मौसम का पारा ही नहीं चढ़ा है बल्की कांग्रेस की सरकार के खिलाफ भी लोगों का पारा चढ़ गया है। जब जनता का पारा चढ़ता है तो सत्ता की गर्मी उतरते और सत्ता बदलते भी वक्त नहीं लगता। मोदी ने कहा, महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में बलात्कार के मामले में राजस्थान सबसे आगे है। हालात ये है कि यहां रक्षक ही भक्षक बन रहे हैं। अपने वोट बैंक की राजनीति के लिए हमारी बेटियों पर गलत नजर डालने वालों को कांग्रेस संरक्षण दे रही है। वहीं तेलांगना के वारंगल में पीएम ने लगभग 6,100 करोड़ रुपये की कई महत्वपूर्ण अवसंरचना विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के इस तीसरे दशक के हर पल का पूरा इस्तेमाल करना है, ताकि देश का कोई भी कोना तेज विकास की दौड़ में पीछे न छूटे।

### पॉक्सो एक्ट में अदालतें...

उन्होंने कहा, इसमें कोई विवाद नहीं है कि घटना के वक्त पीड़िता की उम्र बारह साल से कम थी। शीर्ष अदालत ने 18 नवंबर, 2021 को दिये गये इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि आरोपी पॉक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत दंडनीय प्रवेशन यौन हमले के अपराध का दोषी था, न कि गंभीर प्रवेशन यौन हमले का अपराध पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत। उत्तर प्रदेश सरकार ने शीर्ष अदालत का रुख किया था और इस अपील में एकमात्र सवाल यह था कि क्या प्रतिवादी पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत दंडनीय गंभीर यौन उत्पीड़न के अपराध का दोषी है। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा दी गयी दस साल की सजा को घटाकर सात साल कैद में बदल दिया था, जिसे आरोपी पहले ही काट चुका है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय ने यह मानकर स्पष्ट गलती की है कि प्रतिवादी द्वारा किया गया कृत्य गंभीर प्रवेशन यौन हमला नहीं था। पीठ ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम विभिन्न प्रकार के बाल दुर्व्यवहार के अपराधों के लिए अधिक कठोर दंड प्रदान करने के लिए बनाया गया था और यही कारण है कि यौन उत्पीड़न की विभिन्न श्रेणियों के लिए पॉक्सो अधिनियम की धारा 4, 6, 8 और 10 में न्यूनतम दंड निर्धारित किये गये हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब कोई दंडात्मक प्रावधान से कम नहीं होगा वाक्यांश का उपयोग करता है, तो अदालतें इस धारा का उल्लंघन नहीं कर सकती हैं और कम सजा नहीं दे सकती हैं।

### कोयला मजदूरों पर बनी फिल्म...

कोयला मजदूरों की कहानी है रैट ट्रैप : फिल्म रैट ट्रैप के निर्देशक रुपेश कुमार साहू बताते हैं कि फिल्म रैट ट्रैप उन कोयला मजदूरों की कहानी कहती है, जो चोरी छिपे कोयला निकालकर शहरों में बेचते हैं और अपनी जीविका चलाते हैं। इस काम के दौरान कई बार इनके साथ दुर्घटना भी हो जाती है और लोग उसमें दब कर मर जाते हैं। इस फिल्म के निमार्ता मेघनाथ और बीजू टोप्पो हैं।

स्पीड न्यूज

### पाक : सिलेंडर में धमाका सात की मौत, 14 घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले की भलवाल तहसील में सरकारी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के पास शनिवार सुबह एक वाहन का गैस सिलेंडर फटने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। मृतकों में सिर्फ दो की पहचान हो सकी है। बताया गया है कि यह वाहन गारा ब्रदर्स ट्रांसपोर्ट का है। यह हादसा उसके तरलीकृत पेट्रोलियम गैस सिलेंडर में अचानक गैस रिसाव के कारण आग लगने से हुआ।

### वॉलमार्ट नरसंहार के दोषी को उम्रकैद

**ह्यूस्टन।** टेक्सास के एल पासो वॉलमार्ट में 2019 में 23 लोगों की हत्या करने वाले बंदूकधारी पैट्रिक क्रूसियस को शुक्रवार को एक संघीय न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अभियोजकों ने 24 वर्षीय श्वेत वर्चस्ववादी पैट्रिक क्रूसियस को घृणा अपराध और आग्नेयास्त्र अपराधों सहित 90 संघीय आरोपों में से प्रत्येक के लिए लगातार आजीवन कारावास की सजा देने की सिफारिश की थी। मुकदमे की सुनवाई के दौरान पैट्रिक ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया था।

### बीएसएफ ने पाकिस्तानी ड्रोन किया बरामद

**चंडीगढ़।** बीएसएफ के जवानों नेतरनतारन जिले के राजोके गांव से एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया। जानकारी के मुताबिक यह पाकिस्तानी ड्रोन शुक्रवार रात करीब 9:05 बजे भारतीय सीमा में दाखिल हुआ। बीएसएफ जवानों ने ड्रोन की आवाज सुनी तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। उसके कुछ देर बाद बीएसएफ जवानों ने ड्रोन बरामद कर लिया। आशंका है कि ड्रोन में कोई पैकेट आदि जुड़ा हो सकता है, जिसके कारण अभी भी क्षेत्र में सर्च आपरेशन जारी है।

### अमरनाथ यात्रा दूसरे दिन भी स्थगित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण शनिवार को लगातार दूसरे दिन प्रशासन ने अमरनाथ यात्रा को स्थगित कर दिया।एक अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश के कारण बालटाल और पहलगाम मार्गों पर अमरनाथ यात्रा निलंबित है। रामबन जिले में भूस्खलन के कारण राजमार्ग अवरुद्ध है। इस वजह से तीर्थयात्रियों के दल को जम्मू से श्रीनगर जाने की अनुमति नहीं दी गई। 62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई है। यह 31 अगस्त को समाप्त होगी।

### गिर में शेर के हमले में किशोर घायल

**जूनागढ़।** गुजरात के जूनागढ़ जिले में स्थित गिर वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में पशुओं को एक जल स्त्रोत की ओर ले जा रहे 15 वर्षीय किशोर पर शेर ने हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गया। वन विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। गिर (पश्चिम) के डीसीएफ प्रशांत तोमर ने कहा कि घटना में किशोर विक्रम चावड़ा घायल हो गया।

### जींद में सड़क हादसे में आठ की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जींद जिले में शनिवार को राज्य परिवहन निगम की बस और कार के बीच सीधी टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा बीबीपुर गांव के पास जींद-भिवानी रोड पर हुआ।

### दिल्ली में महिला की चाकू घोंपकर हत्या

**नयी दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी दिल्ली के केएन काटजू मार्ग इलाके में 28 वर्षीय एक महिला की उसके पति ने कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि आरोपी की पहचान अकबर (30) के रूप में हुई तथा उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# अयोध्या में राममंदिर के प्रथम तल का निर्माण शुरू

## तीनों तलों में 360 स्तंभ लगाये जायेंगे

एजेंसी

**अयोध्या।** रामजन्म भूमि के भव्य मंदिर निर्माण कार्य में प्रथम तल का निर्माण पूरी गति से प्रारंभ हो गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शनिवार को प्रथम तल निर्माण की चार ताजा तस्वीरों को जारी किया है।

यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर सुबह से वायरल हो रही हैं। निर्माण कार्य में भूतल तैयार होने के बाद प्रथम तल पर स्तंभ लगाने के कार्य हो रहा है। मन्दिर में कुल 360 स्तम्भ लगाए जाएंगे। भूतल के निर्माण कार्य को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। ट्रस्ट सदस्य डॉ.

**▶▶ दिसंबर तक राम मंदिर का भूतल पूरी तरह तैयार होगा**

अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रथम तल पर निर्माण शुरू हो गया है। प्रथम तल पर मंडपों की निर्धारित परिधि में ढाई फीट ऊंची पत्थर की दीवार बनाई जा चुकी है। जहां स्तंभ खड़े किए जाएंगे। जिस प्रकार भूतल में स्तंभ के एक हिस्से को दूसरे से जोड़कर निर्मित किया गया, उसी तरह इस तल पर भी निर्माण कार्य होगा। मंदिर निर्माण कार्य में भूतल में अभी दरवाजे, खिड़की तथा फर्श पर संगमरमर लगने के साथ बिजली की वायरिंग भी होना बाकी रह गया है। भूतल पर कुल 160 स्तंभों को लगाया गया है। दिसम्बर तक राम मंदिर का भूतल पूरी तरह तैयार होना है। उल्लेखनीय है कि श्री राम लला को वर्ष 2024 के मकर संक्रांति के बाद भव्य मंदिर के गर्भगृह में प्राण-प्रतिष्ठित किए जाने की तैयारी चल रही है। उसी दिन से राम भक्तों को सीधे जन्म भूमि पथ से प्रवेश दिया जाएगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तक मंदिर के पांच मंडपों में से रंग व नृत्य मंडप पूर्ण रूप से निर्मित हो जाएंगे।



### मणिपुर में भीड़ ने दो वाहनों में लगाई आग

**इंफाल।** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच शुक्रवार रात इंफाल पश्चिम जिले में भीड़ ने दो वाहनों को आग लगा दी जबकि इंफाल पूर्वी जिले में गोलीबारी की भी सूचना है। यह जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों ने शनिवार को यहां दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लोगों के एक समूह ने बीती रात ऐतिहासिक कांगला किले के पास महाबली रोड पर दो निजी वाहनों को जला दिया। उपद्रवियों को संदेह था कि उन चार पहिया वाहनों का इस्तेमाल एक विशेष जातीय समुदाय के लिए घरेलू सामान ले जाने के लिए किया जा रहा था। पुलिस के हस्तक्षेप के चलते भीड़ तितर-बितर हो गयी लेकिन दोनों वाहनों के चालक भाग निकले।

## प्रधानमंत्री ने 6,100 करोड़ की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का किया शिलान्यास, कहा

# 21वीं सदी कोई भी कोना तेज विकास की दौड़ में पीछे न छूटे

## भारत में निवेश के लिए आगे आ रही है पूरी दुनिया

एजेंसी

**वारंगल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तेलंगाना में लगभग 6,100 करोड़ रुपये की कई महत्वपूर्ण अवसंरचना विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और कहा कि 21वीं सदी के इस तीसरे दशक के हर पल का पूरा इस्तेमाल करना है, ताकि देश का कोई भी कोना तेज विकास की दौड़ में पीछे न छूटे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बना है, तो उसमें तेलंगाना के लोगों की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब पूरी दुनिया भारत में निवेश के लिए आगे आ रही है, विकसित भारत को लेकर इतना उत्साह है, तब तेलंगाना के सामने अवसर ही अवसर हैं।

मोदी ने कहा कि आज हर प्रकार से बुनियादी अवसंरचना के लिए पहले से कई गुना तेजी से काम हो रहा है और पूरे देश में राजमार्गों के साथ ही आर्थिक व औद्योगिक गलियारों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज का नया भारत, युवा भारत है और वह ऊर्जा से भरा हुआ है। 21वीं सदी के इस तीसरे दशक में हमारे पास ये स्वर्णिम समय आया है। हमें इस समय के हर सेकेंड का पूरा इस्तेमाल करना है। देश का कोई भी कोना, तेज विकास की किसी भी संभावना से पीछे नहीं रहना चाहिए। केंद्र की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का तेज विकास पुरानी अवसंरचनाओं के बल पर संभव नहीं था, इसलिए नये लक्ष्य के साथ नये रास्ते भी बनाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि जिस तेलंगाना के लिए जनता ने इतना संघर्ष किया और बलिदान दिए, उस जनता के सामने ऐसे दिन देखने की नौबत आ गई है। मोदी ने आरोप लगाया कि आज तेलंगाना की सरकार के पास चार ही काम रह गए हैं, जिनमें सुबह-शाम मोदी को गाली देना, एक ही परिवार को सत्ता का केंद्र बनाए रखना, खुद को तेलंगाना का मालिक साबित करना और तेलंगाना को भ्रष्टाचार में डुबो देना शामिल है।

गडकरी ने कहा कि मोदी ने देश में बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में अब तक 1.10 लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं या तो पूरी हो चुकी हैं या निर्माणाधीन हैं या शुरू हो चुकी हैं।

**नागपुर-विजयवाड़ा कॉरिडोर का किया शिलान्यास :** प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं की आधारशीला रखी, उनमें लगभग 5,550 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित की जाने वाली 176 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं प्रमुख हैं।

इन परियोजनाओं में नागपुर-विजयवाड़ा कॉरिडोर का 108 किलोमीटर लंबा मंचेरियल-वारंगल खंड में शामिल है। इस खंड से मंचेरियल और वारंगल के बीच की दूरी में 34 किलोमीटर की कमी आएगी, जिससे यात्रा अवधि घट जाएगी और एनएच-44 तथा एनएच-65 पर यातायात की आवाजाही और बेहतर होगी।

### बीआरएस और कांग्रेस तेलंगाना के लिए घातक भाजपा पत्ता साफ करेगी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस को तेलंगाना के लिए घातक करार देते हुए भ्रष्टाचार व परिवारवाद के मुद्दों पर विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला और दावा किया कि इस दक्षिणी राज्य के अविधानसभा चुनाव में भाजपा सबका पत्ता साफ करने जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि तेलंगाना में भाजपा के लगातार हो रहे विस्तार को महसूस कर मैं बहुत खुशी महसूस कर रहा हूं। भाजपा ने अपने प्रभाव का ट्रेलर 2021 के राज्य नगरपालिका चुनावों में दिखा दिया है। उन्होंने दिल्ली सरकार की आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले का मुद्दा उठाते हुए आप पर भी निशाना साधा और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली सरकार को सबसे भ्रष्ट सरकार करार देते हुए आरोप लगाया कि इनके भ्रष्टाचार के तार दिल्ली तक फैल गए हैं।



तेलंगाना में कई योजनाओं का शिलान्यास करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।

# अयोध्या : अब सरयू में क्रूज और हाउसबोट का आनंद लेंगे श्रद्धालू

एजेंसी

**अयोध्या।** रामजन्म भूमि में रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के साथ-साथ श्रद्धालुओं को पावन सरयू में वाराणसी की तरह क्रूज और हाउस बोट की सुविधा भी प्रारंभ हो जाएगी। पहला क्रूज अक्टूबर जबकि दो क्रूज और हाउस बोट जनवरी तक सरयू में उतर जाएंगे। पवित्र पावनी सरयू नदी में क्रूज (कनक व पुष्पक) का आनंद उठाने के लिए अब इंतजार नहीं करना पड़ेगा। समय से हाउस बोट व क्रूज का निर्माण पूरा हो जाएगा। दीपोत्सव पर क्रूज व हाउस बोट से सरयू नदी की जलधारा में जल



विहार करने का अवसर मिलेगा। रामनगरी की पवित्र पावनी सरयू नदी में कनक और पुष्पक (हाउस बोट और क्रूज का नाम) भी जल विहार कराकर पर्यटकों को लुभाएंगे। रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के साथ रामनगरी वैश्विक पर्यटन के सर्किट में स्थापित हो रही है। अयोध्या क्रूज लाइंस के अलावा अलकनंदा क्रूज लाइंस भी सरयू में क्रूज चलाने की तैयारी में है। यह कंपनी अभी वाराणसी में क्रूज चला रही है। अलकनंदा के क्रूज का निर्माण अयोध्या में शुरू हो चुका है। कंपनी के निदेशक विकास मालवीय ने बताया कि सरयू में जो क्रूज चलाया जाएगा, वह वाराणसी में चलने वाले क्रूज से अलग होगा। इस डबल डेकर क्रूज में और एडवांस टेक्नोलोजी का इस्तेमाल किया जाएगा। यह अक्टूबर तक तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया कि गुप्तार घाट के कवर्ड शेड में लग्जरी क्रूज का निर्माण किया जा रहा है। इसकी लागत 11 करोड़ है। लंबाई 25 मीटर और चौड़ाई 8.3 मीटर होगी।

# पार्टी से जो गये उन्हें वापस नहीं बुलायेंगे : शरद पवार

**मुंबई।** राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार ने पार्टी में बगावत पर कहा कि जो लोग चले गए उन्हें नहीं बुलाएंगे, लेकिन वे नहीं चाहते पार्टी में टकराव और बढ़े। भतीजे अजीत पवार द्वारा उनकी उम्र के बारे में उठाए गए सवाल पर शरद पवार ने कहा कि न टायर हूं, न रिटायर हूं, मैं फायर हूं। शरद पवार ने नासिक में पत्रकारों से कहा कि उनकी उम्र को लेकर सवाल खड़ा किया गया। जबकि पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई 84 साल की उम्र में हमसे अधिक और चुस्ती से काम करते थे। जिन लोगों ने यह सवाल खड़ा किया है, उनके कैबिनेट में 78 साल से अधिक उम्र के भी हैं। वे किसी पर आरोप नहीं लगाना चाहते। शरद पवार ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की

**▶▶ कहा - न टायर हूं, न रिटायर हूं, मैं फायर हूं**

बैठक में 23 प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए, कार्यकारिणी के चार को छोड़कर सभी सदस्य उपस्थित थे, लेकिन पार्टी को अवैध बताने वाले सारे रिकॉर्ड रखने के लिए जिम्मेदार थे। अगर जिम्मेदार लोगों ने रिकार्ड ठीक से नहीं रखा होगा तो गाज उन पर गिरेगी। शरद पवार ने प्रफुल्ल पटेल, अजीत पवार और छगन भुजबल पर जमकर निशाना साधा और उन्हें आईना दिखाया। पवार ने कहा कि प्रफुल्ल पटेल लोकसभा चुनाव हार गए थे, फिर भी 10 साल तक केंद्रीय मंत्री बनाया। संगमा की बेटी को केंद्रीय मंत्री बनाया।चाहते तो सुले को भी केंद्रीय मंत्री बना सकते थे।

### स्पीकर ने सीएम शिंदे समेत शिवसेना के दोनों गुटों के 54 विधायकों दिया नोटिस

**मुंबई।** विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शनिवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित 54 विधायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनमें शिंदे समूह की शिवसेना के 40 विधायक और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के 14 विधायक शामिल हैं। नोटिस में कहा गया है कि इन सभी विधायकों को अयोग्य क्यों न किया जाए, इसका जवाब सात दिनों में देना है। पिछले वर्ष शिवसेना में हुई बगावत के बाद शिंदे 40 विधायकों के साथ भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाए थे और मुख्यमंत्री बन गए थे। उद्धव समूह ने इन सभी को अयोग्य ठहराए जाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के पास याचिका दाखिल की थी। शिंदे समूह की ओर से उद्धव के 14 विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के लिए याचिका दाखिल की गई थी।

# राहुल गांधी ने की धान की रोपाई

## हरियाणा के सोनीपत में दो घंटे ट्रैक्टर चलाकर तैयार किया खेत

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार की सुबह दिल्ली से शिमला जाते समय सोनीपत में रूके और करीब दो घंटे तक ट्रैक्टर चलाकर खेत तैयार किया। राहुल ने किसानों तथा मजदूरों से बातचीत करके धान की पैदा होने वाली किस्मों के बारे में भी जानकारी ली। यह दूसरा मौका है जब राहुल गांधी दिल्ली जाते समय हरियाणा में रूके हैं। इससे पहले वह करनाल से एक ट्रक में सवार होकर कुरूक्षेत्र व अंबाला होते हुए शिमला गए थे । राहुल गांधी शनिवार को अल सुबह दिल्ली से सड़क के रास्ते शिमला के लिए रवाना हुए। इसी दौरान सुबह पांच बजे सोनीपत पुलिस ने उन्हें सिंघु बार्डर से रिसीव किया। इसके बाद तय कार्यक्रम अनुसार राहुल गांधी सोनीपत से गोहाना पहुंचे। गोहाना जाते समय ग्रामीणों





का अभिवादन स्वीकार करते हुए राहुल गांधी बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव मदीना में पहुंचे। राहुल गांधी का काफिला जिस खेत में रूका वह संजय नामक किसान का खेत था। यहां उन्होंने खेतों में काम कर रहे किसानों के साथ मुलाकात की। राहुल गांधी के इस दौरे के बारे में जिला प्रशासन तथा स्थानीय नेताओं को कोई सूचना नहीं थी। मदीना पहुंचते ही राहुल गांधी ने खेतों में जाकर किसानों से धान की किस्मों, इस क्षेत्र में होने वाली पैदावार तथा प्रति एकड़ झाड़ तथा पानी के बारे में जानकारी ली। इसके बाद राहुल गांधी ने खुद ट्रैक्टर का स्टेयरिंग संभाला और करीब दो घंटे तक खेतों में ट्रैक्टर चलाकर खेत तैयार किया। राहुल गांधी के गांव मदीना में आगमन को लेकर जैसे ही पुलिस को पता चला तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बरोदा विधानसभा से कांग्रेस विधायक इंदुराज को भी राहुल गांधी के दौरे की कोई खबर नहीं थी। जिसके चलते वह काफी देरी से मदीना पहुंचे लेकिन खेतों से बाहर खड़े होकर राहुल गांधी का इंतजार करते रहे और राहुल गांधी किसानों के साथ काम करने में जुटे रहे। हरियाणा पुलिस के सीआईडी विंग के अनुसार राहुल गांधी का पहले दिल्ली से वाया पानीपत होते हुए शिमला जाने का कार्यक्रम था लेकिन आज सुबह इसमें बदलाव करके वाया सोनीपत गोहाना किया गया।

# तीसरी बार शादी करेंगी राखी सावंत

**मुंबई।** ड्रामा क्वीन के नाम से मशहूर एक्ट्रेस राखी सावंत अपने अनोखे अंदाज के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने टमाटर के दाम बढ़ने पर नाराजगी जताई थी। अब यह बात सामने आई है कि राखी एक बार फिर से अपने लिए पति की तलाश कर रही हैं। रितेश और आदिल खान के बाद राखी ने तीसरी बार शादी करने की इच्छा जताई, जिसका वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राखी के इस वीडियो को देखने के बाद नेटिजन्स ने उनकी तुलना उर्फी जावेद से कर दी है। राखी सावंत का यह वीडियो सेलिब्रिटी फोटोग्राफर ने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में राखी भरी बारिश में अपने ही सिर पर अंडे तोड़ती नजर आ रही हैं। साथ ही ऐसा करते हुए राखी कह रही हैं कि मुझे एक अच्छा पति मिल जाए। वह पूछती नजर आ रही हैं कि बाबा, मैंने सारे अंडे तोड़ दिए, मेरे पति कहां हैं। इस बारे में पैपराजी से बात करते हुए राखी ने कहा कि अगर मैं अपने सिर पर 5 अंडे फोड़ लूं तो मुझे अच्छा पति मिलेगा। अब



यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि राखी के वीडियो को नेटिजन्स ने ट्रोल किया है। एक नेटिजन ने राखी की तुलना उर्फी से करते हुए लिखा कि उर्फी उनसे बेहतर हैं।

### कार्तिक आर्यन ने मुंबई में खरीदा आलीशान घर

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन अपनी पर्सनल लाइफ के चलते लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने हाल ही में एक नया घर खरीदा है और इसे लेकर चर्चाएं गर्म हैं। काफी समय से कार्तिक एक्टर शाहिद कपूर के घर में किराए पर रह रहे थे। तीन साल पहले जनवरी महीने में उन्होंने शाहिद का मकान किराए पर लिया था। इस घर के लिए वह 7.5 लाख रुपये मासिक किराया दे रहे थे। अब यह बात सामने आई है कि कार्तिक ने नया घर खरीदा है। कार्तिक ने जुहू स्थित प्रेसीडेंसी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी की सिद्धिविनायक बिल्डिंग में 1916 वर्ग फीट का अपार्टमेंट खरीदा है। इस अपार्टमेंट की कीमत 17.50 करोड़ रुपये है। कार्तिक ने जो नया अपार्टमेंट खरीदा है, उसकी 8वीं मंजिल पर उनकी मां माला रहती हैं। कार्तिक इस नए घर में कब शिफ्ट होंगे, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है।

### टैगोर की भूमिका निभाएंगे अनुपम खेर

**नयी दिल्ली।** मशहूर अभिनेता अनुपम खेर अपनी आने वाली फिल्म में रविन्द्रनाथ टैगोर का किरदार निभाते हुए नजर आयेंगे।

अभिनेता खेर, द कश्मीरी फाइल्स जैसी मशहूर हिट फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। उन्हें अपनी आने वाली फिल्म में रवींद्रनाथ टैगोर की मुख्य भूमिका निभाने का मौका मिला है। अभिनेता खेर ने शुक्रवार को अपने इंस्ट्राग्राम पर फिल्म से संबंधित अपने पहले लुक को साझा किया। उन्होंने लिखा कि मैं गुरुदेव का किरदार निभाने का अवसर पाकर बहुत खुश हूं। मैं इस फिल्म में अभिनय कर अपने आप को बहुत भाग्यशाली मानता हूं।ह्व गुरुदेव के नाम से लोकप्रिय रवीन्द्रनाथ टैगोर एक कवि, दार्शनिक और निबंधकार थे। गुरुदेव को भारत और बंगलादेश का राष्ट्रगान लिखने के लिए भी जाना जाता है।

VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# नशामुक्त समाज की मुहिम के साथ खबर मन्त्र



# व्यक्ति, परिवार और समाज की मजबूती पर ही निर्भर है देश का विकास और यह संभव है नशा मुक्त राष्ट्र से

एनके मुरलीधर

**किसी** भी समाचार पत्र के लिए खबर का प्रकाशन मात्र ही उसकी जिम्मेवारी नहीं है। खबर मन्त्र ने अपने प्रकाशन के आरंभ से आज दस साल पूरे होने और 11 वे वर्ष में प्रवेश करने के क्रम ही एक उन्नत राष्ट्र नशा मुक्त शुचिता युक्त राज्य के निर्माण की दिशा में काम किया। इस समाजिक कार्य के क्रम में देश के युवाओं को नशा मुक्त समाज के महत्व को समझाने के लिये झारखंड के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजो शिक्षण संस्थाओं, प्रशिक्षण संस्थाओं से लेकर ग्राम पंचायत तक नशा की समस्या को गंभीरता से लिया। इसी क्रम में हर परिवार हो नशा मुक्त अभियान के क्रम में बच्चों से संवाद, प्रेरणा और इसके दुष्परिणाम पर विमर्श किया गया।

नशा नाश का घर है जैसे विषयों पर बच्चों ने पेटिंग बनाकर अपने मन के भावनाओं को बड़ें ही सुदंर तरीके से अभिव्यक्त किया। इसी क्रम में खबर मन्त्र के सीनियर सब एडिटर मुरलीधर ने बच्चों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें पंजाब से लेकर पूर्वी राज्यों एवं झारखंड के ग्रामीण इलाकों में नशा की समस्या और उसके असर पर विशेष जानकारी प्रदान की। इस क्रम में बच्चों ने सवाल भी किया जिसका जबाव विशेषज्ञों ने दिया।

नशा से होने वाले नुकसान और दुर्धटना को भी छात्रों ने बड़ी गंभीरता से उठाया। समस्या ही नहीं उसके सॉल्यूशन पर भी बात की। नशा गिरफ्त में आ रहे युवाओं को सचेत करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम और नाटक के माध्यम से भी बच्चों ने प्रभावी प्रस्तुति कर खबर मन्त्र के मुहिम को नयी दिशा दी।

### 16 करोड़ लोग करते हैं शराब का सेवन

केंद्र सरकार का पक्ष रख रही अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ को बताया कि शीर्ष अदालत के 2016 के फैसले के बाद भारत में मादक पदार्थों के उपयोग की सीमा और पैटर्न पर एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण किया था।

## अंकल जी, भैया जी, पापा जी आप लोगों की नशा की आदत से हमारी जिंदगी...






सुप्रीम कोर्ट में नशे को लेकर सरकार द्वारा दिया गया एक जवाब चिंता बढ़ाने वाला है। देश में बच्चों में बढ़ती नशे की लत एक गंभीर समस्या बन चुकी है। सरकार को शीर्ष अदालत के एक आदेश के बाद किए गए एक सर्वेक्षण के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश में 10 से 17 साल की उम्र के 1.58 करोड़ बच्चे नशीले पदार्थों के आदी हैं। ये बच्चे और किशोर अल्कोहल, अफीम, कोकीन, भांग सहित कई तरह के नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। सरकार ने यह भी कहा कि शराब भारतीयों द्वारा सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला साइकोएक्टिव पदार्थ है, इसके बाद भांग और नशीली दवाएं हैं।

शीर्ष अदालत में सरकार द्वारा दिए गए जवाब के मुताबिक, देश के लगभग 16 करोड़ लोग शराब का सेवन करते हैं और 5.7 करोड़ से अधिक व्यक्ति हानिकारक शराब पीते हैं। वहीं, लगभग 3.1 करोड़ व्यक्ति नशे के लिए भांग उत्पादों का उपयोग करते हैं। साथ ही लगभग 25 लाख लोग भांग की लत से पीड़ित हैं। जबकि 2.26 करोड़ लोग नशीली दवाओं का उपयोग करते हैं। इसके साथ ही लगभग 77 लाख व्यक्तियों को नशीली दवाओं के सेवन से होने वाली समस्याओं से मदद की जरूरत है।

नशा, नाश का द्वार है। उन्होंने कहा कि नशे की लत व्यक्ति को सबसे पहले परिवार से दूर करती है। साथ ही अपनी बुरी आदत की वजह से पीड़ित आर्थिक तंगी की दौर से गुजरता है, जिसकी वजह से उसमें नकारात्मक भाव पैदा होते है और समय के साथ उसके करीबी मित्र भी उसका साथ छोड़ देते हैं। काफी संख्या में युवा नशा कर रहे हैं। उन्हें जागरूक होना होगा। इसके लिए इस तरह कि जागरूकता कार्यक्रम हर क्षेत्र में करानी चाहिए। नशामुक्ति अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जाना आज जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशा के सेवन से आज हर घर परिवार प्रभावित हैं तथा इसका सबसे बुरा प्रभाव भावी पीढ़ी पर पड़ रहा है।

## खबर मन्त्र की सामाजिक शुचिता के मुहिम के 10 साल













### प्राचार्य के विचार

## शिक्षा के क्षेत्र में खबर मन्त्र का बेहतरीन योगदान : एसके मिश्रा



**आधुनिक युग में** शिक्षा और ज्ञान प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षा प्रणाली में नवीनतम तकनीकों का उपयोग करने से छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में नवीनतम और आविष्कारिक विचारों से अवगत कराया जा सकता है। छात्रों के माध्यम से देश का भविष्य सुनिश्चित रूप से निर्माण होता है। छात्र देश के नवाचार, विज्ञान, तकनीक और सामरिक क्षेत्र में नई प्रगति के केंद्र होते हैं।

खबर मन्त्र के 10 वर्ष पूर्ण होने की कामयाबी के पीछे शहर, राज्य और देश का बहुत बड़ा सहयोग है। इसलिए, देश के भविष्य को मध्य नजर रखते हुए, हम रांची शहर के स्कूलों में जा कर वहां के छात्रों और प्रिंसिपलों से बातचीत की और उनकी रुचि व देश के नई शिक्षा नीति के बारे में उनके क्या विचार है, उनके बारे में जाना।

एसआर डीएवी, पुंदाग के नौंवी कक्षा के छात्रों में एक अलग ऊर्जा व जज्बा था। इनाया ने हमें बताया कि कैसे उनकी रुचि ज्योतिष विज्ञान में है और वे आर्यभट और उनकी खोजों से प्रेरणा लेती है। पुरातत्वविद् मानव सभ्यताओं के इतिहास और हमारे ग्रह के विकास को समझने और पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुरातत्वविद् ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की कलाकृतियों, संरचनाओं और स्थलों की खुदाई और संरक्षण के लिए अथक प्रयास करते हैं। और कभी कभार ही ऐसा होता है जब हम सुनते है की छात्र को पढ़ लिख कर पुरातत्त्वविद् बनना और हमारे देश के इतिहास को जानना है। सांची जो इतिहास विषय में बहुत रुचि रखती है और खबर मन्त्र व पत्रकारिता की तरफ इच्छुक है, उन्होंने बताया कि वे खबर मन्त्र की हर एक खबर को समर्पित रूप से पढ़ती हैं ताकि वे देश की खबरों से परिचित रहे। सारे छात्रों की रुचि की विविधता देख कर ऐसा लगा कि हमारे देश का भविष्य सही राह पर है।

यदि छात्रों को सुगमता से शिक्षा, अध्ययन और विकास के अवसर मिलते हैं, तो वे उन्नति की ओर बढ़ेंगे और देश के लिए उच्चतम मानव संसाधन बन सकते हैं।

किसी भी देश के विकास में जैसे शिक्षा का हाथ होता है, ठीक वैसे ही शिक्षा को अच्छे ढंग से प्रसार करने के पीछे शिक्षक व शिक्षा स्थल के प्रिंसिपल का हाथ होता है। ऐसे ही कर्मठ व निपुण प्रिंसिपल, डॉक्टर एसके मिश्रा से हमने बात की। इन्हें 2022 में एपीजे अब्दुल कलाम बेस्ट प्रिंसिपल मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

**सवालः** आप यह स्कूल से किस साल में जुड़े?

ऐसे तो मेरा कई सालों का अनुभव है मगर एस.आर. डीएवी का प्रिंसलपल मैं इसी साल 1 अप्रैल को बना।

**सवालः** अच्छा तो आप शिक्षा के क्षेत्र से इतने साल से जुड़े हैं तो कुछ मुख्य बदलाव जो आपको खासतौर पर पसंद आया हो? इससे अतिरिक्त नई शिक्षा नीति पर आपके क्या विचार हैं?



### नयी शिक्षा नीति प्रभावी और युवाओं के हित में

**सवालः** नई शिक्षा नीति आज के नए दौर के लिए काफी फायदेमंद है। हमारे प्रधान मंत्री जी ने जो कुशल शिक्षा पर जो दबाव दिया है ये काफी लाभदायक होगा हमारे देश के भविष्य के लिए। नई शिक्षा नीति के अनुसार यह स्पष्ट कर दिया गया है कि हर छोटे बच्चे को पहली कक्षा से पहले तीन स्तर पर पढ़ाई करनी होगी (नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी) और छोटे उम्र में ही मातृ भाषा की विशेषता सिखाई जायेगी, इससे बच्चे अपने संस्कृति से जुड़े रहेंगे। इस नीति के द्वारा प्रशिक्षण के वर्ष भी चुनने की छूट दी गयी है, जिससे बच्चों को अपने शिक्षा में स्वतंत्रता मिले। इससे छात्रों का समावेशी विकास होगा।

**सवालः** आपके विचार में कोरोना के बाद छात्रों में कोई बदलाव देखने को मिला है?



जरूर मिला है। छात्रों की लिखने की आदतें खत्म हो गई हैं और अब वे शारीरिक कक्षाओं में भाग लेने में रुचि नहीं रखते हैं उनकी एकाग्रता में कमी आई है और वे अब पहले की तरह अनुशासित नहीं रहते। छोटे बच्चे विशेष रूप से इससे पीड़ित हैं। वे अब कक्षा के माहौल में उस तरह नहीं ढल रहे हैं जैसा उन्हें होना चाहिए और युवा छात्रों के व्यवहार में बहुत धीमी गति से सुधार हुआ है। वे पहले की तरह नहीं सीख रहे हैं

**सवालः** खबर मन्त्र के माध्यम से आप कोई संदेश देना चाहते हैं?

पहले तो बहुत बहुत बधाई खबर मन्त्र की पूरी टीम को। मैं बस यही कहना चाहता हूं कि रांची एक शिक्षा विकसित शहर है। कई वर्षों से हमारा शहर अपने सर्वोत्तम स्कूल और स्कूली शिक्षा प्रणाली के लिए प्रसिद्ध है। मैं प्रत्येक छात्र से अनुरोध करता हूं कि वे अपनी जिम्मेदारियों के प्रति वफादार रहें और रांची और झारखंड को गौरवान्वित करें और देश के जिम्मेदार नागरिक बनें।

**(प्रस्तुति : अनुष्का चौधरी प्रशिक्षु पत्रकार संत जोसेफ यूनिवर्सिटी बंगलुरू)**